शेयर बाजार
सेंसेक्स 78,499.17 -455.59 (-0.58%)
निफ्टी 24,570.65 -65.35 (-0.27%)
सर्राफा बाजार प्रति 10 ग्राम
24 carat
सोना 1,45,850.00
चांदी 2500.00

सूर्योदय प्रातः 5:21 सूर्यास्त संध्या 6:27 पखवाड़ा श्रावण कृ. दशमी, संवत 2083 तापमान अधिकतम 28° न्यूनतम 23°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि
रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित





रांची, शनिवार, 08 अगस्त 2026, वर्ष : 17, अंक : 175, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


# पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार नहीं हर नागरिक की जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री

- 77वें राज्यव्यापी वन महोत्सव-2026 में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन, मौके पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का दिया संदेश
- मुख्यमंत्री ने वन संरक्षण, जैव विविधता संवर्द्धन एवं सामुदायिक वन प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देनेवाले राज्य के विभिन्न वन प्रमंडलों के 20 वन मित्रों एवं समिति प्रतिनिधियों को किया सम्मानित
- मुख्यमंत्री ने 03 नये वाहनों को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना
- हर नागरिक से एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाने का किया आह्वान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन शुक्रवार को खेलगांव, रांची स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित 77वें राज्यव्यापी वन महोत्सव-2026 में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों तथा वृक्षारोपण के महत्व पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की बढ़तीं चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण पर्यावरण संतुलन बनाये रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन विश्व की सबसे गम्भीर और चिन्ताजनक चुनौतियों में से एक बन चुका है। इसके प्रभाव अब केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन, कृषि, जल संसाधनों, जैव विविधता और समग्र विकास प्रक्रिया पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधनों के साथ लगातार हो रहे हस्तक्षेप, अंधाधुंध दोहन तथा अनियोजित विकास गतिविधियों के कारण जलवायु में व्यापक परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगीकरण, खनन गतिविधियों, शहरीकरण और विकास से जुड़े विभिन्न कार्यों का पर्यावरण पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में विकास की गति को बनाये रखते हुए पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्द्धन के बीच संतुलन स्थापित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विकास तभी सार्थक होगा, जब वह प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए आगे बढ़े।

उन्होंने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण के साथ अनावश्यक छेड़छाड़ से बचना होगा तथा जल, जंगल और जमीन जैसे अमूल्य संसाधनों का विवेकपूर्ण एवं जिम्मेदार उपयोग सुनिश्चित करना होगा। आनेवालीं पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण प्रदान करने के लिए आज से ही ठोस कदम उठाने होंगे। वृक्षारोपण, वन संरक्षण, जल संरक्षण और जैव विविधता के संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ना अत्यन्त आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक और सामाजिक दायित्व है। जब तक आमजन इस दिशा में सक्रिय भागीदारी नहीं निभायेंगे, तब तक जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौती का प्रभावी समाधान सम्भव नहीं होगा।

उन्होंने सभी लोगों से पर्यावरण संरक्षण को जनआन्दोलन का स्वरूप देने तथा हरित एवं समृद्ध भविष्य के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

● शेष पृष्ठ 11 पर



## मुख्यमंत्री ने कहा

- जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के साथ ही सम्भव है समृद्ध और संतुलित झारखंड का निर्माण
- जलवायु परिवर्तन सबसे बड़ी चुनौती, विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन ही सतत भविष्य की असली कुंजी
- जलवायु परिवर्तन का मानव जीवन के साथ वन्यजीवों पर भी गम्भीर असर

## झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र का दूसरा दिन

# छाया रहा जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी का मुद्दा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन शुक्रवार को जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी का मुद्दा छाया रहा। विपक्षी सदस्यों के हंगामे और नारेबाजी के कारण विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही पहले दोपहर 12.30 बजे तक और बाद में सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड के छात्र और युवा बारिश के बीच सड़कों पर आन्दोलन कर रहे हैं। राज्य में जेपीएससी की जितनी भी परीक्षाएं हुई हैं, उनमें गड़बड़ी के आरोप सामने आये हैं। इसी तरह जेएसएससी की परीक्षाओं में भी अनियमितताओं की शिकायतें सामने आयी हैं।

मरांडी ने राज्य सरकार से जेपीएससी और जेएसएससी की सभी परीक्षाओं की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य से जुड़े इस मामले में किसी भी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए।

इस पर संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि अनुपूरक बजट पेश होने के बाद सत्र का पर्याप्त समय बचा हुआ है। इसलिए इस मुद्दे पर बाद में भी चर्चा करायी जा सकती है। वहीं, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि छात्रों की मांगों के साथ सत्ता पक्ष भी खड़ा है।

इसी दौरान विपक्षी सदस्य सदन के वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने सदस्यों से शांत रहने और अपनी-अपनी सीट पर लौटने की अपील की।

● शेष पृष्ठ 11 पर



## राजग विधायकों का प्रदर्शन मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग

**झारखंड** विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विधायकों ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की परीक्षाओं में कथित धांधली और पेपर लीक के मामलों को लेकर विधानसभा परिसर के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी विधायकों ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के इस्तीफे की मांग की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के विधायक हाथों में तख्तियां लेकर ● शेष पृष्ठ 11 पर

## हंगामे के बीच झारखंड विधानसभा में 8,399 करोड़ का प्रथम अनुपूरक बजट पेश

**झारखंड** विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान शुक्रवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विपक्ष के हंगामे के बीच वित्तीय वर्ष 2026-27 का प्रथम अनुपूरक बजट पेश किया। अनुपूरक बजट का कुल आकार 8,399 करोड़ 31 लाख 11 हजार रुपये है। विधानसभा में बजट पेश किये जाने के दौरान विपक्षी सदस्य जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### खाई में गिरी कार पांच लोगों की मौत


**पौड़ी :** पौड़ी-देवप्रयाग मोटर मार्ग पर कुण्डाधार के समीप डंपिंग जोन के पास शुक्रवार को एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक व्यक्ति घायल बताया गया है। आपदा नियंत्रण कक्ष पौड़ी के अनुसार, कार में कुल सात लोग सवार थे। दुर्घटना में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं, एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल है, जिसे पहले पुलिस ने बागी अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसकी गम्भीर हालात को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### नये सांसदों से प्रधानमंत्री मोदी ने की मुलाकात

**सोशल मीडिया के प्रभावी इस्तेमाल पर जोर**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हुए लोकसभा के सांसदों से नाश्ते पर मुलाकात की। इस मुलाकात में शिवसेना (शिंदे) के 07, एनसीपीआई के 20, एनसीपी (अजीत पवार) के 02, उपेन्द्र कुशवाहा समेत करीब 45 सांसद शामिल हुए। इस दौरान राजग में शामिल हुए सभी नये सांसदों को प्रधानमंत्री ने संसद में सक्रिय रूप से भाग लेने और स्वास्थ्य सहित कई मुद्दों पर बात की। प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों को अपने संसदीय क्षेत्र के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए सत्ता के प्रभावी इस्तेमाल की सलाह दी।

## कार्टून कोना




## दीक्षांत समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को दिल्ली स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के 57वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर मेधावी छात्रों को सर्वोच्च सम्मान प्रदान करेंगे। इस दौरान वह सोनीपत परिसर में स्थापित एआई-संचालित उच्च-प्रदर्शन सुपरकंप्यूटिंग सुविधा परम प्रज्ञा का उद्घाटन भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी समारोह के दौरान डिग्री प्राप्त करनेवाले 587 पीएचडी शोधार्थियों सहित तीन हजार से अधिक स्नातक छात्रों को सम्बोधित करेंगे। साथ ही, मेधावी छात्रों को संस्थान के सबसे प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान करेंगे। इनमें राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक, निदेशक का स्वर्ण पदक, शंकर दयाल शर्मा स्वर्ण पदक और परफेक्ट टेन स्वर्ण पदक शामिल हैं। प्रधानमंत्री आईआईटी दिल्ली के सोनीपत परिसर में स्थापित कृत्रिम बुद्धिमत्ता से संचालित उच्च-प्रदर्शन सुपरकंप्यूटिंग सुविधा 'परम प्रज्ञा' का उद्घाटन करेंगे। इस अत्याधुनिक सुविधा से संस्थान की कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा विज्ञान, उन्नत कम्प्यूटिंग और अंतःविषयक अनुसंधान क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

## राज्य सरकार के मंत्रियों की कमेटी व छात्रों के बीच वार्ता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची के मोरहाबादी स्थित स्टेट हाउस में आन्दोलनरत छात्रों और झारखंड सरकार के मंत्रियों की कमेटी के बीच शुक्रवार शाम वार्ता हुई। सरकार के मंत्रियों में सुदिव्य कुमार, दीपिका सिंह, चमरा लिंडा ने छात्रों की मांगों को सुना। इससे पहले शुक्रवार को दिन में रांची एसडीओ ने जयपाल स्टेडियम में आन्दोलन कर रहे छात्रों से मुलाकात की थी। उन्होंने छात्रों को बताया था कि प्रतिनिधिमंडल में कोई भी राजनीतिक व्यक्ति नहीं होने चाहिए। छात्रों को ही प्रतिनिधिमंडल में शामिल करें। इसके बाद छात्रों ने दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का गठन कर सरकार को सूचना दी, जिसके बाद सरकार की तरफ से छात्रों को वार्ता के लिए बुलाया गया था। दोनो पक्षों की ओर से बताया गया है कि वार्ता सकारात्मक रही।

### तबीयत बिगड़ने पर अनशनकारी को भेजा गया अस्पताल



**झारखंड** में 14वें जेपीएससी, जेएसएससी-सीजीएल सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की जांच और परीक्षाएं रद्द करने की मांग को लेकर जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम, रांची में छात्र-अभ्यर्थियों ● शेष पृष्ठ 11 पर

## उपराष्ट्रपति 8-9 अगस्त को अंडमान-निकोबार दौरे पर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन 08 और 09 अगस्त को दो दिवसीय अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के दौरे पर जायेंगे। इस दौरान वह श्री विजयपुरम स्थित सेल्युलर जेल राष्ट्रीय स्मारक में स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे तथा 'हर घर तिरंगा' अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार उपराष्ट्रपति 08 अगस्त को श्री विजयपुरम स्थित सेल्युलर जेल राष्ट्रीय स्मारक पहुंचेंगे, जहां वह शहीद स्तंभ पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, स्वातंत्र्य ज्योति पर सम्मान प्रकट करेंगे और वीर सावरकर की कोठरी का अवलोकन करेंगे। इसके बाद वह भारत के स्वतंत्रता संग्राम और वीर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान पर आधारित लाइट एंड साउंड शो भी देखेंगे। दौरे के दूसरे दिन 09 अगस्त को उपराष्ट्रपति श्री विजयपुरम के फ्लैग प्वाइंट पर राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर 'हर घर तिरंगा' अभियान में भाग लेंगे।

## पीएम मोदी के संकेत, परिसीमन बिल जल्द सम्भव

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विश्वास है कि केन्द्र के बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण बिल और परिसीमन बिल को लोकसभा में पारित करने के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के पास पर्याप्त समर्थन मौजूद है। सरकार के सूत्रों ने दावा किया है कि सरकार को इन महत्त्वपूर्ण विधेयकों के लिए लगभग 366 सांसदों का समर्थन मिल चुका है। सूत्रों के मुताबिक, यदि मौजूदा मॉनसून सत्र में इन विधेयकों को पेश नहीं किया जा सका, तब इन्हें पारित कराने के लिए इस महीने संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जा सकता है।



यह अहम जानकारी शुक्रवार को एनडीए सांसदों की नाश्ते पर हुई विशेष बैठक के दौरान सामने आयी। इस बैठक में केन्द्र सरकार ने संसद के सुचारु कामकाज सुनिश्चित करने के लिए विपक्ष से जारी सम्पर्क पर भी चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट संकेत दिया है कि केंद्र सरकार के पास परिसीमन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक संख्या बल है, जो करीब 366 लोकसभा सांसदों के समर्थन से पुष्ट होता है।

## छात्रों को सम्बोधित करने प्रयागराज जायेंगे राहुल

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को छात्रों को संबोधित करने उत्तर प्रदेश के शहर प्रयागराज जायेंगे। यह जानकारी राहुल गांधी ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर दी। उन्होंने कहा, 'मैं कल प्रयागराज जाऊंगा। यहां के केपी ग्राउंड में रोजगार और छात्रों पर कथित लाठीचार्ज को लेकर लोगों से बातचीत करूंगा। यह वह शहर है, जहां सबसे अधिक युवा तैयारी करते हैं।' उन्होंने स्पष्ट किया है कि कमी छात्रों में नहीं, बल्कि सिस्टम में है, जो आपकी (छात्रों) कोशिशों का सही फल नहीं देता।

## इनामी माओवादी सालुका सहित तीन ने डाले हथियार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम में माओवाद विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन के तीन सक्रिय सदस्यों ने शुक्रवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करनेवालों में 10 लाख रुपये का इनामी जोनल कमेटी सदस्य सालुका कायम उर्फ सालुका उर्फ डांगिल उर्फ मारू उर्फ भुवनेश्वर कायम तथा दो महिला माओवादी पिंकी और कोदोमुनी कोड़ा शामिल हैं। तीनों के आत्मसमर्पण कोल्हान क्षेत्र में माओवादी संगठन के कमजोर पड़ते नेटवर्क के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक अमित रेनू ने आत्मसमर्पण की पुष्टि करते हुए बताया कि तीनों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने मामले में विस्तृत जानकारी बाद में साझा किये जाने की बात कही। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, तीनों आत्मसमर्पित माओवादियों के खिलाफ कुल 109 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें अकेले सालुका कायम के खिलाफ 96 मामले दर्ज हैं।



दो महिला माओवादी भी मुख्यधारा में लौटीं, तीनों पर कुल 109 मामले दर्ज

## राज्यसभा में अमित शाह की मौजूदगी की मांग पर किरेन रिजिजू का जवाब, बोले

# मंत्री कब सदन में आयेंगे, यह विपक्ष तय नहीं कर सकता

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में शुक्रवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी की मांग को लेकर विपक्ष के विरोध पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह तय नहीं कर सकता कि कोई मंत्री सदन में कब आयेगा। रिजिजू ने स्पष्ट किया कि राज्यसभा के सभापति ने किसी मंत्री को सदन में मौजूद रहने के कोई निर्देश नहीं दिये हैं।

रिजिजू ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि गृह मंत्री अमित शाह सुबह से ही संसद में मौजूद रहते हैं। हालांकि, किसी मंत्री का सदन में आना उस समय के निर्धारित कामकाज पर निर्भर करता है। यदि उनके मंत्रालय से संबंधित कोई कार्य सूचीबद्ध होता है, तभी मंत्री का सदन में उपस्थित होना आवश्यक होता है।

उन्होंने कहा कि राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने किसी मंत्री को सदन में उपस्थित रहने के निर्देश नहीं दिये हैं। रिजिजू का यह बयान विपक्ष की ओर से गृह मंत्री अमित शाह को सदन में बुलाने की लगातार मांग के बीच आया। दरअसल, 06 अगस्त को राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने संसदीय कार्य मंत्री से विपक्ष की मांग को गृह मंत्री तक पहुंचाने को कहा था। सभापति ने कहा था कि विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे समेत विपक्षी सदस्य गृह मंत्री की सदन में मौजूदगी की मांग कर रहे हैं। उन्होंने रिजिजू से विपक्ष की भावनाओं को गृह मंत्री तक पहुंचाने का आग्रह किया था।

इससे पहले राज्य सभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने सभा की कार्यवाही शुरू करते हुए भारत छोड़ो आन्दोलन की 84वीं वर्षगांठ का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि 09 अगस्त 2026 को ऐतिहासिक भारत छोड़ो आन्दोलन की 84वीं वर्षगांठ है। यह आन्दोलन भारत के स्वतंत्रता संग्राम का एक निर्णायक पड़ाव था।

- राज्यसभा में हंगामे के बाद सभा सोमवार तक के लिए स्थगित



### हंगामे के बीच एमएसएमई संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित

**संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही 10 अगस्त तक स्थगित**

**विपक्ष** के हंगामे के बीच लोकसभा ने शुक्रवार को 'सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक, 2026' को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके बाद लगातार जारी शोर-शराबे और नारेबाजी के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही 10 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। लोकसभा की कार्यवाही प्रारम्भ होने पर अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि 09 अगस्त को भारत छोड़ो आंदोलन की 84वीं वर्षगांठ है। वर्ष 1942 में इसी दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देशवासियों को 'करो या मरो' का मंत्र दिया था। भारत छोड़ो आन्दोलन देश की एकता, अदम्य साहस तथा अन्याय के विरुद्ध सत्य और अहिंसा पर आधारित संघर्ष का अमर प्रतीक है।

## एक झलक

### युवा आजसू के अधिवेशन को लेकर सैकड़ों कार्यकर्ता हुए जमशेदपुर रवाना



**गोला (रामगढ़) :** युवा आजसू अधिवेशन को लेकर आज रामगढ़ जिले से युवा आजसू के सैकड़ों कार्यकर्ता जमशेदपुर के लिए रवाना हुए। रामगढ़ जिला प्रभारी पियूष चौधरी के निर्देश पर कार्यकर्ताओं में अधिवेशन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर युवा आजसू जिला प्रभारी विशु रजवार ने कहा कि युवा आजसू अधिवेशन युवाओं को संगठन से जोड़ने, उनकी समस्याओं को मजबूती से उठाने तथा झारखंड के विकास में युवाओं की भूमिका को और मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच है। रामगढ़ जिले से बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी संगठन के प्रति कार्यकताओं के उत्साह और समर्पण को दशार्ती है। जमशेदपुर रवाना होने वाले प्रमुख कार्यकताओं में अजय कुमार महतो, अरुण दांगी, रुपेश महतो, राजेश, रितेश महतो, छोटेलाल प्रसाद, सूरज सिंह, प्रफुल्ल पटेल, कुमार महेंद्र महतो, अक्षय कुमार महतो, विनय नायक, विक्की कुशवाहा, प्रीत कुमार, बिक्की सोनकर, अमर नायक, मुकेश रजक, दीपक महथा, लाली करमाली, सूरज कुमार महतो, केवल कुमार, शत्रुघ्न महतो, गणेश, लालू महतो, मंतोष महतो, धर्मवीर महतो, दिवाकर चौधरी, अखिलेश महतो, प्रेम महतो सहित सैकड़ों युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बेड़ो से कांवरियों का जत्था रवाना



**बेड़ो :** बेड़ो से कांवरियों का एक जत्था शुक्रवार को रवाना हुए ।इसके पूर्व कांवरियों ने महादानी बाबा की पूजा अर्चना व आराधना कर उनके दरबार में मत्था टेका। साथ ही क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना किया। जत्था का नेतृव कर रहे रोहित सिंह ने बताया कि यह जत्था सुल्तान गंज से देवघर बैद्यनाथ धाम बासुकीनाथ जाएंगे। यात्रा में अनूप कुमार महतो, रोहित कुमार, अनुज महतो, उपेंद्र कुमार, अनीश प्रजापति, बजरंग कुमार, जितेंद्र कुमार, सुभाष प्रजापति, अमन कुमार, दिलीप कुमार, रितेश गोप व शिवम गोप शामिल है।

### पार्षद आलिया नाज ने किया लालपुर रांची में अमृततुल्य का उद्घाटन



**रांची :** रांची स्थित लालपुर में अश्विनी अमृततुल्य खुल गया है। इस शाखा का शुभारंभ सह उद्घाटन आज संपन्न हो गया है। जिसका उद्घाटन रांची वार्ड 11 की पार्षद आलिया नाज ने किया। अश्विनी अमृततुल्य एक प्रसिद्ध चाय फ्रेंचाइजी है जो अपने विभिन्न प्रकार के चाय के लिए मशहूर है। जिसमें गुड़ चाय, मसाला चाय, लेमन टी, कुल्हड़ चाय, शुगर फ्री चाय, तुलसी टी, चॉकलेट शेक, बादाम केसर मिल्क साथ ही केक, पेस्टी, पेटिस आदि मिलेंगे। इस पर पार्षद आलिया नाज ने कहा अब लोगों को चाय पीने के लिए इधर उधर जाना नहीं पड़ेगा जिस जगह पर यह अमृतुल्य आउटलेट खुला है यहां के लोगों को इसकी आवश्यकता थी। अब मेरे भी वार्ड 11 के जनता के लिए काफी सुविधा हो गई है। वहीं अश्विनी अमृतुल्य के संचालक मोहम्मद जिशान व मोहम्मद आलीशान ने बताया कि यह चाय प्रेमियों का चार्जिंग पॉइंट है। इस अवसर पर अश्विनी अमृतुल्य के संचालक मोहम्मद जिशान, मोहम्मद अलिशान, अशोक कुमार, झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, मोहम्मद जमाल कुरैशी, जावेद कुरैशी, रट प्लाईवुड के ओनर सदाम कुरैशी, मोहम्मद शकील, शबनम मुजीब, मोहम्मद फरहान, वसीम अकरम, रोनित साहू, दानिश, समीर, सादिक सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### रामगढ़ टाउन हॉल में आयोजित किया जायेगा जिला स्तरीय आदिवासी महोत्सव

# उपायुक्त ऋतुराज ने बैठक में की तैयारियों की समीक्षा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 09 अगस्त 2026 को टाउन हॉल में जिला स्तरीय आदिवासी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने कार्यक्रम की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय आदिवासी महोत्सव जिले की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, परंपरा, कला एवं विरासत को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। ऐसे में कार्यक्रम का आयोजन गरिमापूर्ण, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक ढंग से किया जाए। उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, विद्युत एवं पेयजल, साफ-सफाई, सुरक्षा, पार्किंग, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संचालन, अतिथियों के स्वागत तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए पूरी तत्परता से कार्य करने को कहा। बैठक के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, पारंपरिक लोकनृत्य एवं संगीत, आदिवासी संस्कृति एवं हस्तशिल्प के प्रदर्शन सहित कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य आदिवासी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण, संवर्धन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार करना है, ताकि नई पीढ़ी भी अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित हो सके। बैठक में उप विकास आयुक्त, संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कार्यक्रम आयोजन से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## श्री अग्रसेन स्कूल में रवीन्द्र संगीत के बीच मनी टैगोर की पुण्यतिथि



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल में शुक्रवार को विश्वकवि, साहित्यकार और राष्ट्रगान के रचयिता गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को टैगोर के साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक योगदान से परिचित कराना और उनकी विचारधारा को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रवींद्र संगीत रहा। संगीत शिक्षिका मम्पी पॉल के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने टैगोर द्वारा रचित गीतों को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। मधुर संगीत और सामूहिक गायन ने पूरे वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। टैगोर के जीवन एवं कृतित्व पर आधारित भाषण, कविता-पाठ, प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि टैगोर केवल महान साहित्यकार ही नहीं, बल्कि एक ऐसे शिक्षाविद् भी थे, जिन्होंने शिक्षा को प्रकृति, कला, संस्कृति और रचनात्मकता से जोड़ने का प्रयास किया। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि रविंद्रनाथ टैगोर ने साहित्य, संगीत, कला और शिक्षा के माध्यम से भारतीय संस्कृति को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थियों के लिए टैगोर के विचार इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे स्वतंत्र चिंतन, प्रकृति से जुड़ाव और मानवीय मूल्यों की शिक्षा देते हैं।

## 77वें राजकीय वन महोत्सव में टुंडाहुली की सोनी देवी सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** 77वें राजकीय वन महोत्सव के अवसर पर वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड सरकार द्वारा वन संवर्धन एवं संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली समितियों और कार्यकताओं को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में ओरमांझी प्रखंड की टुंडाहुली पंचायत की जैव विविधता प्रबंधन समिति की सक्रिय सदस्य सोनी देवी को वन संरक्षण और जैव विविधता संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। टुंडाहुली पंचायत के आरा केरम जंगल में ग्राम वन प्रबंधन समिति एवं जैव विविधता प्रबंधन समिति द्वारा वर्षों से सामुदायिक सहभागिता के साथ वन एवं वन्यजीव संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने ग्रामीणों को पेड़-पौधों की कटाई रोकने, जंगली जानवरों का शिकार नहीं करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लगातार जागरूक किया। वन रक्षा बंधन जैसे जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से लगभग 70 एकड़ वन क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित की गई, जिससे यह क्षेत्र पूरे राज्य में एक प्रेरणादायी मॉडल बनकर उभरा। सम्मान मिलने पर टुंडाहुली पंचायत के मुखिया रमेश बेदिया ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम वन प्रबंधन समिति पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ वन संरक्षण का कार्य कर रही है। उन्होंने जैव विविधता प्रबंधन समिति की सक्रिय सदस्य सोनी देवी को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे टुंडाहुली पंचायत और ओरमांझी प्रखंड के लिए गौरव की बात है तथा इससे अन्य ग्रामीण समितियों को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरणा मिलेगी।

## बस और मोटरसाइकिल की भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौत

**खूंटी :** मुरहू थाना क्षेत्र में रांची-चाईबासा राष्ट्रीय राजमार्ग-20 पर शुक्रवार दोपहर हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। दुर्घटना मुरहू पेट्रोल पंप के समीप करीब दो बजे हुई। मृतक की पहचान प्रीतम अहीर के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक यात्री बस मुरहू से रांची की ओर जा रही थी। इसी दौरान पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही बाइक और बस के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार प्रीतम अहीर गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही मुरहू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल खूंटी सदर अस्पताल भेजा गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को जब्त कर चालक से पूछताछ शुरू कर दी है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## श्रावण मास में सजा ओरमांझी का भव्य श्रावणी मेला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** श्रावण मास के पावन अवसर पर शुक्रवार को ओरमांझी अंचल मैदान में आयोजित भव्य श्रावणी मेले का शुभारंभ पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में आफताब आलम, मेले के संचालक कुलदीप साहू, अफरोज अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह मेला आगामी एक माह तक चलेगा और क्षेत्रवासियों के लिए मनोरंजन, खरीदारी और पारिवारिक उत्सव का प्रमुख केंद्र बना रहेगा। मेले में हर आयु वर्ग के लोगों के लिए आकर्षक मनोरंजन की व्यवस्था की गई है। जॉइंट व्हील, टोरा-टोरा, ब्रेक डांस, ट्रेन, ड्रैगन राइड, मौत का कुआं और बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले लोगों को खूब लुभा रहे हैं। वहीं खिलौने, बर्तन, आर्टिफिशियल ज्वेलरी तथा खाने-पीने की दर्जनों दुकानों पर भी दिनभर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। यह श्रावणी मेला लगातार तीसरे वर्ष आयोजित किया जा रहा है। आसपास के गांवों और शहर से बड़ी संख्या में लोग परिवार के साथ मेले का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। उद्घाटन समारोह में अंचल अधिकारी उज्ज्वल सोरेन, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, रणधीर चौधरी, अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेंद्र शाही, शिवनाथ मुंडा, आफताब आलम, कुलदीप साहू, अफरोज अंसारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि मेले में सुरक्षा, स्वच्छता और आगंतुकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। श्रावण मास की धार्मिक आस्था और उत्सव की उमंग के बीच यह मेला पूरे ओरमांझी क्षेत्र में आकर्षण और रौनक का केंद्र बन गया है।

## नशा मुक्ति जागरूकता रैली में छात्रों ने गांव में किया व्यापक भ्रमण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू :** रामकृष्णा मिशन आश्रम मोराहबादी व गायत्री परिवार के संयुक्त आयोजन में शुक्रवार को नशा मुक्ति अभियान की जागरूकता प्रभात फेरी का सफल आयोजन हुआ। सन राईज पब्लिक स्कूल, राजकीय मध्य विद्यालय और स्टार प्लस इंटरनेशनल स्कूल, उमेडंडा के विद्यार्थियों ने फेरी निकालकर ग्राम भ्रमण करते हुए लोगों को नशे के दुष्प्रभाव और परिवार पर होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने नशे से संबंधित रोकथाम, समय पर परामर्श और सहायक संस्थाओं की जानकारी भी बांटी। कार्यक्रम के दौरान संतर सिंह, रणवीर कुमार, राजू महाराज, अखिलेश सिंह, बसंत प्रसाद, प्रधानाचार्य संजय कुमार भगत, मनपुरन महतो, अनील कुमार और जागेश्वर मुंडा उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के साथ अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला और समुदाय को नशामुक्त समाज बनाने के लिए सहयोग का आह्वान किया। विद्यालयों के शिक्षकों ने संगठन और मार्गदर्शन में अहम भूमिका निभाई, जिससे रैली सुचारू रूप से पूरी हुई। आयोजन ने स्थानीय लोगों में जागरूकता फैलाई और युवा पीढ़ी को नशा त्यागने व समाज के प्रति जिम्मेदार होने का संदेश दिया।

## जिंदल स्टील पतरातू में सेवा और समर्पण भाव से मनी ओपी जिंदल की 96वीं जयन्ती



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** जिंदल स्टील पतरातू में शुक्रवार को संस्थापक सह प्रख्यात उद्योगपति स्वर्गीय ओ.पी. जिंदल की 96वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह और जनसेवा की भावना के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में महाप्रबंधक संतोष कुमार ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ओ.पी. जिंदल का संपूर्ण जीवन राष्ट्र निर्माण, उद्योग, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समाज सेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि ओ.पी. जिंदल का मानना था कि मजबूत उद्योग केवल आर्थिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि रोजगार, शिक्षा, कौशल विकास और समाज के समग्र उत्थान की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि ओ.पी. जिंदल की दूरदर्शी सोच आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और आधुनिक औद्योगिक विकास की दिशा में उनके विचार सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उद्योग के साथ शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय सेवा को उन्होंने सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दी, जिसे जिंदल समूह आज भी निरंतर आगे बढ़ा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत हनुमान मंदिर में ओ.पी. जिंदल को श्रद्धांजलि अर्पित कर एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम के साथ हुई। इसके पश्चात जिंदल क्लब में जिंदल आशा के बच्चों के साथ केक काटकर उनकी जयंती मनाई गई। उपस्थित सभी लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने तथा राष्ट्र और समाज के विकास में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कुरसे गांव में सिंचाई हेतु सोलर पंप का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर संतोष कुमार, महाप्रबंधक ने कहा कि किसानों को आधुनिक संसाधनों से जोड़कर कृषि को आत्मनिर्भर बनाना ही ओ.पी. जिंदल के ग्राम विकास के सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## पर्यटन विभाग के निदेशक से मिले विधायक रोशन लाल चौधरी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पतरातू :** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने आज झारखंड सरकार के पर्यटन निदेशालय के निदेशक आदरणीय नमन प्रियेश लकड़ा से मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र में पर्यटन विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को मजबूती से रखा। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था एवं ऐतिहासिक-सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध है। इन पर्यटन स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़कर क्षेत्र को पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनाने के साथ-साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा किए जा सकते हैं। प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सोलर बोट, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट, हैंगिंग ब्रिज, ग्लास ब्रिज, रोपवे एवं टॉय ट्रेन जैसी आधुनिक सुविधाओं के विकास की मांग। इसके साथ ही पर्यटन क्षेत्र में युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए राज्य स्तरीय पर्यटन प्रबंधन संस्थान की स्थापना, बूढ़ा महादेव, माँ अष्टभुजी, कंडेर, पाँच वाहिनी, छत्तीसबदन, बरसो पानी एवं ईस्को गुफा सहित प्रमुख धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थलों के समग्र विकास, वन क्षेत्र में लंबित सड़क, पेयजल, गेट, सामुदायिक भवन सहित अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं की योजनाओं को शीघ्र स्वीकृति और पर्यटन को स्थानीय युवाओं, महिलाओं, व्यवसायियों एवं कारीगरों के रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने की मांग रखी गई। विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा है कि बड़कागांव की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए उसे आधुनिक पर्यटन सुविधाओं से जोड़ा जाए और बड़कागांव को झारखंड के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में नई पहचान दिलाई जाए।

## डीएवी विवेकानंद बेड़ो की अंडर-19 गर्ल्स खो-खो टीम बनी चैम्पियन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** बिनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल की अंडर 19 गर्ल्स खो-खो टीम ने इतिहास रच दिया है। गिरिडीह के दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर ~~कक्क~~ खो-खो प्रतियोगिता में डीएवी बेड़ो की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल और ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही टीम ने नेशनल प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। वहीं स्कूल की अंडर 17 गर्ल्स टीम ने भी उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। बिहार व झारखंड की कुल 116 दिग्गज टीमों की उपस्थिति वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में डीएवी विवेकानंद की अंडर 19 टीम ने शुरूआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा। फाइनल के रोमांचक मुकाबले में टीम ने आदर्श डीएवी को हराकर खिताब अपने नाम किया। उल्लेखनीय है कि स्कूल ने केवल दूसरी बार इस सीबीएसई प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। पहले प्रयास में उपविजेता रही टीम ने इस बार विजेता बनकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अंशु उरांव को टूनामेंट की बेस्ट प्लेयर का खिताब और प्रिंसी उरांव को बेस्ट चेजर की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। डीएवी बेड़ो टीम की ऐतेहासिक जीत पर स्कूल के प्रधानाचार्य कैलाश कुमार ने खुशी जताते हुए कहा कि यह जीत बच्चों की कड़ी मेहनत समर्पण व अनुशासित लगन का प्रतिफल है। दूसरे ही प्रयास में गोल्ड मेडल जीतना और नेशनल के लिए क्वालीफाई करना पूरे प्रखंड क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। प्रधानाचार्य ने सीबीएसई द्वारा खिलाड़ियों को मेडल व ट्रॉफी दिए जाने पर आभार जताया। साथ ही टीम के कोच जयंतो चौधरी शिक्षक निर्मला लकड़ा, आरती कुमारी व आदित्य कक्षप को उनके कुशल मार्गदर्शन और सहयोग के लिए बधाई दी।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेड़ो में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**


**बेड़ो :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार को गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं विद्यालय सचिव वाणी कुमार राय ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना परम पूज्यनीय डा केशव बलिराम हेडगेवार ने हिन्दुओं को एक सूत्र में जोड़ने के लिए की थी। उनका विचार था कि व्यक्ति ही राष्ट्र का निर्माण करता है। इसलिए व्यक्ति निर्माण के लिए शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास हेतु उन्होंने भगवा ध्वज को गुरु मानकर एक घंटे की शाखा की परंपरा प्रारंभ की थी। उन्होंने कहा कि आज यह परंपरा सिर्फ भारत में ही नहीं, विश्व के अनेक देशों में चल रही है, जहां लोग भगवा ध्वज को गुरु मानकर शाखा लगाकर अपना व्यक्तित्व विकास कर रहे है।उन्होंने ने बताया कि भगवा ध्वज को गुरु मानने के पीछे कारण यह है कि प्राचीन समय में संत और ऋषि-मुनि यज्ञ करते थे, तो यज्ञ से निकली ज्वाला का रंग भगवा होता था। जो पूरे पर्यावरण के दुष्ट कर्म एवं पाप को नष्ट करता था। भगवा रंग त्याग, बलिदान, सत्य, धर्म एवं न्याय का प्रतीक माना जाता है। इसी कारण संघ भगवा ध्वज को गुरु मानकर अपना व्यक्तित्व विकास करता है। भारत में गुरु परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। गुरु पूर्णिमा या आषाढ़ पूर्णिमा से लेकर एक पखवाड़ा तक संघ के स्वयंसेवक अपने सामर्थ्य के अनुसार भगवा ध्वज के समीप समर्पण राशि समर्पित करते हैं। इससे संघ का कार्य चलता है और आपदा एवं विपत्ति के समय लोगों की सेवा की जाती है। संघ का कार्य ईश्वरीय कार्य है। संघ प्राथमिकता के आधार पर राष्ट्र एवं व्यक्ति निर्माण के कार्य में लगा हुआ है। हम सभी का सौभाग्य है कि हम स्वयंसेवक हैं और राष्ट्र के कार्य में लगे है। कार्यक्रम के पूर्व सभी स्वयंसेवकों ने पूरे विधि-विधान के साथ गुरु पूजन कर सामर्थ्य अनुसार गुरु दक्षिणा की। अंत में संघ प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष भवानी शरण सिंह,राजेंद्र साहू, सत्येंद्र कुमार सहित दर्जनों स्वयंसेवक मौजूद थे।

### भारत सरकार ने रांची में ALIMCO के पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय का किया शुभारम्भ

# पूर्वी भारत में समावेशी सेवा वितरण होगा सशक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों तक सहायक उपकरणों एवं पुनर्वास सेवाओं की पहुंच को और अधिक सुदृढ़, त्वरित एवं प्रभावी बनाने की दिशा में भारत सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (DEPwD), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक उपक्रम आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (ALIMCO) के पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय (EasternZonal Office) का शुभारम्भ रांची के हिनू में किया। यह कार्यालय पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित 13 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों को सेवाएं प्रदान करेगा तथा लगभग 277 करोड़ के अनुमानित सेवा दायरे के अंतर्गत लगभग 2.50 लाख दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों तक उच्च गुणवत्ता वाले सहायक उपकरणों एवं पुनर्वास सेवाओं की त्वरित, सुलभ एवं प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करेगा। यह पहल न केवल लाभार्थियों तक सेवाओं की पहुंच को और अधिक सशक्त बनायेगी, बल्कि सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, हितधारकों के साथ बेहतर समन्वय तथा अंतिम छोर तक सेवा वितरण (Last Mile Delivery) को भी नयी गति प्रदान करेगी। इस अवसर पर ALIMCO के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रवीण कुमार ने कहा कि पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना ALIMCO के विकेन्द्रीकृत एवं सशक्त सेवा वितरण मॉडल की दिशा में एक



महतत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय कार्यालयों को अधिक अधिकार और जिम्मेदारियां प्रदान कर निर्णय प्रक्रिया को तेज बनाया जा रहा है, जिससे लाभार्थियों तक सेवाएं समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पहुंच सकें। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देशभर में 107 प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र (PMDVK) संचालित हो रहे हैं, जिनके माध्यम से अब तक तीन लाख से अधिक लाभार्थियों को लगभग 500 करोड़ मूल्य के सहायक उपकरण उपलब्ध कराये जा चुके हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में प्रत्येक जिले तक PMDVK की पहुंच सुनिश्चित कर सेवा वितरण को और अधिक व्यापक बनाया जायेगा। प्रवीण कुमार ने कहा कि ALIMCO लगातार अनुसंधान, नवाचार और गुणवत्ता सुधार पर कार्य कर रहा है। उन्होंने निगम द्वारा विकसित नयी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी स्कूटी सहित अन्य आधुनिक सहायक तकनीकों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनका उद्देश्य दिव्यांगजनों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं गरिमापूर्ण गतिशीलता प्रदान करना है। उन्होंने केन्द्रीय बजट में घोषित असिस्टिव टेक्नोलॉजी मार्ट (AT Mart) की अवधारणा का भी उल्लेख किया, जहां विभिन्न प्रकार के सहायक तकनीकी उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे, जिससे लोगों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद आसानी से प्राप्त हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि ALIMCO केवल सहायक उपकरण उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी स्थापना, मरम्मत, अनुरक्षण, लाभार्थियों से फीडबैक तथा निरन्तर फॉलो-अप सहित एंड-टू-एंड सेवा प्रणाली विकसित कर रहा है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय से एक मोबाइल सर्विस वैन संचालित की जायेगी, जो दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में जाकर लाभार्थियों को सेवा एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध करायेगी। पूर्वी क्षेत्रीय प्रमुख अनुपम प्रकाश ने अपने सम्बोधन में कहा कि रांची का भौगोलिक स्थान पूर्वी एवं पूर्वोत्तर भारत के लिए अत्यन्त रणनीतिक है। उन्होंने कहा कि इस कार्यालय के माध्यम से सहायक उपकरणों की आपूर्ति, पुनर्वास सेवाओं, आफ्टर-सेल्स सपोर्ट तथा राज्य सरकारों एवं अन्य हितधारकों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित होगा, जिससे अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच और अधिक सशक्त होगी। झारखंड सरकार के सामाजिक कल्याण विभाग के प्रतिनिधियों ने पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना पर कहा कि यह पहल दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों तक सरकारी योजनाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विभाग की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। समग्र क्षेत्रीय केंद्र (CRC), रांची के निदेशक ने कहा कि ALIMCO और CRC के बीच वर्षों से चल रहा सहयोग दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं सशक्तिकरण को नयी दिशा दे रहा है।उन्होंने पुनर्वास, कौशल विकास, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण तथा सहायक तकनीक के क्षेत्र में अछ्क्टउड के साथ मिल कर कार्य करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। कार्यक्रम में अछ्क्टउड के वरिष्ठ अधिकारियों, झारखंड सरकार के अधिकारियों, सामाजिक कल्याण विभाग, CRC रांची, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों, मीडिया कर्मियों तथा बड़ी संख्या में गण्यमान्य अतिथियों ने सहभागिता की।

### एक झलक

#### ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार 8.2 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद



**रांची :** कोतवाली थाना क्षेत्र के नागाबाबा खटाल के समीप पुलिस ने ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के पास से कुल 8.2 ग्राम ब्राउन शुगर और दो स्मार्टफोन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर कोतवाली थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित कर नागाबाबा खटाल के पास छापेमारी की गई। मौके से रंजीत कुमार वर्मा (करीब 35 वर्ष) और कृष्णा कुमार वर्मा (करीब 35 वर्ष) को पकड़ा गया।

#### बाबूलाल मरांडी ने इलाजरत छात्र से की मुलाकात



**रांची :** जेपीएससी आंदोलन में अनशन पर बैठे छात्र राहुल क्रांति की बिगड़ी तबीयत, सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया। आज नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सदर अस्पताल पहुंचकर छात्र राहुल क्रांति हाल जाना।श्री मरांडी ने वहां के डॉक्टर और सिविल सर्जन से भी मिलकर छात्र राहुल क्रांति का स्वास्थ रिपोर्ट का जानकारी प्राप्त किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अन्न और जल त्यागने की वजह से राहुल की तबीयत बिगड़ गई थी हालांकि अब उनके स्वास्थ्य में सुधार है। बाबूलाल मराठी ने कहा कि सरकार की मनसा साफ नहीं है। एग्जाम निकालने के बावजूद बच्चों को हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब हाई कोर्ट के सिंगल बेंच ने अभ्यर्थियों के पक्ष में निर्णय दिया तब इस मामले को सरकार ने सनी के लिए डबल बेंच के सामने केस फाइल किया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बच्चे न्यायालय में केस लड़ेंगे या फिर पढ़ाई करेंगे।

#### बी.एड. प्रायोगिक परीक्षा के दूसरे दिन कॉमर्स व भूगोल विषय की परीक्षा सम्पन्न



**रांची :** रांची विश्वविद्यालय, रांची अंतर्गत गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कांके, रोची में बी.एड. सत्र 2024-26 की प्रायोगिक परीक्षा के दूसरे दिन आज कॉमर्स एवं भूगोल विषय के प्रशिक्षु शिक्षकों की प्रायोगिक परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। कॉमर्स विषय की प्रायोगिक परीक्षा में रांची विमेंस कॉलेज, राँची के बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ. सचिन कुमार ने बाह्य परीक्षक (External Examiner) के रूप में परीक्षार्थियों का मूल्यांकन किया। वहीं भूगोल विषय की प्रायोगिक परीक्षा में बेथेसदा विमेंस टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, राँची की सहायक प्राध्यापिका डॉ. अनुपमा हेंब्रम ने बाह्य परीक्षक के रूप में परीक्षा संपन्न कराई।

#### बाबूलाल मरांडी का बयान सिर्फ राजनीतिक ड्रामा, कार्रवाई में जुटी है हेमन्त सरकार : ऋषिकेश सिंह



**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश सचिव सह प्रदेश प्रवक्ता ऋषीकेश सिंह ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा छात्रों के नाम पर केवल राजनीति कर रही है, जबकि हेमंत सरकार दोषियों को बचाने नहीं बल्कि जेल भेजने का काम कर रही है। ऋषीकेश सिंह ने कहा कि JPSC अध्यक्ष इस्तीफा दे चुके हैं, पूरे मामले की CID जांच जारी है और पूर्व अध्यक्ष एल. ख्यांगते से लगातार पूछताछ हो रही है। 14वीं खढरउ मुख्य परीक्षा स्थगित की गई है तथा जांच के आधार पर आगे भी आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। डिप्टी एग्जामिनेशन कंट्रोलर श्वेता गुप्ता, TDPL के मैनेजर अभय तिवारी उर्फ मनोज तिवारी सहित कई आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। राज्यभर में लगातार छापेमारी चल रही है और अब तक 19 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। खढरउ में वर्षों से जमे अधिकारियों को भी हटाया गया है तथा खरररउ से जुड़े मामलों की भी जांच जारी है। ऋषीकेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस शुरू से छात्रों के साथ खड़ी है। कांग्रेस प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस के मंत्री, यूथ कांग्रेस और ठरवकके प्रतिनिधिमंडल ने छात्रों से मुलाकात कर उनकी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्पष्ट कहा है कि जांच की आंच यदि मुख्यमंत्री कार्यालय तक भी पहुंचे तो भी कार्रवाई में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए। यह सरकार की नीयत और पारदर्शिता का सबसे बड़ा प्रमाण है।

## एचसी ने अवमानना केस में स्कूली शिक्षा सचिव को जारी किया शो-कॉज नोटिस




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड उच्च न्यायालय ने अवमानना के एक मामले में कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किए जाने के मामले में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव को शो-कॉज नोटिस जारी किया है। मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आनंद सेन की अदालत में हुई। दरअसल एकल पीठ में सचिव ने स्वयं उपस्थित होकर जेटेट कराने का आश्वासन दिया था। अदालत ने सचिव से पूछा है कि न्यायालय के निर्देश का अनुपालन नहीं करने के लिए उनके खिलाफ अवमानना का आरोप (चार्ज) क्यों नहीं तय किया जाए। इस मामले में पूर्व में उच्च न्यायालय ने तीन महीने के भीतर झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा(जेटीईटी) आयोजित करने का निर्देश दिया था। आरोप है कि निर्धारित अवधि में न्यायालय के आदेश के अनुरूप जेटीईटी परीक्षा आयोजित नहीं की गई। अदालत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित सचिव से स्पष्टीकरण मांगा है। सचिव को यह बताना है कि कोर्ट के निर्देश के बावजूद निर्धारित समयसीमा में जेटीईटी परीक्षा आयोजित क्यों नहीं की गई और इसके लिए उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए।

### धनबाद बार एसोसिएशन की पार्किंग समस्या का उच्च न्यायालय ने कराया समाधान

**रांची :** धनबाद अदालत परिसर में अधिवक्ताओं और मुवक्किलों की पार्किंग सहित अन्य बुनियादी समस्याओं को लेकर धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी की जनहित याचिका पर उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने याचिका निष्पादित करते हुए कहा कि तत्काल पार्किंग की समस्या का काफी हद तक समाधान आपसी बातचीत और सहयोग से हो गया है। अदालत ने पाया कि अब अधिवक्ताओं और मुवकिलों के वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थान उपलब्ध कराया गया है। रोजाना लगने वाले दुकानदारों को निर्धारित वेंडिंग जोन में स्थानांतरित कर दिया गया है, पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की गई है, ताकि निर्धारित पार्किंग स्थल पर दोबारा अतिक्रमण न हो। खंडपीठ ने कहा कि दीर्घकालिक समाधान के तहत अदालत परिसर के सामने स्थित जेल को भविष्य में शहर के बाहरी क्षेत्र में स्थानांतरित करने पर सभी पक्षों में सहमति बनी है। जेल के स्थानांतरित होने के बाद खाली होने वाली जमीन का इस्तेमाल कोर्ट परिसर और बार की जगह से जुड़ी समस्या के स्थायी समाधान के लिए किया जा सकेगा। हालांकि कोर्ट ने कहा कि जेल स्थानांतरण का प्रस्ताव राज्य सरकार की मंजूरी पर निर्भर है और इसमें समय लगेगा। कोर्ट ने उम्मीद जताई कि प्रशासन की ओर से दिए गए आश्वासन अधूरे नहीं रहेंगे और इस प्रस्ताव को गंभीरता से आगे बढ़ाया जाएगा।

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को ब्रह्माकुमारी बहनों ने बांधी राखी, दिया पवित्रता, प्रेम एवं सद्भावना का संदेश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की निदेशक ब्रह्माकुमारी निर्मला जी, सहयोगी इंदु साबू, प्रदीप कुमार एवं सुनैना कुमारी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी निर्मला जी ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को रक्षासूत्र (राखी) बांध कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सावन मास एवं रक्षाबंधन के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए पवित्रता, प्रेम, भाईचारे, सद्भावना एवं मानवीय मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। साथ ही, राज्य की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ब्रह्माकुमारी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए शुभकामनाओं के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने समाज में नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के संवर्धन तथा सकारात्मक जीवन मूल्यों के प्रसार हेतु ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की।

### ओथ फाउंडेशन एवं एम डॉक ने हिल टॉप में लगाया नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर

## 200 बच्चों के दांतों की हुई जांच



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरियातू (रांची) :** सामाजिक संस्था ओथ फाउंडेशन एवं एम डॉक के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को बरियातू हिल व्यू रोड स्थित हिल टॉप पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर सह दंत स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया।

दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्कूल के कक्षा नर्सरी से 10वीं तक के लगभग 200 बच्चों के दांतों एवं मसूड़ों की जांच की गई। डॉ. आशीष कुमार भगत डेंटल क्लिनिक के वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. आशीष भगत एवं डॉ. प्राची प्रिया ने बच्चों के मुख स्वास्थ्य का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच के दौरान बच्चों में मुख्यतः दांतों में कैविटी (सड़न), मसूड़ों से खून आना, सूजन और पायरिया के शुरूआती लक्षण देखे गए, जिसके बाद डॉक्टरों ने बच्चों को सही चिकित्सीय परामर्श दिया। शिविर में शामिल सभी बच्चों को टूथ ब्रश, टूथपेस्ट एवं आवश्यकतानुसार दवाइयों का भी निशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद ओथ फाउंडेशन के ट्रस्टी दीपक बंका एवं दीपा बंका (संचालिका, दीप कौचर बुटीक) ने कहा कि बचपन से ही बच्चों में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जरूरी है। संस्था आगे भी समाज हित में ऐसे आयोजन करती रहेगी। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में हिल टॉप पब्लिक स्कूल के निदेशक राजेश कुमार गुप्ता, प्राचार्या श्रीमती संगीता राज, उपप्राचार्या सुनीता श्रीवास्तव, एम डॉक के संस्थापक नवीन प्रकाश, उपसंस्थापक शशि कुमार, ओथ फाउंडेशन के सदस्य अमित कुमार एवं समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में आयोजित सेमिनार के दौरान बच्चों ने डॉक्टरों से दांतों की देखभाल को लेकर कई सवाल पूछे, जिनका दंत चिकित्सकों ने सरल भाषा में समाधान किया। डॉक्टरों ने बच्चों को रोजाना दिन में दो बार ब्रश करने, अत्यधिक चॉकलेट व जंक फूड से परहेज करने और कुछ भी खाने के बाद कुल्ला करने की सलाह दी।

## सावन मिलन कार्यक्रम लायन सोना गढ़यान व लायन सुनीता चौधरी के नेतृत्व में हुआ आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** लायंस क्लब ऑफ रांची के तत्वावधान में सावन मिलन कार्यक्रम लायन सोना गढ़यान एवं लायन सुनीता चौधरी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। क्लब की अध्यक्ष डॉ. पूनम सखूजा ने सावन महीने की महिमा का वर्णन किया। सचिव लायन मंजू तिवारी ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। हरियाली एवं वृक्षों के महत्व पर आधारित प्रश्नोत्तरी का सुंदर आयोजन रहा। सदस्यों एवं महिलाओं ने उमंग भरे वातावरण में सावन के गीत गाए। रहत कौर एवं मेहर कौर ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। सभी ने विशेष परिधान, जो हरे, लाल एवं पीले थे, उनका अलग-अलग ढंग से धारण किया। इस अवसर पर सावन क्वीन अंकि सिंह, फर्स्ट रनर अप रजनी सिंह एवं सेकेंड रनर अप मंजु कुमार घोषित की गईं। इस अवसर पर पूर्व निलपाल विनोद गढ़यान एवं अध्यक्षगण डॉ. हरबिंदर वीर सिंह, शान्तनु तिवारी, राजेश चौधरी, डॉ. टी. पी. बर्नवाल, राजेश मोरे, अजय अग्रवाल, श्याम सुंदर शर्मा, अजय सखूजा ने सुंदर एवं मनमोहन कार्यक्रम की प्रशंसा की। बबीता, सुजाता गडोदिया, सुकृत तिवारी, मंजू तिवारी, रजनी मोर, निर्मल मंपुरिया, मनीष गडोदिया, गुणवंत कौर का सराहनीय योगदान रहा।

### लोकतांत्रिक आन्दोलन के प्रति अपनी पूर्ण एकजुटता व्यक्त करता है जलेस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जनवादी लेखक संघ (जलेस), रांची जयपाल सिंह स्टेडियम में जेपीएससी परीक्षा तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, विलंब और पारदर्शिता के प्रश्नों को लेकर छात्रों द्वारा पिछले कई दिनों से चलाए जा रहे लोकतांत्रिक आंदोलन के प्रति अपनी पूर्ण एकजुटता व्यक्त करता है। जलेस आंदोलनरत छात्रों की न्यायोचित मांगों के प्रति अपनी सहानुभूति और समर्थन प्रकट करते हुए राज्य सरकार से आग्रह करता है कि वह बिना किसी विलंब के छात्र प्रतिनिधियों को वार्ता के लिए आमंत्रित करे और उनकी शिकायतों के समाधान हेतु ठोस एवं विश्वसनीय पहल करे। छात्र किसी भी समाज और राष्ट्र के भविष्य के निर्माता होते हैं। उनके भविष्य, परिश्रम और सपनों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ न केवल उनके प्रति अन्याय है, बल्कि समाज और राज्य के भविष्य के साथ भी अन्याय है। शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की व्यवस्था में लगातार उठ रहे प्रश्नों ने विद्यार्थियों और युवाओं के बीच गहरा असंतोष और अविश्वास पैदा किया है। ऐसी परिस्थितियों में उनकी लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण और संवैधानिक अभिव्यक्ति को गंभीरता से सुना जाना चाहिए।

## पीड़ितों को मुआवजा दिलाने में कड़ी का काम करता है डालसा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजित नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में डालसा सचिव (ईंचार्ज) की उपथिति में डोर-टू-डोर विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत राहे प्रखंड के डोमनडीह गांव में डालसा टीम ने विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पीएलवी के द्वारा किया गया। डालसा टीम ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के बारे में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने लोगो को पोक्सो एक्ट, मोटर वैहिकल एक्ट, बाल श्रम, बाल विवाह, डायन बिसाही एवं पीड़ित मुआवजा, लोक अदालत, मध्यस्थता के बारे में जानकारी दी। पीएलवी ने कहा कि पीड़ितों को मुआवजा दिलाने में डालसा कड़ी का काम करता है। उन्होंने नालसा द्वारा संचालित योजना, आशा, जागृति, साथी, डॉन एवं नालसा टॉल फ्री नम्बर - 15100 पर भी फोकस किये। पीएलवी पुष्पा कुमारी ने कहा कि माननीय न्यायालय से पीड़ित या पीड़िता को मुआवजा देने के आदेश होने पर डालसा पीड़ितों को जिला प्रशासन से समन्वय बनाकर पीड़ितों को मुआवजा दिलाने में सहायता करता है। संजय भेगता ने कहा कि बाल-विवाह एवं बाल-श्रम कानूनन अपराध है, इसमें सजा का भी प्रावधान हैं। सुभाषचंद्र महतो ने नशा उन्मूलन पर बताया कि युवाओं को नशा से बचना चाहिए क्योंकि नशा से घर-परिवार बरबाद होता है, इसके अलावा डालसा की टीम ने आगामी 12 सितम्बर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी।

### अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के पूर्वांचल क्षेत्र के विनय सरावगी अध्यक्ष मनोनीत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति विनय सरावगी को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के पूर्वांचल क्षेत्र का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बसंत कुमार मित्तल एवं राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल द्वारा विनय सरावगी को समाज के प्रति लग्न, पूर्वांचल क्षेत्र संगठनात्मक मजबूत पकड़ और उनके अनुभव को देखते हुए अध्यक्ष मनोनीत किया है। विदित हो कि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के पूर्वांचल क्षेत्र में बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा असम एवं पूर्वोत्तर की अन्य छः राज्य है। श्री विनय सरावगी को यह दायित्व दिया गया कि इस क्षेत्र में आने वाले सभी सम्मेलन प्रदेश के अध्यक्ष एवं महामंत्रियों, सम्मेलन प्रदेश के युवा अध्यक्ष एवं महामंत्री, सम्मेलन प्रदेश महिला अध्यक्ष एवं महामंत्री के साथ परस्पर समन्वय स्थापित कर राज्यों में सम्मेलन के संगठनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाये। विनय सरावगी का विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थानो से विगत 50 वर्षों से जुड़ाव रहा है। पूर्व में अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष रहकर उन्होंने सम्मेलन के गतिविधियों को नया स्वरूप व आयाम दिया है।

## डीएवी नंदराज स्कूल में कैरियर एक्सपो-2026 का आयोजन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल, बरियातू, रांची में Educators India के सहयोग से कैरियर एक्सपो-2026 का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों तथा भविष्य के कैरियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर देश के 25 से अधिक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्तियों, प्लेसमेंट, उद्योग आधारित शिक्षा तथा उभरते हुए कैरियर विकल्पों की जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया और अपने भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवि प्रकाश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में सही कैरियर मार्गदर्शन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप सही निर्णय लेने में सहायता करते हैं तथा उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने Educators India एवं सभी सहभागी विश्वविद्यालयों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका सहयोग विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा इस पहल की सराहना की। यह कैरियर एक्सपो विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा एवं कैरियर संबंधी नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाला एक महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे उपयोगी एवं छात्र-हितैषी कार्यक्रमों के आयोजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### रांची के डोरंडा और रानी बगान के कई इलाकों में 08 को रहेगी विद्युत आपूर्ति बाधित

**रांची :** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, डोरंडा के अंतर्गत बिरसा फीडर और हिनू फीडर के कुछ ट्रांसफार्मर के एलटी नंगे तार को एबी- केबल से बदलने के लिए इलाके में शनिवार की सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान राजधानी के जिन इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी उनमें प्रकाश नगर, बंधु नगर, गांधीनगर, हिनू एयरपोर्ट रोड, खोखमा टोली, मौसम विभाग, स्टेट हैंगर और आसपास का क्षेत्र शामिल है। यह जानकारी विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल,डोरंडा ने शुक्रवार को प्रे?स विज्ञप्ति में माध्यम से दी। वहीं विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल अंतर्गत आरएमसीएच के अधीन (आरडीएसएस) कार्य शनिवार को किए जाएंगे। इसलिए रांची के रानी बगान, बूटी मोर फीडर, -पावर हाउस-पानी टंकी और बूटी मोर फीडर से सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। साथ ही पंचवटीपुरम पंकज मंडल (आईएएस) 01 नंबर ट्रांसफार्मर बंद रहेगा। बिजली विभाग की ओर से इन इलाकों में नंगे तार को कवर केबल किया जाएगा।

### आजीविका बचाने के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करेंगे व्यापारी : मुकेश अग्रवाल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची नगर निगम किरायेदार संघ की शुक्रवार को आयोजित बैठक में नगर निगम की कार्रवाई और अपर बाजार के व्यापारियों के भविष्य को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के बाद संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम द्वारा दिए गए नोटिस और प्रस्तावित कार्रवाई से सैकड़ों व्यापारी और उनके परिवार असमंजस की स्थिति में हैं। मुकेश अग्रवाल ने कहा कि नगर आयुक्त के साथ हुई करीब तीन घंटे की बैठक में व्यापारियों ने अपना पक्ष मजबूती से रखा। उन्होंने बताया कि नगर निगम का तर्क है कि व्यापारी 50-60 वर्षों से दुकानें चला रहे हैं, इसलिए अब अन्य लोगों को अवसर मिलना चाहिए। इस पर व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि किसी की आजीविका छीनकर दूसरों को अवसर देना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि अपर बाजार की जमीन वर्ष 1939-40 में आवंटित हुई थी, जिसके बाद व्यापारियों ने अपने संसाधनों से 608 दुकानें विकसित कीं। नगर निगम द्वारा 180 दुकानों के दूसरे लोगों के नाम पर संचालित होने और 30 दुकानों के बिक जाने के दावे को भी उन्होंने खारिज किया। उनका कहना है कि अधिकांश दुकानें पुराने आवंटियों के वैध उत्तराधिकारियों द्वारा संचालित की जा रही हैं और नामांतरण की प्रक्रिया वर्षों से लंबित है, जबकि नगर निगम नियमित रूप से किराया वसूलता रहा है। मुकेश अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम की ओर से एनबीसीसी के साथ मिलकर मल्टी-स्टोरी भवन बनाने की योजना पर भी व्यापारियों ने आपत्ति जताई है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितम्बर को, पीएलवी ने दी जानकारी

## सामुदायिक मध्यस्थता ग्रामीणों को मुकदमों से आजादी की एक नयी पहल है : डालसा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजित नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर एवं माननीय सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में डालसा सचिव (ईंचार्ज) की उपथिति में बड़ाम पंचायत भवन, नामकुम रांची में सामुदायिक मध्यस्थता पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डालसा टीम के पीएलवी तारा मिंज ने कहा कि सामुदायिक मध्यस्थताः एक मुकदमा-मुक्त ग्रामीण भारत की ओर-2026 राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मुकदमों के बोझ को कम करने और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई एक क्रांतिकारी और ऐतिहासिक पहल है। प्रीति कुमारी ने कहा कि विधिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर ही विवादों का शुरूआती और सौहार्दपूर्ण समाधान कर नए मुकदमों को अदालत तक पहुँचने से रोकना है। युधिष्ठिर महतो और सीमा कुमारी ने कहा कि ग्राम पंचायतों और अन्य सामुदायिक संस्थाओं को विवाद निवारण में एक रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। बिनोद कच्छप और जसिन्ता टोप्पो ने कहा कि ग्रामीण आबादी के बीच कानूनी साक्षरता बढ़ाना और उन्हें निवारक कानूनी प्रथाओं के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करना ही विधिक जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य है। अंत में डालसा टीम के सभी पीएलवी ने आगामी 12 सितम्बर को व्यवहार न्यायालय, रांची में होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। नालसा टॉल फ्री नम्बर-15100 पर फोकस किया गया तथा पम्पलेट और लिफलेट का वितरण भी किया गया। आगे डालसा टीम ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों के निस्तारण हेतु दिनांक 21, 22 और 23 अगस्त को व्यवहार न्यायालय, रांची में आयोजित होनेवाली विशेष लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामले को शीघ्र और सौहाद्रपूर्ण ढंग से समाधान करा सकते है। इस अवसर पर पीएलवी प्रीति कुमारी, सीमा कुमारी, तारा मिंज, बिनोद कच्छप, युधिष्ठिर महतो, जसिन्ता टोप्पो समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### गोवर्धन लीला और रासलीला का हुआ दिव्य वर्णन, भक्तिरस में डूबे श्रद्धालु



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** डॉ. संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज जी के पावन सानिध्य में एम.आर.एस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट के तत्वावधान में पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में आयोजित चार दिवसीय संगीतमय श्रीकृष्ण बीतक कथा महोत्सव के दूसरे दिन श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत संगम देखने को मिला। वृंदावन से पधारी सुप्रसिद्ध कथा वाचिका परम पूज्य विदुषी साध्वी मीना महाराज एवं विदुषी साध्वी पूर्णा महाराज ने मधुर भजनों, संकीर्तन और मंगलाचरण के साथ कथा का शुभारंभ किया। उनकी मधुर वाणी और भक्तिमय प्रस्तुति से पूरा मंदिर परिसर श्रीकृष्णमय हो उठा।कथा के दूसरे दिवस साध्वी मीना महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल एवं किशोर लीलाओं का अत्यंत मार्मिक एवं भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, प्रेम, सेवा और समर्पण का मार्ग दिखाने वाली दिव्य प्रेरणा है। उन्होंने माखन चोरी लीला का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का माखन चुराना सांसारिक अर्थों में चोरी नहीं, बल्कि भक्तों के निर्मल, निष्कलुष और प्रेममय हृदय को अपनाने का प्रतीक है। जिस प्रकार माखन दूध का सार होता है, उसी प्रकार भगवान अपने भक्तों के प्रेम रूपी सार को स्वीकार करते हैं।

## एक झलक

### विधायक ने विधानसभा में उठाया चौपारण की जर्जर सड़कों का मुद्दा

**चौपारण :** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने शुक्रवार को चौपारण की जर्जर सड़कों की समस्या विधानसभा में उठाया। उन्होंने शून्यकाल के माध्यम से राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जनहित में इन सड़कों की शीघ्र मरम्मत की पुरजोर मांग की। सदन में मामला उठाते हुए विधायक ने कहा कि चौपारण प्रखंड की कई मुख्य संपर्क सड़कें लंबे समय से बदहाल स्थिति में हैं, जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चौथी मोड़ से चैथी अतिम सीमा तक, जी.टी. रोड से अम्बाजीत तक, बेढ़ना देहर मोड़ से देहर तक, मुन्नम स्कूल मोड़ से नेवरिकरमा तक सड़क निर्माण की मांग की। विधायक ने कहा कि इन सड़कों पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन जाने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं और आवागमन पूरी तरह से बाधित हो रहा है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि आम जनता को हो रही परेशानी को गंभीरता से लेते हुए इन सभी सड़कों की अविलंब विधिवत मरम्मत व पुनर्निर्माण कार्य की स्वीकृति दी जाए। विधायक ने कहा कि जनहित मुद्दों को विधानसभा पटल पर रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

### स्व.राजेश ठाकुर के परिजन को नाई समाज ने दिया 20 हजार रुपये का सहयोग

**इचाक :** प्रखंड के बरियठ निवासी राजेश ठाकुर की आकस्मिक मृत्यु के बाद उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। एक वर्ष के भीतर उनके पिता एवं पुत्र की भी मृत्यु हो जाने से परिवार गहरे सदमे में है। परिवार में पत्नी, वृद्ध माता एवं दो बेटियां हैं, जिन्हें इस कठिन परिस्थिति में आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दुख की इस घड़ी में इचाक नाई समाज ने परिजनों का सहारा बनते हुए सातों जोन की ओर से आर्थिक सहयोग प्रदान किया। समाज की ओर से 20 हजार रुपये की सहयोग राशि परिवार को दी गई। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर सहयोग राशि को और बढ़ाया भी जा सकता है। प्रखंड समिति इचाक ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि दुख और परेशानी की इस घड़ी में नाई समाज उनके साथ खड़ा है।

### कच्चा मकान ध्वस्त करते समय मिले चांदी के सिक्के, उमड़ी भीड़

**हजारीबाग :** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के अमनारी गांव में शुक्रवार को एक कच्चे मकान को ध्वस्त करने के दौरान चांदी के कई पुराने सिक्के मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, बढ़ते महतो अपने पुराने मिट्टी के मकान को तोड़वा रहे थे। इसी दौरान मिट्टी के भीतर से चांदी जैसे दिखने वाले कई सिक्के निकल आए। सिक्कों के मिलने की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। लोगों में सिक्कों को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। कुछ ग्रामीण इन्हें काफी पुराने समय के होने का दावा कर रहे हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को भी दिए जाने की बात सामने आई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मिले सिक्के किस काल के हैं और उनकी वास्तविक ऐतिहासिक या आर्थिक महत्ता क्या है। प्रशासन द्वारा जांच के बाद ही इस संबंध में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। गांव में दिनभर इस घटना की चर्चा होती रही और लोग सिक्कों को देखने के लिए जुटे रहे।

### मीडिल स्कूल बरही की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने मो. मंसूर

**बरही:** मीडिल स्कूल के विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बरही पूर्वी के मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर और संचालन प्रधानाध्यापिका सह सचिव ने की। पर्यवेक्षक थे राजू कुमार और रवि कुमार। 18 सदस्यीय विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मो मंसूर चुने गए। उपाध्यक्ष पद पर शबनम आरा और संयोजिका पद पर सुनीता देवी चुनी गई। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों में रिजवान अली, आबदा खातून, लक्ष्मी देवी, मो मिन्हाज, अनिता देवी, ममता देवी, साजदा खातून, रूबीना खातून, रेणु देवी मो इरशाद शामिल हैं। सचिव प्रधानाध्यापिका अर्पणा प्रसाद और महिला शिक्षिका सुधा कुमारी और पुरुष शिक्षक उपेन्द्र शर्मा प्रबंधन समिति के सदस्य बनाए गए हैं।

### उपायुक्त ने की भूमि संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक

# जलनिधि योजना किसानों के लिए अत्यन्त लाभकारी : उपायुक्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में भूमि संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत संचालित एवं प्रस्तावित योजनाओं से संबंधित समिति प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली गई। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित 55 तालाबों के गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। भूमि संरक्षण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि निर्धारित 55 तालाबों में से 47 तालाबों के गहरीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उपायुक्त ने शेष कार्यों को भी निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में नवंबर माह तक सभी तालाबों के गहरीकरण एवं पकोर्लेशन टैंक निर्माण से संबंधित योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी। साथ ही योजनाओं का वेरिफिकेशन कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करते हुए जनवरी माह से कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त हेमन्त सती ने कहा कि जलनिधि योजना के अंतर्गत पकोर्लेशन टैंक निर्माण की योजना किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने जिले के पात्र कृषकों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की। योजना के तहत कृषक समूहों को पकोर्लेशन टैंक निर्माण के लिए निर्धारित प्रावधानों के अनुसार अनुदान का लाभ मिलेगा। संलग्न योजना दस्तावेज के अनुसार पकोर्लेशन टैंक योजना लघु एवं सीमांत कृषक समूहों के लिए लागू है तथा पात्रता के लिए संबंधित क्लस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि पकोर्लेशन टैंक के माध्यम से जल संरक्षण एवं सिंचाई की सुविधा को बढ़ावा मिलेगा, जिससे किसान मत्स्य पालन, दलहन की खेती, सिंचाई तथा तालाब में बत्तख पालन जैसी गतिविधियों से भी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक पात्र कृषकों को इससे जोड़ने का निर्देश दिया। बैठक में भूमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं की समीक्षा के क्रम में पकोर्लेशन टैंक निर्माण, तालाबों का गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार तथा डीप बोरिंग की प्रगति पर चर्चा की गई। जलनिधि योजना के अंतर्गत डीप बोरिंग के लिए 6 इंच व्यास की डीप बोरिंग, 1.5 एचपी सबमर्सिबल पंप एवं आवश्यक सामग्री तथा स्थापना का प्रावधान है। उपायुक्त ने सभी योजनाओं को तय समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। कार्यों की गति बढ़ाने के लिए उन्होंने कनीय अभियंताओं की संख्या बढ़ाने का भी निर्देश दिया, ताकि योजनाओं की तकनीकी जांच, सत्यापन एवं क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब न हो। बैठक में भूमि संरक्षण विभाग के संबंधित पदाधिकारी एवं कनीय अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## जलनिधि योजना के तहत विशेष सिंचाई सुविधा के लिए किसानों से आवेदन आमंत्रित

**हजारीबाग :** कृषि को बढ़ावा देने, बहुफसलीय कृषि के विकास तथा मानसून पर किसानों की निर्भरता कम करने एवं विभिन्न स्रोतों से सिंचाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 में जलनिधि योजना अंतर्गत विशेष सिंचाई सुविधा के लिए किसानों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना का लाभ लघु एवं सीमांत कृषक समूहों को दिया जाएगा। योजना के अंतर्गत 6 इंच व्यास के डीप बोरिंग, 1.5 एचपी सबमर्सिबल पंप, आवश्यक सामग्री एवं स्थापना (Installation) की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। योजना का क्रियान्वयन विभागीय मार्गदर्शन के अनुसार विधिवत गठित पानी पंचायत के माध्यम से किया जायेगा। पानी पंचायत के सदस्यों के क्लस्टर में न्यूनतम 5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य है। इसी प्रकार पकोर्लेशन टैंक निर्माण के लिए भी लघु एवं सीमांत कृषक समूहों को योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए संबंधित क्लस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य है। पकोर्लेशन टैंक की निर्धारित संरचना में 120 फीट लंबाई, 100 फीट चौड़ाई, 12 फीट गहराई तथा 370 फीट बंध की व्यवस्था निर्धारित है। योजना के तहत कृषक समूहों के चयन में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, लघु एवं सीमांत कृषक, महिला कृषक एवं इच्छुक कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिन कृषक समूहों को पूर्व में डीप बोरिंग अथवा पकोर्लेशन टैंक निर्माण का लाभ प्राप्त हो चुका है, वे संबंधित योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। योजना के क्रियान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी तथा ग्राम सभा द्वारा चयनित योजनाओं एवं स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।

## विश्व स्तनपान सप्ताह का समापन समारोह आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** पीडब्ल्यूडी स्थित ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ नर्सिंग, हजारीबाग में शुक्रवार को विश्व स्तनपान सप्ताह का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रत्येक वर्ष 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य माताओं एवं शिशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सदर प्रखंड, हजारीबाग की जनरल फिजिशियन डॉ. पूनम बरला, कॉलेज के डायरेक्टर शंभू कुमार, सेक्रेटरी बिनय कुमार तथा नर्सिंग विभागाध्यक्ष अनीता कुमारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. पूनम बरला ने अपने संबोधन में स्तनपान से जुड़े समाज में फैले विभिन्न मिथकों एवं भ्रांतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सही जानकारी और जागरूकता के माध्यम से ही इन गलत धारणाओं को दूर किया जा सकता है। उन्होंने माताओं को जन्म के तुरंत बाद शिशु को स्तनपान कराने तथा छह माह तक केवल माँ का दूध देने के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की। कॉलेज के डायरेक्टर शंभू कुमार ने कहा कि एक स्वास्थ्यकर्मी होने के नाते विद्यार्थियों का दायित्व है कि वे अपने ज्ञान के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाएँ और लोगों को सही जानकारी उपलब्ध कराएँ। कॉलेज के सचिव विनय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि स्तनपान केवल शिशु के लिए ही नहीं, बल्कि माँ के स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे समाज में स्तनपान के महत्व का संदेश प्रत्येक परिवार तक पहुंचाएं। नर्सिंग विभागाध्यक्ष अनीता कुमारी ने कहा कि आज महिलाओं और बच्चों में अनेक स्वास्थ्य समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं। यदि हम उपचार से अधिक रोकथाम पर ध्यान दें और सही समय पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता अपनाएं, तो कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के जोखिम को भी काफी हद तक कम किया जा सकता है। महाविद्यालय में 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। नर्सिंग के विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट के छात्रों के बीच सेमिनार आयोजित कर स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। सप्ताह के दौरान प्रथम दिवस क्विज प्रतियोगिता, द्वितीय दिवस पोस्टर प्रतियोगिता, तृतीय दिवस रंगोली प्रतियोगिता, चतुर्थ दिवस मॉडल प्रतियोगिता तथा पंचम दिवस सेमिनार आयोजित किया गया।

### 11 माह में ही एमओ डॉ. डीएन ठाकुर के स्थानांतरण पर एनएचआरए ने जतायी नाराजगी, रोक लगाने की मांग

**बरही :** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ डीएन ठाकुर का स्थानांतरण मात्र 11 माह के अंदर हो जाने से चौपारण ही नहीं बल्कि पूरे हजारीबाग जिले में चर्चा का विषय बना है। अमूमन डॉक्टर्स की स्थानांतरण 3 या चार साल बाद ही होता है। लेकिन डॉ डीएन ठाकुर स्थानांतरण बिना उनकी सहमति से हो जाने से चौपारण स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। उक्त बाते राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के जिला सचिव जीपी कश्यप ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कही। श्री कश्यप ने कहा कि गुटबंदी के कारण पहले स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित होते रहती है।

### किसानों और खेत मजदूरों के लिए तत्काल राहत की मांग

## केन्द्र सरकार तत्काल आपदा की स्थिति घोषित करे : भुवनेश्वर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** देश के विभिन्न हिस्सों में मानसून की प्रतिकूल स्थिति के कारण उत्पन्न सूखे और दूसरी ओर कई राज्यों में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से मची तबाही को लेकर झारखंड किसान सभा एवं झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा ने केंद्र एवं राज्य सरकार से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि देश के करीब 450 जिलों में धान की रोपनी 70 प्रतिशत तक प्रभावित होने की स्थिति सामने आ रही है। इससे किसान गंभीर संकट में हैं। खेतों में पर्याप्त काम नहीं मिलने के कारण खेत मजदूर भी रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। वहीं दूसरी ओर देश के कई राज्यों में भारी बारिश और बाढ़ ने व्यापक तबाही मचा रखी है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर देश के किसानों, मजदूरों और गरीब तबके के सामने गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। पूर्व सांसद ने केंद्र सरकार से मांग की कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए देश में तत्काल आपदा की स्थिति घोषित की जाए। उन्होंने कहा कि शुरूआती स्तर पर प्रत्येक प्रभावित जिले के लिए आपदा प्रबंधन के तहत कम से कम 10 करोड़ रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की जाए, ताकि किसानों, खेत मजदूरों और प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत मिल सके। उन्होंने केंद्र सरकार से यह भी मांग की कि रबी फसल की बुवाई को ध्यान में रखते हुए अभी से बीज, खाद, कृषि उपकरण एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि खरीफ फसल के नुकसान की भरपाई के लिए किसानों को अगली फसल में सहायता मिल सके। भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि झारखंड के करीब 17 जिलों में धान की रोपनी का कार्य 70 प्रतिशत तक प्रभावित हुआ है। राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि खेती पर निर्भर आदिवासी, दलित, गरीब और खेत मजदूर परिवारों के सामने रोजगार और आजीविका का संकट गहराता जा रहा है।

## पलायन, बदहाल सड़कें और अधूरी उम्मीदों के बीच डेढ़ लाख आबादी का संघर्ष

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** 24 पंचायतों और करीब डेढ़ लाख की आबादी वाला विष्णुगढ़ प्रखंड आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में विकास की मुख्यधारा से पूरी तरह नहीं जुड़ पाया है। पलायन, बेरोजगारी, बदहाल सड़कें, कमजोर स्वास्थ्य व्यवस्था, शिक्षा की सीमित सुविधाएं और वर्षों से लंबित अनुमंडल की मांग जैसी अनेक समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि चुनाव के समय विकास के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव बीतते ही अधिकांश वादे फाइलों में सिमटकर रह जाते हैं। पलायन बना सबसे बड़ी चुनौती विष्णुगढ़ के सैकड़ों युवा हर वर्ष रोजगार की तलाश में झारखंड से बाहर दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक और अन्य राज्यों का रुख करते हैं। स्थानीय स्तर पर उद्योग, बड़े व्यवसाय या रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं होने के कारण युवाओं के सामने पलायन ही एकमात्र विकल्प बचता है। इसका असर सामाजिक और आर्थिक दोनों स्तरों पर देखने को मिलता है। शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था भी चुनौतीपूर्ण प्रखंड के कई विद्यालयों में संसाधनों और शिक्षकों की कमी की शिकायतें समय-समय पर उठती रही हैं। उच्च शिक्षा के लिए अधिकांश विद्यार्थियों को हजारीबाग, गिरिडीह, बोकारो या अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है। वहीं स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी लोगों की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरी नहीं उतर पा रही है। गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए जिला मुख्यालय या बड़े शहरों में ले जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त लागत बढ़ जाती है।

## बनासो बीएड महाविद्यालय में सत्र 2024-26 के प्रशिक्षुओं के विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड के बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बीएड सत्र 2024-26 के प्रशिक्षुओं के सम्मान में भावपूर्ण एवं गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव गौरव पटेल की धर्मपत्नी काजल कुमारी तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के अध्यक्ष रितेश कुमार उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों का महाविद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि काजल कुमारी ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का प्रसार करने वाला नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य का निमार्ता होता है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से सदैव नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि रितेश कुमार ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि श्शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को निरंतर अध्ययन, नवाचार एवं उत्कृष्ट शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों के जीवन को संवारने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान नहीं देता, बल्कि वह चरित्र का निर्माण करता है, समाज को दिशा देता है और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करता है। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, नृत्य एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने उपस्थित सभी अतिथियों एवं शिक्षकों को भावुक कर दिया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में सदैव सफलता प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया। समारोह के अंत में प्रशिक्षुओं ने महाविद्यालय में बिताए गए अपने अनुभव साझा किए तथा गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने 203 कोबरा बटालियन का किया शैक्षणिक भ्रमण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को बरही स्थित 203 कोबरा बटालियन कैंप का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश की आंतरिक सुरक्षा में लगे जवानों के जीवन, अनुशासन, साहस एवं कार्यशैली से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान कोबरा बटालियन के कमांडेंट पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। उनके साथ असिस्टेंट कमांडेंट शिवा कुमार, इंस्पेक्टर राजीव कुमार, सब-इंस्पेक्टर विवेक कुमार एवं हवलदार उम्मेद सिंह ने विद्यार्थियों को बटालियन की विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों को पूरे कोबरा कैंप का भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने स्विमिंग पूल, जिम, हथियार प्रशिक्षण क्षेत्र (फायरिंग रेंज), जवानों के रहने की व्यवस्था, ऑपरेशन में उपयोग होने वाले आधुनिक हथियार एवं अन्य सैन्य उपकरणों को नजदीक से देखा और उनके उपयोग के बारे में जाना। इस दौरान विद्यार्थियों ने जवानों द्वारा प्रस्तुत मॉक ड्रिल भी देखी, जिसमें बताया गया कि नक्सल प्रभावित एवं दुर्गम क्षेत्रों में ऑपरेशन के दौरान जवान किस प्रकार रणनीति बनाकर कार्य करते हैं। विद्यार्थियों ने जवानों के ऑपरेशन बैग (रक्सैक) को उठाकर देखा और उसमें रखे आवश्यक सामान की जानकारी प्राप्त की।

## डीवीसी कोनार में भूमि नामांतरण और सीमांकन को लेकर त्रिपक्षीय बैठक हुई आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड अंतर्गत दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) कोनार के सम्मेलन कक्ष में शुक्रवार को एक त्रिपक्षीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में डीवीसी कोनार के परियोजना प्रधान राणा रंजीत सिंह, अंचल अधिकारी नित्यानंद दास, मध्य जिप सदस्य शेख तैयब तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य डीवीसी द्वारा अधिग्रहित भूमि की सीमा से बाहर स्थित जमीनों के नामांतरण (म्यूटेशन), भूमि सीमांकन, सड़क निर्माण हेतु भूमि की उपलब्धता तथा क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर सौहार्दपूर्ण माहौल में व्यवहारिक समाधान निकालना था। बैठक में अंचल अधिकारी ने स्पष्ट किया कि डीवीसी द्वारा अधिग्रहित प्लॉट्स को चिन्हित कर विवरण सौंपे जाने के बाद नियमानुसार नामांतरण का निष्पादन किया जाएगा। डीवीसी ने आवश्यक अभिलेख एवं मानचित्र उपलब्ध कराने पर सहमति जताई। डीवीसी और अंचल कार्यालय द्वारा संयुक्त रूप से अभिलेखों का परीक्षण कर फरवरी 2027 तक जमीन की मापी के बाद सीमांकन और मैपिंग कराने का निर्णय लिया गया। इससे अधिग्रहित व गैर-अधिग्रहित भूमि का स्पष्ट निर्धारण हो सकेगा। कार्यों के सुचारु व शांतिपूर्ण निष्पादन के लिए ग्रामीणों व विस्थापितों की एक समन्वय समिति बनाई गई। इस समिति में नागी पंचायत के मुखिया कुंवर हंसदा को अध्यक्ष तथा छोटेलाल बेसरा को सदस्य चुना गया। डीवीसी खाता संख्या 2, 4 और 6 में अपने प्लॉट चिन्हित कर अंचल कार्यालय को सूचित करेगा।

### 1962 पर कॉल करते ही घर पहुंच रहे डॉक्टर

**इचाक :** रांची जिले में संचालित पशु चिकित्सा सचल वाहन सेवा पशुपालकों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। पशुओं में किसी भी प्रकार की बीमारी या समस्या होने पर टोल फ्री नंबर 1962 पर डायल करते ही सचल चिकित्सा दल सीधे पशुपालक के द्वार तक पहुंच रहा है। इस व्यवस्था के तहत पशुओं की हर तरह की जाँच और इलाज पूरी तरह निःशुल्क किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण योजना का संचालन रांची स्थित निजी एजेंसी द्वारा किया जा रहा है, जिसकी संपूर्ण वित्तीय फंडिंग राज्य सरकार और केंद्र सरकार मिलकर करती हैं। इस व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

## राष्ट्रीय पर्व के आयोजन में नहीं हो कोई कमी : बीडीओ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमामय, अनुशासित और यादगार बनाने के लिए विष्णुगढ़ प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) मधुश्री मिश्रा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय पर्व के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों की तैयारियों का जायजा लिया गया तथा सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में ध्वजारोहण कार्यक्रम, परेड, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, मंच एवं बैठक व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रत्येक विभाग को उसकी जिम्मेदारियां स्पष्ट करते हुए समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए गए। बीडीओ मधुश्री मिश्रा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि देश के स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण करने का राष्ट्रीय पर्व है। इसलिए समारोह की प्रत्येक व्यवस्था पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी तैयारियां समय पर पूरी करने को कहा, ताकि कार्यक्रम गरिमा और अनुशासन के साथ संपन्न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि समारोह स्थल पर स्वच्छता, सुरक्षा, पेयजल, विद्युत व्यवस्था और आम नागरिकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों और परेड की तैयारियों को समय रहते अंतिम रूप देने तथा सभी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने पर जोर दिया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने अपने-अपने विभाग की तैयारियों की जानकारी दी और स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफल एवं यादगार बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में हजारीबाग बना ओवरऑल चैंपियन, डीआईजी ने विजेताओं को किया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**


**हजारीबाग :** हजारीबाग जिला अंतर्गत पदमा फायरिंग बट पर आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ 6 अगस्त को हुआ था। समापन समारोह में उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) अंजनी झा, पुलिस अधीक्षक हजारीबाग अमन कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह और कोडरमा की पुलिस टीमों ने विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लेकर अपने निशानेबाजी कौशल का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबलों के बाद हजारीबाग की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। पिस्टल स्पर्धा में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (बरही) राधा प्रेम किशोर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं सम्मान देकर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। इस अवसर पर डीआईजी अंजनी झा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं पुलिस बल की निशानेबाजी क्षमता, अनुशासन और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## 5वीं झारखंड राज्य ओपन भाला फेंक (जैवलिन थ्रो) प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



**हजारीबाग :** हजारीबाग में एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वावधान में 5वीं झारखंड राज्य ओपन भाला फेंक (जैवलिन थ्रो) प्रतियोगिता का आयोजन कर्जन ग्राउंड, हजारीबाग में किया गया। यह प्रतियोगिता गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा जो टोकियो ओलंपिक में भरता को जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक दिला कर पूरे विश्व मैं भारत का परचम लहराया उन्ही के उपलब्ध में ये प्रतियोगिता कराया जाता है’ इस प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में कैलाश राम, जिला खेल पदाधिकारी, हजारीबाग उपस्थित थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथिः सी. डी. सिंह, अध्यक्ष, झारखंड एथलेटिक एसोसिएशन कल्पना बाड़ा, अध्यक्ष, हजारीबाग एथलेटिक एसोसिएशन तपस चक्रवर्ती, खेल प्रेमी सत्यदेव सिंह, खेल प्रेमी अनवर हुसैन, तकनीकी अध्यक्ष, झारखंड एथलेटिक प्रतियोगिता का उद्देश्य राज्य में भाला फेंक खेल को बढ़ावा देना, नई प्रतिभाओं की पहचान करना तथा खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है।

## JPSC-JSSC अभ्यर्थियों व छात्रों के न्याय के लिए विधायक ने विधानसभा में किया जोरदार प्रदर्शन



**हजारीबाग :** शुक्रवार को झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल के साथ JPSC-JSSC अभ्यर्थियों एवं राज्य के लाखों युवाओं को न्याय दिलाने की माँग को लेकर हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद की। इस अवसर पर हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद भी भाजपा विधायक दल के साथ सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि झारखंड के युवाओं के भविष्य के साथ लगातार अन्याय किया जा रहा है। भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं, प्रश्नपत्र लीक, नियुक्ति प्रक्रियाओं में देरी और पारदर्शिता के अभाव ने लाखों प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों के सपनों को आघात पहुँचाया है। भाजपा लगातार युवाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है और आगे भी उनके न्याय के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा कि खढरउ एवं खररउ भर्ती प्रक्रियाओं में व्याप्त विसंगतियों की निष्पक्ष जाँच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा योग्य अभ्यर्थियों को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। राज्य सरकार को युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद कर पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करनी चाहिए।

# झरिया के 10 मौजा में सर्वे नहीं होने से रजिस्ट्री-म्यूटेशन ठप

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद) :** झरिया अंचल के 58 मौजा में से 10 मौजा का अब तक सर्वे नहीं होने से जमीन और मकानों की रजिस्ट्री तथा दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) की प्रक्रिया पूरी तरह ठप हो गई है। इससे हजारों खाताधारकों और भू-स्वामियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे को विधानसभा के मानसून सत्र में उठाए जाने के बाद शुक्रवार को झरिया के व्यापारी प्रतिनिधिमंडल ने प्रेस वार्ता कर विधायक शत्रुघ्न महतो के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि ऑनलाइन एंट्री बंद होने के कारण लोगों को जमीन की सरकारी और बैंक वैल्यू का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पहले इस समस्या को लेकर सांसद ढुल्लू महतो से मुलाकात की गई थी, जिसके बाद विधायक शत्रुघ्न महतो ने इसे विधानसभा के प्रश्नकाल में उठाया। पूर्व पार्षद अनूप कुमार साव ने कहा कि झरिया के लोग वर्षों से इस समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने इस दिशा में गंभीर पहल नहीं की। अब विधानसभा में मामला उठने से समाधान की उम्मीद जगी है। प्रेस वार्ता में वक्ताओं ने माडा के कथित त्रुटिपूर्ण जल बिलों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि विधायक शत्रुघ्न महतो ने शीतकालीन सत्र में भी इस समस्या को प्रमुखता से उठाया था। प्रतिनिधियों ने चिंता जतायी कि सर्वे और म्यूटेशन नहीं होने से कई रैयती प्लॉट गैरमजरुआ और अतिक्रमण की श्रेणी में दर्ज हो रहे हैं, जिससे भविष्य में विस्थापन की स्थिति में रैयतों को मुआवजा मिलने पर भी संकट खड़ा हो सकता है। उन्होंने बताया कि प्रभावित 10 मौजा में सिंदरी क्षेत्र के कुछ हिस्से भी शामिल हैं। प्रेस वार्ता में अनूप कुमार साव, झून्नु गुप्ता, रंजन साहू, तपन दा, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र गुप्ता, गफ्फार अंसारी, श्रीराम गोराई, नरेश साव, चेतन मिश्रा, धर्मवीर साव, सूरज भूईया, बिहार बर्मा, पिंटू बर्मन, अरुण भूईया, बंटी बर्मन और पीकेश उपाध्याय समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



## एक झलक

### पुलिस लाइन में स्थायी वाटर कूलर का उद्घाटन, जवानों को मिलेगी शीतल पेयजल सुविधा

**धनबाद :** मारवाड़ी युवा मंच गोविंदपुर शाखा एवं धनबाद रॉकयूल की पहल पर शुक्रवार को धनबाद पुलिस लाइन परिसर में स्थायी शीतल पेयजल (वाटर कूलर) मशीन का उद्घाटन किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार, ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब व अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से इसका शुभारंभ किया। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि वाटर कूलर लगने से पुलिस अधिकारियों, जवानों और परिसर में आने वाले लोगों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध होगा। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में सार्जेंट मेजर अवधेश कुमार, मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय उपाध्यक्ष आदित्य अग्रवाल, राष्ट्रीय रक्तदान संयोजक विवेक लीलहा, शाखा अध्यक्ष शैलेश बंसल, धनबाद रॉकयूल के दिनेश हेलिवाल, अधिवक्ता आदित्य अग्रवाल, अमित बजाज सहित कई गणमान्य नागरिक, पुलिस अधिकारी और जवान मौजूद रहे। आयोजकों ने कहा कि सामाजिक दायित्व के तहत भविष्य में भी जनहित के कार्य जारी रहेंगे।

### विशेष मतदाता पुनरीक्षण कैम्प में सक्रिय हुई कांग्रेस, 8-9 व 22-23 अगस्त को फॉर्म भरने की अपील

**धनबाद :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस ने अपने सभी बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को सक्रिय रहने का निर्देश दिया है। पार्टी नेता एवं बीएलए-2 कार्तिक हाड़ी ने मतदाताओं से 8-9 अगस्त तथा 22-23 अगस्त को सभी मतदान केंद्रों पर आयोजित विशेष कैंप में पहुंचकर दावा एवं आपत्ति संबंधी प्रपत्र भरने की अपील की है। उन्होंने बताया कि विशेष कैंप में बीएलओ, सुपरवाइजर और बीएलए संयुक्त रूप से मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य करेंगे। जिला प्रशासन ने 5 अगस्त से 4 सितंबर 2026 तक दावा और आपत्ति दर्ज कराने की अवधि तय की है। वहीं, 25 अगस्त से 4 सितंबर तक स्पेशल टू रोल वेरिफिकेशन अभियान चलाकर प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। गलत मतदान केंद्र पर दर्ज नामों को प्रपत्र-8 के माध्यम से स्थानांतरित कराया जा सकेगा। साथ ही, अन्य राज्यों में दर्ज परिवार के सदस्यों का नाम भी आवश्यक घोषणा पत्र के साथ झारखंड की मतदाता सूची में जोड़ा जा सकेगा। 4 सितंबर तक सभी घरों में एक परिवार, एक साथ स्टीकर भी लगाया जायेगा।

### श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन ध्रुव चरित्र से दिया अटूट भक्ति का संदेश

**बाघमारा/धनबाद :** निचितपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन शुक्रवार को कथा वाचक स्वामी हरिदास जी महाराज ने श्रद्धालुओं को ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जीवन में परिस्थितियां चाहे कितनी भी विपरीत क्यों न हों, भगवान पर अटूट विश्वास बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपमान, कष्ट और अस्वीकार जैसी घटनाएं भी मनुष्य के उत्थान का माध्यम बन सकती हैं, यदि वह अपने लक्ष्य और श्रद्धा से विचलित न हो। स्वामी हरिदास जी ने कहा कि आयु छोटी हो या कठिनाइयां बड़ी, यदि लक्ष्य स्पष्ट और मन अटल हो तो सफलता निश्चित है। भगवान मंदिरों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कण-कण में और प्रत्येक जीव के हृदय में विराजमान हैं। वे बाहरी आडंबर नहीं, बल्कि सच्चे मन, निष्कपट भाव और पवित्र कर्मों को स्वीकार करते हैं। जब मन निर्मल और श्रद्धा अटूट होती है, तब हर जगह भगवान का अनुभव होने लगता है। उन्होंने कहा कि आज समाज में धर्म से दूरी बढ़ने के कारण संस्कारों और पारिवारिक मूल्यों में भी गिरावट देखने को मिल रही है। श्रीमद्भगवद्गीता और रामायण आदर्श जीवन का मार्ग दिखाते हैं तथा धर्म के पालन से परिवार, समाज और राष्ट्र मजबूत बनते हैं। कथा के दौरान स्वामी जी ने वामन भगवान और राजा बली के प्रसंग का भी विस्तार से वर्णन किया। कथा महायज्ञ को सफल बनाने में यजमान अशोक कुमार वर्णवाल, मंजू देवी सहित यजमान परिवार तथा क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु और गणमान्य लोग सक्रिय सहयोग कर रहे हैं।

### फरार वारंटियों पर धनबाद पुलिस का शिकंजा, जुलाई में 521 वारंट निष्पादित

**धनबाद :** फरार वारंटियों और लंबे समय से लंबित मामलों के आरोपियों पर धनबाद पुलिस ने शिकंजा कसना तेज कर दिया है। जिले में लंबित वारंटों के निष्पादन के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जुलाई माह में कुल 521 लंबित वारंटों का निष्पादन किया गया। इस दौरान कई वारंटियों को भी गिरफ्तार किया गया, जो लंबे समय से न्यायालय में लंबित मामलों में वांछित थे। वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार के निर्देश पर सभी थाना एवं ओपी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लंबित वारंटों की नियमित समीक्षा कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

### 2.5 लाख आदिवासी छात्र छात्रवृत्ति से वंचित, विधानसभा में उठा मुद्दा

**सिन्दरी (धनबाद) :** झारखंड के करीब 2.5 लाख आदिवासी छात्रों के छात्रवृत्ति से वंचित रहने का मामला विधानसभा में उठा। सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से सरकार से पूछा कि केंद्र सरकार द्वारा छात्रवृत्ति की राशि समय पर जारी नहीं किये जाने से आदिवासी छात्रों के शिक्षा के अधिकार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने यह भी जानना चाहा कि लंबित राशि जारी कराने के लिए राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के समक्ष क्या कदम उठाए हैं। सरकार की ओर से उपसचिव ने लिखित उत्तर में बताया कि अनुसूचित जनजाति के प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति मद में पूर्व में प्राप्त राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार को भेज दिया गया है, ताकि लंबित केंद्रीय अंश जारी किया जा सके। उत्तर में यह भी बताया गया कि मुख्यमंत्री ने इस संबंध में प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है।

## विधानसभा में गूंजा जेपीएससी-जेएसएससी का मुद्दा, सीबीआई जांच की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद विधायक राज सिन्हा ने शुक्रवार को विधानसभा में राज्य के छात्र-युवाओं, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाते हुए सरकार को घेरा। उन्होंने कार्यस्थगन सूचना के माध्यम से जेपीएससी और जेएसएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित प्रश्नपत्र लीक, अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों की निष्पक्ष सीबीआई जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवाओं के भविष्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। विधायक ने राज्य के प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों की बदहाल स्थिति पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि धनबाद समेत राज्य के करीब 35,500 सरकारी विद्यालयों को पिछले दो वर्षों से विकास अनुदान नहीं मिला है, जिससे मरम्मत, रंग-रोगन, सफाई, चॉक-डस्टर, बिजली, स्टेशनरी और अन्य आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से अविलंब विकास अनुदान जारी करने की मांग की ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। स्वास्थ्य सेवाओं पर बोलते हुए राज सिन्हा ने शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा सदर अस्पताल की व्यवस्थाओं का मुद्दा भी सदन में उठाया। उन्होंने कुपोषित बच्चों के उपचार के लिए संचालित माल न्यूट्रिशन ट्रीटमेंट सेंटर, ऑक्सीजन प्लांट की कार्यशीलता, ऑडियोमेट्री जांच सुविधा, आधुनिक चिकित्सीय उपकरणों की उपलब्धता तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी पर सरकार से जवाब मांगा। राज सिन्हा ने कहा कि युवाओं को पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया, निष्पक्ष प्रतियोगी परीक्षाएं और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा छात्रों, युवाओं और आम जनता के अधिकारों के लिए सदन से लेकर सड़क तक संघर्ष जारी रखेगी।

### उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर का किया निरीक्षण

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां तेज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** आगामी 15 अगस्त को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर धनबाद जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने गुरुवार को समाहरणालय परिसर स्थित झंडारोहण स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को समारोह को भव्य, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने झंडारोहण स्थल, परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं सौंदर्यीकरण कार्य की प्रगति देखी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि स्वतंत्रता दिवस से पूर्व सभी तैयारियां हर हाल में पूरी कर ली जाएं। साथ ही समारोह की गरिमा बनाए रखने के लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व के आयोजन में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन सुनिश्चित करें ताकि समारोह सुचारु और गरिमामय ढंग से संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, नजारत उप समाहर्ता दीपक दुबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी आलोक कुमार मिश्रा, जिला नाजिर आनंद कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



## केन्दुआडीह में धनबाद-बोकारो सड़क की वैज्ञानिक जांच शुरू, जेसीबी से खुदाई; रिपोर्ट के बाद खुलेगी राह



**धनबाद :** केन्दुआडीह में भू-धंसान और गैस रिसाव के कारण पिछले 6-7 महीनों से बंद पड़ी धनबाद-बोकारो मुख्य सड़क को दोबारा चालू करने की दिशा में शुक्रवार से अहम पहल शुरू हो गई। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड की टीम ने स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के तहत जेसीबी मशीन से क्षतिग्रस्त सड़क की वैज्ञानिक खुदाई शुरू कर दी है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने बताया कि 7 जुलाई को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, वरीय पुलिस अधीक्षक, जनप्रतिनिधियों, बीसीसीएल और विभिन्न तकनीकी संस्थानों के साथ हुई बैठक में प्रभावित क्षेत्र की वैज्ञानिक जांच कराने पर सहमति बनी थी। जनप्रतिनिधियों ने भी वास्तविक स्थिति जानने के लिए नियंत्रित खुदाई का सुझाव दिया था। खुदाई के दौरान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। स्थल पर बीसीसीएल की तकनीकी टीम, विभिन्न तकनीकी संस्थानों के विशेषज्ञ तथा सुरक्षा बल तैनात हैं। पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में लेकर कार्य कराया जा रहा है। प्रशासन के अनुसार खुदाई पूरी होने और तकनीकी रिपोर्ट मिलने के बाद ही यह निर्णय लिया जाएगा कि धनबाद-बोकारो मुख्य सड़क को दोबारा यातायात के लिए खोलना सुरक्षित होगा या नहीं।

## राजकमल में ब्रह्माकुमारी संस्थान ने नशा मुक्ति के लिए बच्चों को किया जागरूक

- पहले आप, बाद में नशा आपको पीता है, यह आत्मघाती कदम : सन्नी सिंह
- ब्रह्माकुमारी संस्थान का नशा मुक्ति कार्यक्रम एक प्रशंसनीय कदम : सुमन्त कुमार मिश्रा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** ब्रह्मा कुमारी प्रजापति विश्वविद्यालय संस्थान के अधिकारियों ने शुक्रवार को राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर अशोकनगर धनसार धनबाद के नवीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को नशा से होने वाली हानियों के बारे में बताया। इस संस्थान के सन्नी सिंह ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कि एक बार भी आप नशीली पदार्थों का सेवन करते हैं, तो इसको आदत में बदलने में देर नहीं लगेगी। पहले आप इसका सेवन करते हैं, फिर यह आपका सेवन करता है। उन्होंने आप बीती कहानी सुनायी। उन्होंने कहा कि मुझे मेरे मित्रों ने नशा सेवन के लिए कई तरह के प्रलोभन दिये, अनुरोध किया, मनाने का प्रयास किया; किन्तु मैंने दृढ़ संकल्प लिया था कि जीवन में कभी भी नशा का सेवन नहीं करूंगा। इसी तरह आप सब भी संकल्प लें कि आप आजीवन नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे। राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में आकर मुझे सुखद अनुभूति हुई कि आपके विद्यालय में वंदना इस तरह की होती है। आपके संस्कार अच्छे हैं। आप नशा की ओर बढ़ेंगे, यह सोचना भी गलत होगा। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने भी ब्रह्माकुमारी संस्थान से आए अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए वंदना सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि नशा करना आत्मघाती कदम है। इससे दूर रहना चाहिए। प्राचार्य श्री मिश्रा ने यह भी कहा कि ब्रह्माकुमारी प्रजापति संस्थान का नशा मुक्ति अभियान एक प्रशंसनीय कदम है, विशेष कर विद्यालय, महाविद्यालय में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को नशा के प्रति जागरूक करना अच्छी बात है। मंच संचालन हिन्दी विभाग के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा ने किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, उप प्राचार्या लीला सिंह के अलावा प्रभारी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थी।

## संविधान व लोकतंत्र पर हमले के विरोध में 10 अगस्त के 'जेल भरो आन्दोलन' के समर्थन में कतरास में निकला मार्च



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) धनबाद जिला कमिटी के बैनर तले शुक्रवार को कतरास रेलवे स्टेशन से 10 अगस्त को प्रस्तावित देशव्यापी 'जेल भरो आंदोलन' के समर्थन में पैदल मार्च निकाला गया। मार्च में बीसीकेयू और जेसीएमयू के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लेते हुए मजदूरों, किसानों और आम लोगों से आंदोलन को सफल बनाने की अपील की। मार्च के बाद आयोजित सभा की अध्यक्षता सीटू झारखंड राज्य सचिव राजेंद्र प्रसाद राजा ने की। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की कथित कॉरपोरेट-परस्त नीतियों, नए लेबर कोड्स, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी तथा संविधान और लोकतांत्रिक अधिकारों पर हो रहे हमलों के विरोध में 10 अगस्त को देशव्यापी 'जेल भरो आंदोलन' आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि धनबाद जिला परिषद मैदान से रैली निकालकर आंदोलन को सफल बनाया जाएगा तथा कोयला क्षेत्र के विभिन्न महाप्रबंधक कार्यालयों के समक्ष धरना-प्रदर्शन भी होगा। सभा का संचालन जेसीएमयू के कतरास क्षेत्रीय सचिव रौनक सिन्हा ने किया। इस अवसर पर राम कृष्णा पासवान, परशुराम महतो, कंचन महतो, रतिलाल टुडू, नौशाद अंसारी, बीसीकेयू क्षेत्रीय सचिव सुनील महतो, निरंजन महतो, भगवान दास पासवान, अर्जुन भुइयां, संजय महतो, परवेज इकबाल, प्रमोद गुप्ता, उमेश ऋषि, विक्की मालाकार सहित बड़ी संख्या में श्रमिक और संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 100 से अधिक प्रतिभागियों ने ली सरकारी योजनाओं की जानकारी

**धनबाद :** धनबाद के राजकीय आईटीआई, भेलाटांड़ में शुक्रवार को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के एमएसएमई-विकास कार्यालय द्वारा उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय एवं भावी उद्यमियों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं, स्वरोजगार और वित्तीय सहायता की जानकारी देना था। इसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन सहायक निदेशक सुजीत कुमार, एलडीएम अमित कुमार (बैंक ऑफ इंडिया), प्राचार्य राकेश कुमार, नाबार्ड की डीडीएम शिवांगी शुभम तथा मोरंगा के मुखिया धनंजय गोप की उपस्थिति में हुआ। वक्ताओं ने युवाओं से नौकरी तलाशने के बजाय उद्यमी बनने और दूसरों को भी रोजगार देने का आह्वान किया।

## 10 दिनों से जल संकट पर मेयर सख्त, झमाडा जल संयंत्र का औचक निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जोरापोखर (धनबाद) :** झरिया में पिछले 10 दिनों से ठप पेयजल आपूर्ति को लेकर बढ़ते जनाक्रोश के बीच शुक्रवार को धनबाद के मेयर संजीव सिंह ने जामाडोबा स्थित झमाडा जल संयंत्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जलापूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य पूरा कर जल्द से जल्द पानी की आपूर्ति बहाल करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मेयर ने दामोदर नदी किनारे फुटवाल, मोटर पंप, वाल्व, फिल्टर प्लांट की क्लेरिफायर टंकी और चोक पाइपों की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों से तकनीकी और निमार्णाधीन कार्यों की जानकारी लेने के बाद उन्होंने स्पष्ट कहा कि विभागीय समस्याओं से पहले आम जनता को राहत देना प्राथमिकता है। उन्होंने लंबित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने और तकनीकी बाधाओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसी दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तख्तियां दिखाकर वर्ष 2019 में स्वीकृत ?312 करोड़ की 'हर घर नल जल' योजना का हिसाब सार्वजनिक करने की मांग की। श्री बाउरी ने कहा कि वर्ष 2023 तक पूरी होने वाली योजना आज भी अधूरी है, जबकि झरिया के कई इलाकों में नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही। उन्होंने योजना की प्रगति, खर्च की गई राशि और क्रियान्वयन की पारदर्शी जानकारी जनता के सामने रखने तथा किसी भी अनियमितता की निष्पक्ष जांच की मांग की। निरीक्षण के दौरान झमाडा के अवर प्रमंडल अभियंता कृपा शंकर यादव, कनीय अभियंता, विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर जेना, अखिलेश सिंह, अभिषेक पांडे, उमेश यादव, संतोष कुमार, पिंकू चौबे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। लंबे समय से जारी जल संकट के बीच अब झरिया के लोगों की निगाहें झमाडा द्वारा जल्द जलापूर्ति बहाल किए जाने पर टिकी हैं।

### केडी कॉलोनी में चार दिनों से जलापूर्ति ठप, पानी के लिए मचा हाहाकार, प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

**सिन्दरी (धनबाद) :** सिन्दरी की केडी और एफडी कॉलोनी में पिछले चार दिनों से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, सेल की सहयोगी कंपनी पावर मैक द्वारा टासरा प्रोजेक्ट से एफसीआई कारखाना परिसर में निमार्णाधीन कोलवाशरी तक कन्वेयर बेल्ट निर्माण के दौरान जलापूर्ति पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद से दोनों कॉलोनियों में पानी की सप्लाई बंद है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार अनुरोध किए जाने के बावजूद पावर मैक कंपनी ने क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत नहीं कराई है। लगातार चार दिनों से जलापूर्ति बाधित रहने के कारण लोगों को पीने और घरेलू उपयोग के लिए पानी जुटाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मामले को गंभीर बताते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक कुमार दीपू ने एफसीआई प्रबंधन को स्थिति से अवगत कराया है। उन्होंने अब धनबाद के उपायुक्त और मेयर से भी हस्तक्षेप कर जल्द पाइपलाइन की मरम्मत कराने तथा जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ सकता है।

## संत गुरु रविदास के आदर्शों पर चलने का आह्वान पुटकी में कलश वंदन अभियान में शामिल हुए विधायक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 650वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पुटकी में आयोजित समरसता संकल्प कार्यक्रम के तहत उनकी जन्मस्थली काशी से लाए गए पूज्य कलश का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कलश वंदन अभियान में भाग लेते हुए पूजा-अर्चना एवं आरती की तथा पूज्य कलश को मस्तक पर धारण कर नगर भ्रमण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राज सिन्हा ने कहा कि संत गुरु रविदास का जीवन सामाजिक समरसता, समानता, मानवता और भक्ति का अनुपम संदेश देता है। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास के विचार आज भी समाज को जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर एकता, सद्भाव और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सभी लोगों से संत रविदास के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और समरस समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। राज सिन्हा ने कहा कि समाज में प्रेम, भाईचारा और समानता का वातावरण स्थापित करना ही संत गुरु रविदास के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, जिलाध्यक्ष श्रवण राय, जिला महामंत्री मानस प्रसून एवं रूपेश सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष प्रियंका देवी, मंडल अध्यक्ष गौतम चौधरी सहित पार्टी के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता, श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### आरटीआई में भूमि रिकॉर्ड की कथित गड़बड़ी का खुलासा

## 38 लोगों के नाम गलत तरीके से ऑनलाइन दर्ज करने का आरोप



**धनबाद :** गोविंदपुर अंचल के फेलाटांड़ मौजा में ऑनलाइन भूमि रिकॉर्ड में कथित अनियमितताओं का मामला सामने आया है। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर शिकायतकर्ता रमेश राही ने आरोप लगाया है कि भूमि रिकॉर्ड में प्लॉटों की संख्या बढ़ाने और करीब 38 लोगों के नाम गलत तरीके से ऑनलाइन दर्ज किए गए हैं। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, खाता संख्या-89 में वास्तविक रूप से करीब 220 प्लॉट होने चाहिए, जबकि ऑनलाइन रिकॉर्ड में 273 प्लॉट दर्ज हैं। इस प्रकार 53 अतिरिक्त प्लॉट ऑनलाइन दर्ज किए जाने का दावा किया गया है। वहीं खाता संख्या-271 की 4 एकड़ 10 डिसमिल भूमि को भी कथित रूप से गलत तरीके से ऑनलाइन रिकॉर्ड में शामिल करने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि वर्ष 2021 में भी बड़े पैमाने पर भूमि रिकॉर्ड में गड़बड़ी हुई थी। उन्होंने जिला प्रशासन से मूल खतियान, रजिस्टर-2, जमाबंदी, म्यूटेशन, नक्शा और ऑनलाइन रिकॉर्ड का मिलान कर उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। साथ ही जांच पूरी होने तक विवादित भूमि पर किसी भी प्रकार के निर्माण और लेन-देन पर निगरानी रखने की भी अपील की है। फिलहाल आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और प्रशासनिक जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### धनबाद में स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## मां के दूध को बताया नवजात का पहला टीका



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर टाटा मेन हॉस्पिटल में स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. कोमल सिंह, डॉ. अभिषेक, डॉ. अभिजीत मंडल एवं डॉ. अर्पण ने उपस्थित माताओं, परिजनों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को स्तनपान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने कहा कि मां का दूध नवजात शिशु के लिए सबसे सुरक्षित, सम्पूर्ण और प्राकृतिक आहार है। जन्म के पहले घंटे के भीतर मां का पहला गाढ़ा पीला दूध (कोलोस्ट्रम) बच्चे को अवश्य पिलाना चाहिए। इसे नवजात शिशु का 'पहला टीका (फर्स्ट वैक्सीन)' माना जाता है, जो संक्रमण, पीलिया और कई गम्भीर बीमारियों से बचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉक्टरों ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की सिफारिश के अनुसार जन्म से लेकर पहले छह माह तक शिशु को केवल मां का दूध ही दिया जाना चाहिए। इस दौरान पानी, शहद, घुट्टी या अन्य किसी प्रकार के आहार की आवश्यकता नहीं होती। छह माह के बाद मां के दूध के साथ-साथ पूरक आहार शुरू किया जाना चाहिए। डॉ. कोमल सिंह ने कहा कि स्तनपान से शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है तथा उसका शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर होता है। वहीं, डॉ. अभिजीत मंडल ने बताया कि स्तनपान कराने से भविष्य में मोटापा, मधुमेह और निमोनिया जैसी बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। डॉ. अभिषेक ने कहा कि स्तनपान केवल शिशु के लिए ही नहीं, बल्कि मां के स्वास्थ्य के लिए भी अत्यन्त लाभकारी है। इससे प्रसव के बाद शरीर जल्दी स्वस्थ होता है तथा स्तन कैंसर, ओवेरियन कैंसर और प्रसवोत्तर अवसाद का जोखिम कम होता है। डॉ. अर्पण ने कहा कि स्तनपान मां और शिशु के बीच भावनात्मक सम्बन्ध को भी मजबूत बनाता है। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने कहा कि स्तनपान केवल मां की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। परिवार के सदस्यों को स्तनपान कराने वाली माताओं को उचित पोषण, सहयोग और मानसिक समर्थन देना चाहिए। साथ ही, कार्यस्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर भी स्तनपान के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में सभी विशेषज्ञों ने लोगों से स्तनपान से जुड़ीं भ्रांतियों को दूर करने तथा अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने की अपील की।

## धनबाद बना कोयला क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट-2026 का ओवरऑल चैम्पियन, राज्य स्तरीय टीम का हुआ चयन


**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद पुलिस केंद्र स्थित सभागार में आयोजित तीन दिवसीय कोयला क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट-2026 का शुक्रवार को समापन हो गया। तकनीकी दक्षता, वैज्ञानिक अनुसंधान क्षमता और पुलिसिंग से जुड़े विभिन्न विषयों पर आयोजित प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए धनबाद जिला ओवरऑल डिस्ट्रिक्ट चैंपियन बना, जबकि बोकारो उपविजेता रहा। वहीं शैलेन्द्र पासवान को ओवरऑल इंडिविजुअल चैंपियन और मंजीत कुमार को उपविजेता घोषित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि आईजी (बोकारो प्रक्षेत्र) शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि ड्यूटी मीट का उद्देश्य पुलिसकर्मियों की कार्यकुशलता, वैज्ञानिक अनुसंधान क्षमता और तकनीकी दक्षता को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि बदलते अपराध के स्वरूप से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक जांच पद्धतियों में दक्षता जरूरी है। उन्होंने विजेताओं को बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने आयोजन की सफलता पर सभी विशेषज्ञों, निर्णायकों, आयोजन समिति और प्रतिभागियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ड्यूटी मीट पुलिसकर्मियों को नई तकनीक सीखने, अनुभव साझा करने और अनुसंधान कौशल विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। तीन दिनों तक चली प्रतियोगिता में एफएसएल, मेडिको-लीगल, क्राइम इन्वेस्टिगेशन, फिंगर प्रिंट, पुलिस फोटोग्राफी, कंप्यूटर अवेयरनेस, डॉग स्क्वायड, एंटी-सबोटाज चेक सहित कई विषयों पर लिखित, मौखिक और प्रायोगिक परीक्षाएं हुईं। समापन समारोह में विजेताओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

साथ ही राज्य स्तरीय पुलिस ड्यूटी मीट के लिए कोयला क्षेत्र की टीम का भी चयन किया गया। आयोजन के सफल संचालन में रांची से आई सीआईडी, एटीएस और एफएसएल की विशेषज्ञ टीम को भी सम्मानित किया गया।




### विश्व कप किकबॉक्सिंग के लिए चयनित खिलाड़ियों को बीसीसीएल का सहयोग, सीएमडी ने दीं शुभकामनाएं



**धनबाद :** विश्व कप किकबॉक्सिंग 2026 में प्रतिनिधित्व करने जा रही झारखंड की दो महिला खिलाड़ियों को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) ने प्रोत्साहन और आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। शुक्रवार को बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन में सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने झारखंड एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन की खिलाड़ी मनदीप कौर और राजदीप कौर से मुलाकात की। दोनों खिलाड़ियों का चयन 13 से 18 अक्टूबर 2026 तक उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में आयोजित होने वाली विश्व कप किकबॉक्सिंग 2026 प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में हुआ है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए बीसीसीएल ने दोनों खिलाड़ियों को प्रायोजन (स्पॉन्सरशिप) सहायता प्रदान की है। इस अवसर पर बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने दोनों खिलाड़ियों को चयन के लिए बधाई देते हुए आत्मविश्वास के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का अवसर है और उन्हें विश्वास है कि दोनों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम रोशन करेंगी। बीसीसीएल ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए सहयोग देना उसकी सामाजिक प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

## काला हीरा-2026 का स्मृति चिह्न देकर बीसीसीएल अधिकारी मनीष मिश्रा सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** भारत कोकिंग कोल नृत्य, संगीत एवं नाट्य संघ की ओर से शुक्रवार को बीसीसीएल के विभागाध्यक्ष (प्रशासन) मनीष मिश्रा को सांस्कृतिक कार्यक्रम 'काला हीरा-2026' का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संघ के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, सचिव हेमंत कुमार मंडल तथा उपाध्यक्ष यू.सी. मिश्रा ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर पदाधिकारियों ने कहा कि 'काला हीरा' कोयलांचल की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। हाल ही में आयोजित इसके दसवें संस्करण में देश के 13 राज्यों से आए कलाकारों के साथ स्थानीय प्रतिभाओं ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य कला, संस्कृति और नाट्य मंचन को बढ़ावा देने के साथ नई प्रतिभाओं को अवसर उपलब्ध कराना है। भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे। संघ के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी कलाकारों, उनके अभिभावकों, विभिन्न राज्यों से आए सांस्कृतिक गुरुओं, अतिथियों और दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आयोजन को सफल बनाने में मिले सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## सम्पादकीय.....

# अंततः बेदाग साबित हुए डॉ. साहब

**अपने** देश में 2004 से लेकर 2014 तक यूनाइटेड प्रोग्रेसिव अलायंस (यूपीए) का शासन रहा। इस अलायंस की अगुवाई कांग्रेस ने की। इस सरकार पर 2010 में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स, कोयला ब्लॉक आवंटन और 2जी स्पेक्ट्रम के आवंटन में भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप लगे। 2011 में अन्ना हजारे ने भ्रष्टाचार मिटाने के लिए लोकपाल लाने के नाम पर लम्बा आन्दोलन किया। इस आन्दोलन को भाजपा और 'मीडिया' का भरपूर साथ मिला। तब फिल्म जगत के लोगों ने भी डॉ. मनमोहन सिंह का खूब मजाक उड़ाया था। तब की सरकार के खिलाफ बने वातावरण का ही प्रभाव रहा कि 2014 के संसदीय चुनाव में कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गयी और भाजपा की केन्द्र में सरकार बन गयी। इसके बाद कभी कांग्रेसमुक्त भारत, तो कभी विपक्षमुक्त भारत बनाने की कोशिशें तेज हो गयीं। यह दीगर बात है कि इन कोशिशों में लगे तत्त्व औंधेमुंह गिरते रहे। लेकिन, इस क्रम में देश के लोकतांत्रिक ढांचे को जबरदस्त नुकसान हुआ। दरअसल, ये बातें इस समय इसलिए उल्लेखित की जा रही हैं, क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने 05 अगस्त को कोयला ब्लॉक आवंटन मामले में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के खिलाफ आपराधिक मामले को बंद कर दिया। साथ ही, उन्हें समन जारी करने के आदेश को भी रद्द कर दिया है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि सीबीआई ने 2014 में दो बार क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर स्पष्ट कहा था कि मनमोहन सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला चलाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य नहीं हैं। इसके बावजूद विशेष अदालत ने क्लोजर रिपोर्ट खारिज कर दी थी और 2015 में उन्हें आरोपी के रूप में तलब कर लिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि विशेष अदालत के पास सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को ठुकराने का कोई ठोस कारण नहीं था, इसलिए न्यायालय ने उस आदेश को रद्द करते हुए मामला गुण-दोष के आधार पर बंद कर दिया। 27 दिसम्बर 2024 को डॉ. मनमोहन सिंह का निधन हो गया। काश! शीर्ष न्यायालय का यह निर्णय उनके जीवित रहते आ गया होता। आज डॉ. सिंह अपने निर्दोष होने के निर्णय को सुनने के लिए इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन जनवरी 2014 में अपने आखिरी प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े सवाल पर कहा था, 'मैं इस मामले को लेकर थोड़ा दुखी महसूस करता हूं, क्योंकि मैंने ही इस बात पर जोर दिया था कि स्पेक्ट्रम आवंटन पारदर्शी और निष्पक्ष हो। मैं ही था, जिसने जोर देकर कहा था कि कोल ब्लॉक का आवंटन नीलामी के आधार पर हो, लेकिन इन तथ्यों को भुला दिया गया। विपक्ष का अपना स्वार्थ निहित था। मीडिया उनके हाथ का खिलौना भी बन गया।' उन्होंने कहा था...'इसलिए मेरे पास इसकी हर वजह है कि जब भी इस समय का इतिहास लिखा जायेगा, हम बेदाग बाहर आयेंगे।' डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था, 'मैं मानता हूं कि इतिहास मेरे प्रति आज के मीडिया के मुकाबले ज्यादा उदार होगा। यह फैसला इतिहासकारों को करना है कि मैंने क्या किया और क्या नहीं किया।' कितनी अच्छी बात है कि 12 वर्ष पहले की सरकार के प्रधानमंत्री प्रेस कांफ्रेंस किया करते थे। अपने और अपनी सरकार पर लगे आरोपों को लेकर जवाब देते थे। जबकि, आज की विडम्बना देखिए कि अब न तो प्रधानमंत्री प्रेस कांफ्रेंस करते हैं, न मीडिया के लोग उनसे भ्रष्टाचार पर बातें करते हैं। राम मंदिर में चढ़ावा चोरी इसका ज्वलंत उदाहरण है। विगत 12 वर्षों में कई और ऐसे प्रकरण हुए, लेकिन हर बार नैरेटिव बदल कर सरकार को जवाबदेही से निकलने का अवसर 'मीडिया' देता रहा। वर्तमान प्रधानमंत्री तो यह कहने की स्थिति में भी नहीं दिख रहे कि इतिहास मेरे साथ न्याय करेगा। लेकिन, डॉ. मनमोहन सिंह जानते थे कि सच कभी पराजित नहीं होता, अतः उन्होंने पहले ही अपने साथ होनेवाले न्याय की बात कह दी थी। बहरहाल, चाहे कोयला ब्लॉक आवंटन का मामला हो या फिर टू जी स्पेक्ट्रम आवंटन मामला ; दोनों ही मामलों में क्लीनचिट मिलना बताता है कि यूपीए सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा कर येन-केन प्रकारेण कांग्रेस को केन्द्र की सत्ता से बाहर करना ही एकमात्र ध्येय था।

## ● किसने क्या कहा



नयी प्रौद्योगिकियों से सशक्त होगा हथकरघा क्षेत्र

द्रौपदी मुर्मू
राष्ट्रपति

सीमा पार आतंकवाद खत्म होने पर ही पाकिस्तान से सामान्य द्विपक्षीय सम्बन्ध सम्भव

डॉ. एस. जयशंकर
विदेश मंत्री



# सरकारी स्कूल बचेंगे, तो शिक्षा, संस्कार व संस्कृति भी बचेगी

विशेष — डॉ. सत्यवान सौरभ



अंग्रेजी माध्यम को गुणवत्ता का पर्याय मान लिया गया है। अभिभावक अपनी आय का बड़ा हिस्सा निजी विद्यालयों की फीस, परिवहन, पुस्तकों और अन्य खर्चों पर लगाने को मजबूर हैं। दूसरी ओर, सरकारी विद्यालयों के प्रति उदासीनता बढ़ी है। यह प्रवृत्ति केवल शिक्षा का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन का भी प्रश्न है। यह सच है कि कुछ सरकारी विद्यालय संसाधनों, शिक्षकों की कमी या प्रशासनिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं। लेकिन, यह भी उतना ही सच है कि देश के हजारों सरकारी विद्यालय उत्कृष्ट परिणाम दे रहे हैं। अनेक सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी प्रशासनिक सेवाओं, सेना, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, खेल और शोध जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं।

**किसी** भी राष्ट्र की वास्तविक ताकत उसके विशाल भवनों, चौड़ी सड़कों, ऊँची इमारतों या आर्थिक विकास दर से नहीं मापी जाती। किसी देश की सबसे बड़ी शक्ति उसकी शिक्षा व्यवस्था होती है। शिक्षा ही वह आधार है जिस पर सभ्यता, संस्कृति, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और आर्थिक प्रगति का पूरा ढाँचा खड़ा होता है। यदि शिक्षा व्यवस्था मजबूत होगी तो समाज मजबूत होगा; यदि शिक्षा कमजोर होगी तो उसका प्रभाव आने वाली कई पीढ़ियों तक दिखाई देगा। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में सरकारी विद्यालय केवल पढ़ाई के केंद्र नहीं हैं, बल्कि सामाजिक समानता के सबसे बड़े संस्थान भी हैं। यहाँ किसान का बेटा, मजदूर की बेटी, दुकानदार का बच्चा और सरकारी कर्मचारी का पुत्र एक ही कक्षा में बैठकर शिक्षा प्राप्त कर सकता है। यही वह व्यवस्था है जो समाज में समान अवसर की भावना को जन्म देती है। यदि यह व्यवस्था कमजोर पड़ती है, तो शिक्षा धीरे-धीरे आर्थिक क्षमता पर निर्भर हो जाती है और समाज दो हिस्सों में बँटने लगता है—एक वह जो महँगी शिक्षा खरीद सकता है और दूसरा वह जिसे सीमित अवसरों से ही संतोष करना पड़ता है।

आज दुर्भाग्य से यह धारणा तेजी से फैल रही है कि अच्छी शिक्षा केवल निजी विद्यालयों में ही मिल सकती है। अंग्रेजी माध्यम को गुणवत्ता का पर्याय मान लिया गया है। अभिभावक अपनी आय का बड़ा हिस्सा निजी विद्यालयों की फीस, परिवहन, पुस्तकों और अन्य खर्चों पर लगाने को मजबूर हैं। दूसरी ओर, सरकारी विद्यालयों के प्रति उदासीनता बढ़ी है। यह प्रवृत्ति केवल शिक्षा का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन का भी प्रश्न है। यह सच है कि कुछ सरकारी विद्यालय संसाधनों, शिक्षकों की कमी या प्रशासनिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि देश के हजारों सरकारी विद्यालय उत्कृष्ट परिणाम दे रहे हैं। अनेक सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी प्रशासनिक सेवाओं, सेना, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, खेल और शोध जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कर रहे हैं। समस्या पूरे सरकारी तंत्र की नहीं, बल्कि उसकी असमान गुणवत्ता, सार्वजनिक धारणा और निरंतर सहयोग की कमी की भी है। शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं है। शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को अच्छा नागरिक बनाना, सही और गलत में अंतर करना सिखाना, संविधान के प्रति सम्मान विकसित करना और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भाव जगाना भी है। यदि शिक्षा केवल परीक्षा और अंकों तक सीमित हो जाए तो वह अधूरी शिक्षा है। संस्कार, सहिष्णुता, अनुशासन, सहयोग और संवेदनशीलता जैसे मूल्य भी शिक्षा का अभिन्न हिस्सा हैं।

सरकारी विद्यालयों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलते हैं। विविध सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि के बच्चों का एक साथ पढ़ना लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करता है। बच्चे एक-दूसरे की परिस्थितियों को समझते हैं, विविधता का सम्मान करना सीखते हैं और सामाजिक समरसता विकसित होती है। इसके विपरीत यदि शिक्षा पूरी तरह आर्थिक वर्गों में बँट जाएगी तो सामाजिक दूरी भी बढ़ेगी। आज अपराध, नशाखोरी, हिंसा, साइबर अपराध और सामाजिक असहिष्णुता जैसी समस्याओं पर गंभीर चर्चा होती है। इन समस्याओं के अनेक कारण हैं—बेरोजगारी, सामाजिक असमानता, पारिवारिक विघटन, अवसरों की कमी और मूल्य-आधारित शिक्षा का अभाव। यह कहना उचित नहीं होगा कि इन सभी समस्याओं का कारण केवल शिक्षा व्यवस्था है, लेकिन यह अवश्य कहा जा सकता है कि एक मजबूत, समावेशी और मूल्य-आधारित शिक्षा व्यवस्था इन चुनौतियों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसीलिए सरकारी विद्यालयों को केवल भवन, कमरे और फर्नीचर के रूप में नहीं देखना चाहिए। वे सामाजिक परिवर्तन के केंद्र हैं। यदि इन विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षित शिक्षक और समुदाय का सहयोग मिलेगा तो उनका प्रभाव केवल विद्यार्थियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे समाज पर पड़ेगा।

अक्सर यह प्रश्न पूछा जाता है कि यदि निजी विद्यालय बेहतर हैं तो लोग सरकारी विद्यालयों की चिंता क्यों करें? इसका उत्तर बहुत सरल है। किसी भी लोकतांत्रिक देश में सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था कमजोर होने का प्रभाव अंततः पूरे समाज पर पड़ता है। जब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केवल कुछ लोगों तक सीमित रह जाती है, तब अवसरों की असमानता बढ़ती है। असमानता बढ़ने पर सामाजिक तनाव, आर्थिक विषमता और असंतोष भी बढ़ते हैं। इसलिए सरकारी विद्यालयों की मजबूती केवल गरीबों का नहीं, बल्कि पूरे समाज का हित है। ग्रामीण भारत में सरकारी विद्यालयों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण है। अनेक गाँवों में यही एकमात्र ऐसा संस्थान है जहाँ बच्चों को शिक्षा का अवसर मिलता है। यदि इन विद्यालयों की गुणवत्ता बेहतर होगी तो गाँवों से पलायन कम होगा, स्थानीय प्रतिभाएँ आगे आएँगी और ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी। इसके विपरीत यदि ग्रामीण शिक्षा कमजोर होगी तो उसका प्रभाव रोजगार, कृषि, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास तक दिखाई देगा।

# नशे के विरुद्ध एक अभियान

गौरतलब — मृत्युंजय दीक्षित



समाज को उनका सम्मान करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि भारत में ड्रग्स की सप्लाई दुश्मन देशों की आतंकी साजिश का हिस्सा है। दुश्मन देश भारतीय युवाओं को नशे के जाल में धकेलना चाहते हैं, ताकि भारत कभी भी एक सशक्त एवं विकसित देश के रूप में स्थापित न हो सके।

**देश** को नक्सलवाद-माओवाद के आतंक से मुक्ति दिलाने के बाद केंद्र सरकार ने दो नये अहम अभियान प्रारंभ किये हैं- पहला, भारत को घुसपैठियों से मुक्त करना और दूसरा, युवाओं को नशे की लत से मुक्ति दिलाना। भारत के किशोरों तथा युवाओं को हर प्रकार के नशे से मुक्ति दिलाने के लिए 2 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी ने 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान' का प्रारंभ करते हुए वीडियो संदेश जारी किया है। अपने सन्देश में प्रधानमंत्री ने कहा कि जो युवा नशे से लड़कर बाहर निकलते हैं वे कमजोर नहीं बल्कि असली योद्धा होते हैं। समाज को उनका सम्मान करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि भारत में ड्रग्स की सप्लाई दुश्मन देशों की आतंकी साजिश का हिस्सा है। दुश्मन देश भारतीय युवाओं को नशे के जाल में धकेलना चाहते हैं ताकि भारत कभी भी एक सशक्त एवं विकसित देश के रूप में स्थापित न हो सके। इस साजिश को हम सबको मिलकर नाकाम करना होगा। विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब देश का युवा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होने के साथ नशे से भी दूर रहेगा। अगले 100 सप्ताह तक हर रविवार को कला, संस्कृति, खेल और अन्य गतिविधियों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश देशभर में पहुंचाया जाएगा। नशे की लत युवाओं के सपनों और परिवार दोनों को ही तोड़ देती है। नशा केवल व्यक्ति या परिवार को नहीं बल्कि राष्ट्र की ताकत को भी कमजोर करता है।

इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और उन्हें अपने समाज में बदलाव लाने के लिए आगे बढ़ाना है। प्रत्येक रविवार को देशभर में अलग-अलग कार्यक्रम होंगे जिसमें वॉकाथन और दौड़, खेल प्रतियोगिताएं, योग और ध्यान सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, नशा विरोधी जागरूकता अभियान, चर्चा और संवाद कार्यक्रम, पेंटिंग्स व आर्ट्स प्रतियोगिताएं तथा सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। यह अभियन 125 से अधिक आध्यात्मिक, सामाजिक तथा सरकारी संगठनों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, आर्ट ऑफ लिविंग, गायत्री परिवार, इस्कॉन से लेकर माता अमृतानंदमयी मठ जैसे संगठन इस अभियान से जुड़ कर कार्य कर रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद् पहले से व्यापक स्तर पर नशामुक्ति अभियान चला रहा है।


## आज का इतिहास

- फ्रांस ने 1549 में इंग्लैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- डेनमार्क और स्वीडन में 08 अगस्त 1700 को शांति संधि पर हस्ताक्षर किये।
- जेनेवा में रेड क्रॉस की स्थापना 1864 में हुई।
- ए. टी. मार्शल ने 1899 में रेफ्रीजरेटर का पेटेंट कराया।
- बोस्टन में पहले डेविस कप शृंखला की शुरुआत 1900 में हुई।
- रावलपिंडी संधि के तहत ब्रिटेन ने 1919 में अफगानिस्तान की आजादी को मान्यता दी।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 1942 में बम्बई (अब मुंबई) सत्र में 'भारत छोड़ो प्रस्ताव' पारित किया।
- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रुमैन ने 1945 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर हस्ताक्षर किये।
- द्वितीय विश्व युद्ध में सोवियत संघ ने 1945 मेर जापान के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- पाकिस्तान ने 1947 में अपने राष्ट्रीय ध्वज को मंजूरी दी।
- आजादी के बाद पहली बार केन्द्र सरकार को 1967 में लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।
- दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के समूह की स्थापना के लिए इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड की बैठक 1967 में आयोजित की गयी।
- अफगानिस्तान में नौ साल के युद्ध के बाद रूसी सेना की वापसी 1988 में शुरू हुई।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 1991 में उत्तरी और दक्षिण कोरिया की सदस्याता को मंजूरी दी।
- चीन और ताईवान के जनप्रतिनिधियों ने 1994 को सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- ताइवान आजाद होने के लिए 2002 में जनमत संग्रह योजना से पीछे हटा।

## सुविचार

विफलता परिश्रम छोड़ देने का नतीजा है।
**एफ. जी. जॉयनर**

गुस्से से ज्ञान का प्रकाश बुझ जाता है।
**आर. जी. इंगरसोल**




## ध्यान से खुल जाते हैं आत्मा के सारे चक्र

**उपदेशों** और सिद्धांतो की इतनी भरमार है कि परमात्मा को अर्थात अपने जीवन के परम लक्ष्य को ढूंढना घास में से सुई खोजने के बराबर हो गया है। कुछ लोगों के लिए आध्यात्मिकता, माया से मुक्त होने का साधन है तो कुछ लोगों के लिए यह तप और भक्ति से भी अधिक उच्च स्तर का मार्ग है। भले ही परमलक्ष्य तक पहुंचने के विभिन्न मार्ग क्यों न हों, लेकिन योग उनमें किसी प्रकार का भेद नहीं करता। एक योगी के लिए यह संपूर्ण सृष्टि किसी नाटक के समान है। चरित्रों और दृश्यों से प्रभावित हुए बिना इस नाटक का अनुभव करना ही परम उद्देश्य है। आवश्यकता कर्म से ऊपर उठने की है। कृष्ण ने अपनी लीला से इस महत्व को समझाया कि नाटक के मोह में नहीं बंधना है। न ही इससे प्रभावित होना है। यही निष्काम कर्म है। जो सुख- दुख से परे रखता है। मनुष्य में आध्यात्मिक उत्थान की प्रक्रिया शुरू होती और आगे बढ़ती है तो आत्मा विभिन्न चप्रों और जीवन के पहलुओं से होते हुए निरंतर आरोहण करने लगती है। जीवन में भौतिक शरीर की मूल आवश्यकताओं और इच्छाओं से ऊपर उठते हुए उच्चतम शिखरों को छूते हुए अंत में स्वयं से और इस संसार से भी ऊपर उठना होता है। सनातन क्रिया में अष्टांग योग के आठों अंग पूर्णतया सम्मिलित हैं। गुरु के सानिध्य में इस क्रिया को करने से निम्न चप्रों से आज्ञा चप्र व उससे आगे तक पहुंचने का मार्ग स्पष्ट हो जाता है।

# संस्कारों से खाली होती नयी पीढ़ी का सबसे दर्दनाक सच



प्रो. आरके जैन

**समाज** की संवेदनहीनता अब कोई छिपी हुई बीमारी नहीं, बल्कि खुले घाव की तरह फैल रही है। जब कोई पिता, जिसने अपनी जवानी के सपने कुचलकर बेटियों को आत्मनिर्भर बनाया, बुढ़ापे में सोनीपत के वृद्धाश्रम की चारदीवारी में अंतिम सांस लेता है और उसकी संतानें अंतिम संस्कार में शरीर से नहीं, केवल पैसों या स्क्रीन से जुड़ती हैं, तब यह घटना एक परिवार की नहीं, पूरे युग की कहानी बन जाती है। शिवचरण गुप्ता जैसे पिता की चिता के सामने खड़े समाजसेवियों के कंधे बताते हैं कि रिश्ते अब खून से नहीं, सुविधा से तय होते हैं। तकनीक ने हाथों को जोड़ दिया, लेकिन हृदय को अलग कर दिया। यह विडंबना नहीं, एक चेतावनी है कि हम इंसानियत की परिभाषा ही बदल रहे हैं।

एक समय था जब पिता की अंतिम यात्रा में बेटियों का कंधा देना सबसे बड़ा धर्म माना जाता था। आज वही धर्म वीडियो कॉल और पाँच हजार एक सौ रुपये में सिमट गया है। तीनों आत्मनिर्भर और सफल बेटियाँ—एक नेपाल, एक मुंबई, एक आजमगढ़ में—बाप की मृत्यु की खबर सुनकर भी शरीर से नहीं पहुँचीं। एक ने पैसा भेजा, दूसरी ने स्क्रीन पर चिता देखी, तीसरी ने शायद यह भी जरूरी नहीं समझा। उल्लेखनीय है कि बीमारी की सूचना लगभग 20 दिन पहले दे दी गई थी, फिर भी कोई बेटी नहीं पहुँची। क्या शिक्षा ने उन्हें केवल डिग्री दी और संवेदना छीन ली? पिता ने करोड़ों का कारोबार खोकर भी बेटियों को पढ़ा-लिखाया, पर बेटियों ने अंतिम क्षण में उपस्थिति का कर्ज नहीं चुकाया। यह लेन-देन नहीं, भावनात्मक दिवालियापन है।

वृद्धाश्रम अब अनाथों के नहीं, उन माता-पिता के घर बन गए हैं जिनके बच्चे सफल हैं। शिवचरण गुप्ता ने मुंबई में कपड़े का साम्राज्य खड़ा किया था, फिर सब कुछ खोया, पत्नी भी चली गईं, फिर भी बेटियों को आत्मनिर्भर बनाया। करीब डेढ़-दो साल पहले पत्नी के साथ वृद्धाश्रम पहुँचे। पत्नी मीना गुप्ता का निधन भी आश्रम में हुआ था और तब भी बेटियाँ नहीं आई थीं। दोनों बार आश्रम प्रबंधन और स्थानीय लोगों ने संस्कार किए। अब पिता की चिता पर भी वही दृश्य। समाज ने कंधा दिया, आँखें दान हुईं, दो दृष्टिहीनों को रोशनी मिली। पर जिन आँखों ने बेटियों को सपने दिखाए, उन आँखों को अंतिम विदाई में देखने वाली संतानें दूर रहीं। आँखों का दान रोशनी देता है, पर संतानों की अनुपस्थिति अंधेरा फैलाती है।


आधुनिक जीवन की भागदौड़ ने रिश्तों को समयसारिणी में कैद कर दिया है। करियर, शहर, विदेश—सब जरूरी लगते हैं, पर माता-पिता का अंतिम संस्कार फालतू। तकनीक हमें दुनिया से जोड़ती है, पर घर के आँगन से काट देती है। तीनों आत्मनिर्भर बेटियों में दो बेटियाँ शिक्षिका हैं, समाज को नैतिकता सिखाती होंगी, पर खुद के पिता की चिता के पास खड़े होने का समय नहीं निकाल सकीं। क्या यह शिक्षा की असफलता नहीं? डिग्रियाँ बढ़ीं, संस्कार सिकुड़े। बैंक बैलेंस भरा, हृदय खाली। पिता ने भूख छिपाकर पेट भरा, थकान छिपाकर नींव रखी, पर अंतिम यात्रा में अकेला छोड़ दिया गया। यह घटना हमें आईना दिखाती है कि हम संबंधों को भावुकता से नहीं, बल्कि सौदेबाजी से तौलने लगे हैं। धन भेजना सरल है, उपस्थिति कठिन। वीडियो कॉल से अंतिम संस्कार देखना संभव है, कंधा देना असंभव।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जायेगा। मान- सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। | **तुला** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। समय ठीक है। |
| **वृष** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। सचेत रहें। | **वृश्चिक** आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। सचेत रहें। |
| **मिथुन** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जायेगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जायेगी। | **धनु** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। समय ठीक है। |
| **कर्क** लेनदेन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन- देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। | **मकर** समय पक्ष का साथ बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। समय ठीक है। |
| **सिंह** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। समय ठीक है। | **कुंभ** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ होगा। |
| **कन्या** विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानियां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होंगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। | **मीन** जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किये जा रहे काम में लाभ मिल जायेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जायेगी। |

# भारत छोड़ो आन्दोलन की अमिट गाथा

गौरतलब — योगेश कुमार गोयल



ब्रिटिश सरकार ने भारत को बिना उसकी सहमति के युद्ध में झोंक दिया था, जिससे भारतीय नेताओं और जनता में व्यापक असंतोष फैल गया। इसी बीच, 1942 में 'क्रिप्स मिशन' भारत आया, जिसने युद्ध के बाद भारत को डोमिनियन स्टेटस देने का प्रस्ताव रखा, लेकिन यह प्रस्ताव अस्पष्ट और अधूरा था। भारतीय नेताओं ने इसे अस्वीकार कर दिया, क्योंकि इसमें तत्काल स्वतंत्रता की कोई स्पष्ट गारंटी नहीं थी।

**भारत** छोड़ो आंदोलन, जिसे 'अगस्त क्रांति' के नाम से भी जाना जाता है, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में ऐसे निर्णायक मोड़ का प्रतीक है, जिसने अंग्रेजी शासन की नींव को गहराई से हिला दिया था। यह केवल एक राजनीतिक आंदोलन नहीं था बल्कि भारतीय जनमानस की स्वतंत्रता के प्रति अटूट इच्छा, आत्मबल और त्याग की पराकाष्ठा का सशक्त उदाहरण था। हर वर्ष 8 अगस्त को 'भारत छोड़ो आंदोलन दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जो हमें उस ऐतिहासिक संघर्ष की याद दिलाता है, जब पूरा देश एक स्वर में ब्रिटिश शासन के खिलाफ खड़ा हो गया था।

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान भारत की राजनीतिक स्थिति अत्यंत जटिल हो गई थी। ब्रिटिश सरकार ने भारत को बिना उसकी सहमति के युद्ध में झोंक दिया था, जिससे भारतीय नेताओं और जनता में व्यापक असंतोष फैल गया। इसी बीच, 1942 में 'क्रिप्स मिशन' भारत आया, जिसने युद्ध के बाद भारत को डोमिनियन स्टेटस देने का प्रस्ताव रखा लेकिन यह प्रस्ताव अस्पष्ट और अधूरा था। भारतीय नेताओं ने इसे अस्वीकार कर दिया क्योंकि इसमें तत्काल स्वतंत्रता की कोई स्पष्ट गारंटी नहीं थी। इस असफलता ने आंदोलन की पृष्ठभूमि तैयार की।

8 अगस्त 1942 को बॉम्बे (अब मुंबई) के गोवालिया टैंक मैदान, जिसे आज 'अगस्त क्रांति मैदान' के नाम से जाना जाता है, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का ऐतिहासिक अधिवेशन हुआ। इसी अधिवेशन में 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव पारित किया गया। महात्मा गांधी ने इस अवसर पर अपने प्रसिद्ध 'करो या मरो' के नारे के साथ देशवासियों को स्वतंत्रता के लिए अंतिम संघर्ष के लिए प्रेरित किया। यह नारा केवल आह्वान नहीं था बल्कि यह उस समय के भारत के आत्मविश्वास और संकल्प का प्रतीक बन गया। इस आंदोलन की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि यह एक पूर्ण जन-आंदोलन बन गया था। 9 अगस्त 1942 की सुबह ही गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल और अन्य प्रमुख नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। अंग्रेजों का उद्देश्य था कि नेतृत्व को खत्म कर आंदोलन को दबा दिया जाए लेकिन इसका उल्टा प्रभाव हुआ। नेताओं की गिरफ्तारी के बाद आंदोलन और अधिक उग्र और व्यापक हो गया। देश के विभिन्न हिस्सों में जनता स्वतः सड़कों पर उतर आई। छात्रों, मजदूरों, किसानों और महिलाओं ने बड़ी संख्या में इस आंदोलन में भाग लिया।

भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान कई स्थानों पर हिंसक घटनाएं भी हुई। रेलवे लाइनों को नुकसान पहुंचाया गया, टेलीफोन और तार सेवाएं बाधित की गई और सरकारी इमारतों पर हमले किए गए। हालांकि महात्मा गांधी का आंदोलन अहिंसात्मक था लेकिन जनता के भीतर दबी हुई आक्रोश की भावना कई स्थानों पर उग्र रूप में सामने आई। ब्रिटिश सरकार ने भी इस आंदोलन को कुचलने के लिए कठोर कदम उठाए। पुलिस और सेना ने बल प्रयोग किया, हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया और कई स्थानों पर गोलीबारी हुई, जिसमें सैंकड़ों लोग शहीद हो गए।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### 08 व 09 अगस्त को जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर आयोजित होगा विशेष शिविर

# मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचें : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिलेश्वर महत्तो ने जिले के सभी नागरिकों से मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत प्रकाशित मतदाता सूची में अपना एवं अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों का नाम अनिवार्य रूप से जांचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दिनांक 05 अगस्त 2026 को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया जा चुका है तथा दिनांक 05 अगस्त से 04 सितंबर 2026 तक दावा एवं आपत्ति दर्ज कराने का अवसर उपलब्ध है। उपायुक्त ने कहा कि जिन पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाया है, वे निर्धारित प्रपत्र-6 भरकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं। साथ ही ऐसे युवा, जिनकी आयु 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, वे भी प्रपत्र-6 के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी मतदान केंद्रों पर दिनांक 08 अगस्त एवं 09 अगस्त 2026 को विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में नागरिक अपने एवं अपने परिवार के सदस्यों का नाम मतदाता सूची में जांच सकते हैं तथा आवश्यकतानुसार दावा एवं आपत्ति से संबंधित प्रपत्र भी भर सकते हैं।



**नाम स्थानांतरण एवं नये मतदाता पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध**

**उपायुक्त** ने कहा कि यदि किसी परिवार के सदस्य का नाम किसी अन्य मतदान केंद्र अथवा अन्य स्थान की मतदाता सूची में दर्ज हो गया है, तो संबंधित व्यक्ति प्रपत्र-8 भरकर अपने नाम का स्थानांतरण कराते हुए अपने वर्तमान परिवार एवं मतदान केंद्र में शामिल हो सकता है। वहीं नए पात्र मतदाता भी विशेष शिविर में पहुंचकर प्रपत्र-6 के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने जिले के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी नागरिक निर्धारित तिथि को आयोजित विशेष शिविर में अवश्य पहुंचें, मतदाता सूची में अपना नाम जांचें तथा यदि कोई त्रुटि या नाम छूटा हो तो निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से समय सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि जिले का कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे।

## मतदाता सूची में नाम जांचने के लिए 04 सितम्बर तक मिलेगा मौका, जिलेभर में लगेंगे विशेष शिविर

**लातेहार :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत जिले के मतदाताओं को 4 सितंबर तक दावा और आपत्ति दर्ज कराने का अवसर दिया गया है। उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी संदीप कुमार ने शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में लोगों से अपील की कि वे प्रारूप मतदाता सूची में अपना और परिवार के सभी पात्र सदस्यों का नाम अवश्य जांच लें। किसी प्रकार की त्रुटि मिलने पर निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से समय रहते सुधार कराएं। उपायुक्त ने बताया कि 5 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है। यह सूची सभी मतदान केंद्रों, ईआरओ एवं एईआरओ



कार्यालयों के अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिन पात्र नागरिकों का नाम सूची में नहीं है, वे प्रपत्र-6 के साथ आवश्यक दस्तावेज जमा कर 4 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। वहीं, 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा भी मतदाता बनने के लिए आवेदन के पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि मृत, स्थानांतरित या अपात्र व्यक्ति का नाम हटाने के लिए प्रपत्र-7 तथा नाम, पता, आयु या अन्य विवरण में संशोधन के लिए प्रपत्र-8 का उपयोग किया जा सकता है। आवेदन संबंधित बीएलओ, ईसीआईनेट मोबाइल ऐप या निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी जमा किए जा सकते हैं। प्रेस वार्ता में बताया गया कि 8-9 अगस्त और 22-23 अगस्त को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे, जहां मतदाता सूची से जुड़े आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। 15 अगस्त को पंचायत भवनों में ग्रामसभा आयोजित कर मतदाता सूची का सत्यापन और जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। वहीं 25 अगस्त से 4 सितंबर तक बीएलओ घर-घर जाकर होम टू रोल वेरिफिकेशन अभियान के तहत मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि जिले में नए मतदाताओं को जोड़ने और शत-प्रतिशत शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने मीडिया से भी इस अभियान की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में सहयोग की अपील की। प्रेस वार्ता में उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एक झलक

### लायंस क्लब गुमला ने चलाया वृक्षारोपण अभियान

**गुमला :** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से लायंस क्लब गुमला द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय (जिला स्कूल), करम टोली परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने 15 से 20 पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में क्लब के पूर्व अध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण के साथ उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। वहीं सचिव एमजेएफ शंकर लाल जाजोदिया ने कहा कि लायंस क्लब केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उनके संरक्षण और संवर्धन के लिए भी निरंतर प्रयास करेगा। कार्यक्रम में क्लब के कई सदस्य मौजूद रहे। अंत में सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। यह जानकारी लायंस क्लब गुमला के पीआरओ हेमंत कुमार ने दी।

### चोरी की बढ़तीं घटनाओं पर चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने थाना प्रभारी से की कार्रवाई की मांग

**गुमला :** शहर एवं सदर थाना क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं को लेकर चैंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल सदर थाना प्रभारी विनय कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने और आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर चर्चा की। चैंबर अध्यक्ष राजेश लोहानी ने कहा कि सदर क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाएं चिंता का विषय हैं। उन्होंने नशाखोरी को भी अपराध बढ़ने का एक कारण बताते हुए इस पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने शहर के प्रमुख मार्गों पर पुलिस गश्ती बढ़ाने, रात्रि गश्ती को मजबूत करने, संदिग्ध लोगों से पूछताछ करने और बीट पुलिसिंग व्यवस्था को प्रभावी बनाने का आग्रह किया। थाना प्रभारी विनय कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया है। उन्होंने कहा कि घटनाओं में शामिल लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी और अपराध नियंत्रण में आम लोगों के सहयोग की आवश्यकता है। इस दौरान निवर्तमान अध्यक्ष राजेश सिंह, पूर्व अध्यक्ष दामोदर कसेरा, उपाध्यक्ष बबलू वर्मा एवं अभिजीत जायसवाल, सचिव प्रणय कुमार साहू सहित चैंबर के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### चटकपुर में कुएं से युवती का शव मिलने से हड़कम्प

**महुआडांड़ :** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के चटकपुर गांव में शुक्रवार सुबह 20 वर्षीय युवती नंदनी कुमारी का शव कुएं से मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, नंदनी कुमारी सुबह घर के पास शौच के लिए निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान घर के समीप स्थित एक कुएं में उसका शव तैरता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद ग्रामीणों और परिजनों ने मिलकर शव को कुएं से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मृतका की मां मुन्नी देवी ने महुआडांड़ थाना को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार रविदास पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले की जांच शुरू की।

## 12 अगस्त को महुआडांड़ के स्कूलों में नहीं बनेगा मिड-डे मील, रसोइये आन्दोलन में होंगे शामिल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया, संयोजिका एवं अध्यक्ष संघ ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। संघ के आह्वान पर 7 अगस्त से 12 अगस्त तक रांची स्थित विधानसभा के समक्ष धरना-प्रदर्शन और घेराव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में 12 अगस्त को महुआडांड़ प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों के रसोइये अवकाश लेकर आंदोलन में शामिल होंगे। आंदोलन की जानकारी देते हुए रसोइया संघ, महुआडांड़ इकाई के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य पदाधिकारियों ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन सौंपा है। आवेदन में बताया गया है कि 12 अगस्त को सभी रसोइये सामूहिक रूप से आंदोलन में भाग लेने के लिए अवकाश पर रहेंगे। इसके कारण उस दिन प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना का संचालन नहीं हो सकेगा। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि रसोइयों की कई मांगें लंबे समय से लंबित हैं। सरकार के साथ पहले हुए समझौते के बावजूद अब तक उन पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई है। बार-बार मांग उठाने के बाद भी समाधान नहीं होने से संगठन ने आंदोलन का रास्ता अपनाया है। संघ का कहना है कि सरकार जल्द से जल्द लंबित मांगों का निराकरण करे और पूर्व में किए गए समझौते को पूरी तरह लागू करे।

## महुआडांड़ में स्वतंत्रता दिवस की रूपरेखा तय

# प्रभात फेरी से फुटबॉल मैच तक होंगे आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह को मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को महुआडांड़ प्रखंड सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के सदस्यों, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।बैठक में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। निर्णय लिया गया कि जिन सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में वर्षों से झंडोत्तोलन का समय निर्धारित है, वहां इस बार भी उसी समय पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा, ताकि कार्यक्रमों के संचालन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्वतंत्रता दिवस की



शुरूआत स्कूली बच्चों की प्रभात फेरी से होगी। इसके बाद प्रखंड परिसर में छात्र-छात्राएं देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रीय एकता पर आधारित झांकियां प्रस्तुत करेंगे। बच्चों और युवाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा, जबकि आवासीय उच्च विद्यालय के खेल मैदान में संत जोसेफ और माइटी टीम के बीच फुटबॉल मैच आकर्षण का केंद्र रहेगा।बैठक में समारोह के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, अनुशासन, कार्यक्रमों के सुचारु संचालन और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी संतोष कुमार बैठा, जिला परिषद सदस्य ऐसतेला नगेसिया, प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, कांग्रेस नेता अजित पाल कुजूर, नुरुल होदा, भाजपा के अमित कुमार जायसवाल और प्रशांत सिंह, झामुमो के परवेज आलम, पुअनि बंधन तिर्की, मो. नेजाम, अब्दुल मतिन, डॉ. सुबोध कुमार सिंह, रंजीत यादव, करमा उरांव, अहिया अंसारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विद्यालय में पुलिस ने विद्यार्थियों को कानून और सामाजिक मुद्दों की दी जानकारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** परियोजना +2 विद्यालय, छिपादोहर में शुक्रवार को छिपादोहर थाना की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के साथ पुलिस पदाधिकारी ने सीधा संवाद कर उन्हें कानून, सुरक्षा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया।संवाद के दौरान विद्यार्थियों को आपातकालीन सेवा डायल-112 का सही उपयोग, बाल विवाह की कानूनी स्थिति, साइबर अपराधों से बचने के तरीके, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन, डायन-बिसाही जैसी अंधविश्वास आधारित कुप्रथा और दहेज प्रथा के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही नए आपराधिक



कानून-2023 के प्रमुख प्रावधानों को भी सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने खुलकर अपनी जिज्ञासाएं रखीं। साइबर ठगी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, पुलिस सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा कानून से जुड़े कई सवाल पूछे गए। पुलिस पदाधिकारी ने सभी प्रश्नों का सहज और व्यावहारिक ढंग से उत्तर देते हुए छात्रों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने और सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करने की सलाह दी।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां तेज, सभी विद्यालयों में प्रभात फेरी

# ध्वजारोहण व विविध प्रतियोगिताओं के होंगे आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य एवं गरिमामय ढंग से मनाने की तैयारियों को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय स्थित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में सभी विद्यालयों को 15 अगस्त को ससम्मान राष्ट्रीय ध्वज फहराने, राष्ट्रगान, देशभक्ति गीत-संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, चित्रांकन, भाषण, निबंध एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हुए राष्ट्रीय पर्व को उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त गुमला के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय अवस्थित सभी विद्यालय अपने-अपने पोषक क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस की सुबह विद्यार्थियों के साथ प्रभात फेरी का आयोजन करेंगे। साथ ही जिला मुख्यालय के समीपवर्ती विद्यालयों को परमवीर अल्बर्ट एक्का मुख्य स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में ध्वजारोहण से पूर्व विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। मुख्य समारोह में राष्ट्रगान एवं बैंड प्रदर्शन की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, गुमला को सौंपी गई है। वहीं शिक्षिका सोनाली त्रिपाठी तथा सेवानिवृत्त शिक्षक स्वपन राय को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मंच संचालन एवं मुख्य मंच पर उद्घोषणा की जिम्मेदारी दी गई।

## नगर पंचायत ने मुख्य सड़क से हटाया अतिक्रमण, जब्त किये ठेले

**लातेहार :** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में नगर पंचायत ने शुक्रवार को मुख्य डाक घर के समीप सड़क किनारे चल रहे अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान सड़क पर सब्जी बेच रहे कई दुकानदारों के ठेले हटाए गए और कुछ सामान जब्त भी किया गया।यह अभियान नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन के निर्देश पर चलाया गया। नगर पंचायत की टीम ने सड़क तथा सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए अस्थायी ठेले और अन्य ढांचों को हटाकर रास्ता खाली कराया। अभियान के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को सड़क पर दुकान नहीं लगाने और निर्धारित स्थानों पर ही व्यवसाय करने की हिदायत दी। नगर पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि सड़क किनारे अतिक्रमण होने से यातायात बाधित होता है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी को देखते हुए समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और सार्वजनिक स्थलों का उपयोग आम लोगों के लिए सुरक्षित रहे।

## जनता दरबार में पहुंचे फरियादी, उपायुक्त ने अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के लोगों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप कुमार ने स्वयं लोगों से मुलाकात कर उनकी शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों और शहरी क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, सरकारी योजनाओं का लाभ, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व, पेयजल तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से जुड़े आवेदन सौंपे। उपायुक्त ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की बात ध्यानपूर्वक सुनी और भरोसा दिलाया कि सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सुनवाई के



बाद उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि प्राप्त सभी आवेदनों का स्थल पर जाकर सत्यापन करें और बिना अनावश्यक विलंब के उनका निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम जनता की समस्याओं के समाधान में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों के निपटारे की नियमित समीक्षा भी की जाए। जिला प्रशासन ने बताया कि लोगों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन तक पहुंचाने और उनका समय पर समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला, अनुमंडल और प्रखंड स्तर पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जन शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इससे लोगों को अपनी बात रखने के लिए एक प्रभावी मंच मिल रहा है।

## 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों का बनेगा वय वंदना कार्ड

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** जिले में 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए वय वंदना कार्ड बनाने का विशेष अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 3 अगस्त से 18 सितंबर 2026 तक गुमला नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से चलाया जाएगा। वय वंदना कार्ड बनने के बाद पात्र बुजुर्गों को आयुष्मान योजना से संबद्ध अस्पतालों में निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी। कार्ड बनाने के लिए केवल आधार कार्ड की आवश्यकता होगी। अभियान के तहत विभिन्न वार्डों में निर्धारित तिथियों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इनमें 8 अगस्त से 18 सितंबर तक वार्ड संख्या 3 से 22 तक के आंगनबाड़ी केंद्रों, सामुदायिक भवनों एवं अन्य निर्धारित स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां पात्र वरिष्ठ नागरिक अपना वय वंदना कार्ड बनवा सकेंगे। उपायुक्त ने जिले के 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों और उनके परिजनों से निर्धारित तिथि पर अपने निकटतम शिविर में पहुंचकर आधार कार्ड के साथ वय वंदना कार्ड बनवाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह योजना वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है और सभी पात्र लाभुक इसका लाभ अवश्य उठाएं।

**गुमला नगर परिषद के वार्डों में 18 सितम्बर तक लगेंगे शिविर**

## प्रतिनियोजन से जूझ रहा डंडई बीआरसी कार्यालय

# दो कर्मियों के भरोसे चल रहा पूरा काम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डंडई (गढ़वा) :** प्रखंड के बीआरसी (ब्लॉक रिसोर्स सेंटर) कार्यालय में पदस्थापित अधिकांश कर्मियों के वर्षों से दूसरे कार्यालयों में प्रतिनियोजन पर रहने के कारण कार्यालय की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। हालात यह हैं कि कार्यालय में जगह-जगह कचरे का अंबार लगा है और कई आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी कार्य समय पर पूरे नहीं हो पा रहे हैं। वर्तमान में बीआरसी कार्यालय का संचालन केवल बीपीओ संतोष कुमार दुबे और दो आउटसोर्सिंग कर्मियों के भरोसे हो रहा है। इनमें भी एक आउटसोर्सिंग कर्मी नियमित रूप से कार्यालय नहीं आता, जिससे डाटा एंट्री और अन्य लेखन संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वहीं, कार्यालय में पदस्थापित कनीय अभियंता राकेश रोशन का भी नियमित रूप से कार्यालय आना नहीं हो पाता है। जानकारी के अनुसार, कार्यालय में पदस्थापित एमडीएम ऑपरेटर वीरेंद्र कुमार, चपरासी राम भजन राम सहित अन्य कर्मियों का भी वर्षों पहले दूसरे कार्यालयों में प्रतिनियोजन कर दिया गया था। तीन से चार वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक उनका प्रतिनियोजन समाप्त नहीं किया गया है। बीपीओ संतोष कुमार दुबे ने बताया कि उन्हें इस कार्यालय में कार्यरत हुए लगभग एक वर्ष हो चुका है, लेकिन इस दौरान उन्हें अपने ही कार्यालय के अधिकांश कर्मियों से मिलने का अवसर नहीं मिला। दस्तावेजों की जांच के दौरान उन्हें पता चला कि कार्यालय में एमडीएम ऑपरेटर वीरेंद्र कुमार, चपरासी राम भजन राम, कनीय अभियंता राकेश रोशन तथा आउटसोर्सिंग कर्मी अशरफ और रोहित कुमार पदस्थापित हैं। उन्होंने बताया कि आउटसोर्सिंग कर्मी रोहित कुमार नियमित रूप से कार्यालय आते हैं, जबकि अशरफ का कार्यालय में आना-जाना लगभग नहीं के बराबर है। इसके कारण डाटा एंट्री सहित कई तकनीकी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। बीपीओ ने कहा कि एमडीएम ऑपरेटर, चपरासी और कनीय अभियंता जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत कर्मियों की अनुपस्थिति का सीधा असर कार्यालय के दैनिक कार्यों पर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि साफ-सफाई से लेकर दस्तावेजों के रख-रखाव, पत्राचार, शिकायतों के संधारण और ग्रामीणों को जवाब भेजने तक की अधिकांश जिम्मेदारियां उन्हें स्वयं निभानी पड़ रही हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से प्रतिनियोजन पर गए कर्मियों को मूल कार्यालय में वापस भेजने की मांग की, ताकि कार्यालय का संचालन सुचारु रूप से हो सके।



## गुमला जलापूर्ति परियोजना को लेकर सामुदायिक परामर्श बैठक आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित गुमला नगर परिषद जलापूर्ति परियोजना के तहत सामुदायिक सहभागिता को मजबूत बनाने के उद्देश्य से वार्ड संख्या 20 में सामुदायिक परामर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद के उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने की। यह परियोजना झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही है, जबकि इसकी कार्यान्वयन एजेंसी गजा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड है। बैठक की शुरूआत कंपनी के कम्युनिटी रिलेशन मैनेजर चंदन कुमार ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत एवं परिचय कराते हुए की। बैठक में स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य हितधारकों को वार्ड क्षेत्र में प्रस्तावित जलापूर्ति पाइपलाइन बिछाने की योजना, कार्यान्वयन प्रक्रिया, सुरक्षा मानकों, यातायात प्रबंधन तथा निर्माण कार्य के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई।



# ग्रिजली विद्यालय में नैतिक मूल्यों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में '10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान-2026' के अंतर्गत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सहयोग से नैतिक मूल्य, ध्यान एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का विकास करना, सकारात्मक जीवन दृष्टि विकसित करना तथा नशे एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ स्टूडेंट्स सर्विस सेल के सहायक व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षक



सुमित कुमार सिंह के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने सभा में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया।इसके उपरांत विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं प्राचार्या अंजना कुमारी ने ब्रह्माकुमारी गायत्री दीदी एवं ब्रह्माकुमारी जूली दीदी का पौधा भेंट कर स्वागत किया। यह हरित सम्मान प्रकृति संरक्षण, नैतिक मूल्यों एवं उज्ज्वल भविष्य के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी जूली दीदी ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, सुदृढ़ चरित्र निर्माण तथा नशामुक्त जीवनशैली पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि नशा केवल व्यक्ति के शरीर को ही नहीं, बल्कि उसके मन, परिवार, संबंधों और भविष्य को भी प्रभावित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मसम्मान, अनुशासन एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों को अपनाते हुए नशे से दूर रहने का आह्वान किया।वहीं ब्रह्माकुमारी गायत्री दीदी ने विद्यार्थियों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराते हुए सकारात्मक सोच, मानसिक शांति एवं आत्मबल विकसित करने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि ध्यान (मेडिटेशन) के माध्यम से विद्यार्थी तनावमुक्त रहकर अपने व्यक्तित्व का समग्र विकास कर सकते हैं तथा जीवन में सफलता के साथ आंतरिक संतुलन भी बनाए रख सकते हैं।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं भावनात्मक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके पश्चात ब्रह्माकुमारी जूली दीदी ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को 'नशा मुक्ति प्रतिज्ञा' दिलाई, जिसमें सभी ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं प्राचार्या अंजना कुमारी ने संयुक्त संदेश में कहा, 'विद्यालय का उद्देश्य केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, आत्मानुशासन, सकारात्मक सोच एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना भी है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को स्वस्थ, संस्कारित एवं नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं और एक सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## कॉलेजों में चला मतदाता जागरूकता अभियान, 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं का हुआ ऑनलाइन पंजीकरण

**गुमला :** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके विद्यार्थियों का ऑनलाइन माध्यम से प्रपत्र-6 भरवाकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कराई गई। 67-सिसई विधानसभा क्षेत्र के बी.एन. जालान कॉलेज, सिसई तथा 69-बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के मॉडल डिग्री कॉलेज, घाघरा में निर्वाचन साक्षरता क्लब के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रपत्र-6 (नाम जोड़ने), प्रपत्र-7 (नाम विलोपन) एवं प्रपत्र-8 (संशोधन/स्थानांतरण) ऑनलाइन भरने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के उद्देश्य, दावा एवं आपत्ति की प्रक्रिया तथा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के महत्व से भी अवगत कराया गया। बताया गया कि 5 अगस्त से 4 सितंबर 2026 तक दावा एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। साथ ही 8 एवं 9 अगस्त को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे, जहां पात्र नागरिक अपने नाम का सत्यापन एवं आवश्यक संशोधन करा सकेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने युवाओं से स्वयं मतदाता बनने तथा अपने परिवार और आसपास के पात्र लोगों को भी मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

## एक झलक

### 08 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार

**चतरा :** सदर पुलिस ने छापामारी अभियान चला कर बाबा घाट मैदान के समीप से आठ पुड़िया (0.87 ग्राम) ब्राउन शुगर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जिसमें बिंड मुहल्ला नउवा टोला निवासी मो राजा व मो सुल्तान उर्फ पिंटू शामिल है। थाना प्रभारी अनिल उरांव ने कहा कि पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी को सूचना मिली थी कि बाबा घाट मैदान के पास कुछ युवक ब्राउन शुगर पीने-पीलाने का कार्य कर रहे है। सूचना के आधार पर छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मैदान के पास से दो युवको पकड़ा गया। दोनो की तलाशी लेने पर आठ पुड़िया में 0.87 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया गया। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनो को जेल भेज दिया गया। छापामारी टीम में थाना प्रभारी के अलावा पुलिस अवर निरीक्षक कासिम अंसारी व कई जवान शामिल थे।

### एक माह से लापता युवक की तलाश में जुटी पुलिस

**गुमला :** रायडीह थाना क्षेत्र के छत्तरपुर मांझाटोली निवासी रोशन उरांव (पिता-किनु उरांव) पिछले एक माह से लापता है। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। परिजनों के अनुसार, रोशन उरांव उत्तर प्रदेश में एक ईंट-भट्ठे पर मजदूरी करने गया था। कुछ समय पहले वह वापस गुमला लौट आया था। इसके बाद वह गुमला में अपने कुछ दोस्तों के साथ रह रहा था। बाद में वह गुमला शहर से सटे तिर्रा गांव स्थित अपनी मौसी के घर गया था। वहीं से उसने फोन कर परिजनों को बताया था कि वह अपने गांव छत्तरपुर लौट रहा है, लेकिन इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा और तभी से उसका मोबाइल भी बंद बताया जा रहा है। काफी खोजबीन के बावजूद कोई जानकारी नहीं मिलने पर रोशन के पिता किनु उरांव ने रायडीह थाना में पुत्र की गुमशुदगी को लेकर सनहा दर्ज कराया है।रायडीह थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही युवक की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस संभावित स्थानों पर खोजबीन कर रही है तथा उसके संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

### जंगली जानवरों के हमले से प्रभावित 35 पीड़ितों को मिला मुआवजा

**सतगावां :** प्रखंड के कटैया पंचायत भवन में वन विभाग द्वारा जंगली जानवरों के हमले और फसल नुकसान से प्रभावित ग्रामीणों के बीच मुआवजा राशि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजद के वरिष्ठ नेता सुभाष यादव मौजूद रहे। इस दौरान कुल 35 पीड़ितों को सहायता राशि दी गई। हाथी के हमले में मृत कटैया निवासी रोहित कुमार की पत्नी लक्ष्मी कुमारी को 3.75 लाख रुपये का चेक सौंपा गया। वहीं लकड़बग्घे के हमले में घायल सुगी कुमारी और हाथी के हमले में घायल पृथ्वी सिंह को डेढ़-डेढ़ लाख रुपये की सहायता राशि दी गई। इसके अलावा हाथियों द्वारा फसल नुकसान झेलने वाले किसानों को भी क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की गई। वन क्षेत्र पदाधिकारी रवींद्र कुमार ने कहा कि जिन प्रभावित ग्रामीणों ने अब तक आवेदन नहीं किया है, वे जल्द वन विभाग में आवेदन जमा करें, ताकि उन्हें भी नियमानुसार मुआवजा मिल सके।

## 08 व 09 अगस्त को जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर लगेगा विशेष शिविर

# कोई भी पात्र नागरिक छूटे नहीं, सक्रिय भागीदारी आवश्यक : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड विशेष गहन पुनरीक्षण -2026 के तहत 08 एवं 09 अगस्त, 2026 को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन दोनों दिनों प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक सभी मतदान केंद्रों पर फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 भरने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री रवि आनंद ने जिले के सभी पात्र भारतीय नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निकटतम मतदान केंद्र पर आयोजित विशेष शिविर में पहुँचकर फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 भरते हुए इस अभियान का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित नहीं रहना चाहिए। ऐसे भारतीय नागरिक, जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है अथवा 01 अक्टूबर, 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले हैं तथा संबंधित मतदान क्षेत्र के सामान्य निवासी हैं, वे मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु फॉर्म-6 एवं घोषणा-पत्र भर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि जिन परिवारों के सदस्यों के नाम अलग-अलग मतदान केंद्रों पर दर्ज हैं अथवा जिनका वर्तमान मतदान केंद्र उनके निवास स्थान से दूर है, वे अपने परिवार के सभी सदस्यों का नाम निकटवर्ती एक ही मतदान केंद्र पर स्थानांतरित कराने के लिए फॉर्म-8 भर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण -2026 की प्रक्रिया केवल पात्र भारतीय नागरिकों के लिए है। किसी



भी विदेशी नागरिक को इस प्रक्रिया में भाग नहीं लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि मतदाता ऑनलाइन आवेदन के लिए ECINet App डाउनलोड कर सकते हैं अथवा https://voters.eci.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए वोटर हेल्पलाइन-1950 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद ने जिले के सभी पात्र नागरिकों से अपील किया कि वे 08 एवं 09 अगस्त को अपने निकटतम मतदान केंद्र पर आयोजित विशेष शिविर में पहुँचकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र में स्थानांतरित कराने अथवा आवश्यक संशोधन संबंधी कार्य समय पर पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि 'कोई भी पात्र नागरिक छूटे नहीं' अभियान को सफल बनाने में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने व संशोधन के लिए 8-9 अगस्त को विशेष शिविर



**मेदिनीनगर :** विशेष गहन पुनरीक्षण -2026 के तहत पलामू जिले के सभी मतदान केंद्रों पर 8 और 9 अगस्त को विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। इसमें पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम-पता समेत अन्य विवरण में संशोधन तथा मतदान केंद्र से संबंधित आवश्यक बदलाव के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने जिले के पात्र नागरिकों से विशेष शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है। जिन भारतीय नागरिकों की आयु 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो जाएगी और जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे शिविर में पहुंचकर फॉर्म-6 एवं घोषणा-पत्र भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग मतदान केंद्रों पर दर्ज हैं और वे परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र पर दर्ज कराना चाहते हैं, वे फॉर्म-8 के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा मतदाता सूची में नाम, पता अथवा अन्य विवरण में संशोधन की आवश्यकता होने पर भी फॉर्म-8 के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। आवेदक संबंधित मतदान केंद्र पर बूथ लेवल ऑफिसर के माध्यम से आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके अलावा ECINET App और voters.eci.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध है। उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि रक्फ़ 2026 की प्रक्रिया केवल पात्र भारतीय नागरिकों के लिए है। उन्होंने सभी पात्र नागरिकों से 8 और 9 अगस्त को अपने निकटतम मतदान केंद्र पर पहुंचकर विशेष शिविर का लाभ उठाने तथा अन्य पात्र लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। विशेष शिविर को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, सेक्टर पदाधिकारियों और इछड को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, ताकि नागरिकों को मतदाता सूची से संबंधित आवेदन करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## प्रदेश कांग्रेस सचिव बनने पर जैश रंजन पाठक का भव्य स्वागत, बोले

# छात्रों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड कांग्रेस कमेटी के राज्य सचिव एवं पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के सम्मान में डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में लगातार स्वागत समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 7 अगस्त 2026 को नवा टोली कुंजरा पट्टी में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में लोगों ने जैश रंजन पाठक को फूल-माला, गुलदस्ता एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर नूर मोहम्मद ने की। इस अवसर पर विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों, सामाजिक कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर उन्हें



नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। सभा को संबोधित करते हुए जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि वे पलामू जिले में सभी धर्मों, जातियों और समुदायों को समान सम्मान के साथ देखते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक और सामाजिक जीवन में कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया और आगे भी समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं से भरा खूबसूरत गुलदस्ता है, जिसकी सुंदरता सभी समुदायों की भागीदारी और आपसी भाईचारे से बढ़ती है। उन्होंने छात्रों से जुड़े मुद्दों पर कहा कि राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम को रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन छात्रों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि झारखंड के छात्र आंदोलनों को भी समर्थन मिल रहा है और छात्रों की समस्याओं को मजबूती से उठाया जाएगा। अंत में उन्होंने समारोह में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए मिले सम्मान और स्नेह के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जमीअतुर राइन कमेटी पलामू के सचिव खुर्शीद आलम ने कहा कि जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ऐसे जनप्रतिनिधि हैं, जो सभी समुदायों को सम्मान के साथ साथ लेकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सचिव बनाए जाने से पलामू जिले का गौरव बढ़ा है। वहीं शमीम अहमद राइन ने कहा कि जैश रंजन पाठक ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान सामाजिक, शैक्षणिक और जनहित के कई कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई।

## विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की दी गयी जानकारी, दिलायी गयी शपथ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** जिले में संचालित नशा मुक्ति अभियान के तहत उच्च विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व महिला थाना प्रभारी फिरदौस नाज ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा उन्हें नशे से दूर रहकर स्वस्थ, सुरक्षित व जिम्मेदार जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान महिला थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक व सामाजिक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, भविष्य व परिवार को बुरी तरह प्रभावित करती है। इसलिए युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार, मित्रों व आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। साथ ही कहा कि यदि कहीं अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री या सेवन की जानकारी मिले तो, इसकी सूचना तत्काल चतरा पुलिस को दें, ताकि दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलायी गयी।


### दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

**ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-पैंट्री-18-26, दिनांक : 06.08.2026।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), रांची मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-पैंट्री-18-26, दिनांक 06.08.2026 के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं जिसे दिनांक 31.08.2026 को अपराह्न 4.00 बजे खोला जाना निर्धारित है। **कार्य का नाम/संक्षिप्त विवरण:** तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए राजधानी एलएचबी कोच के पैंट्री कार एवं मिनी पैंट्री में फिट किये गए पैंट्री उपकरणों का रखरखाव अनुबंध। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 40,20,480.85। **जमा बयाना राशि:** रु. 80,400। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 31.08.2026 को अपराह्न 4.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** **https://www.ireps.gov.in**। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय निविदादाता को निविदा दस्तावेज के साथ सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे।

**(PR-583)**



### शपथ-पत्र

मैं, सीता देवी उम्र 26 वर्ष पति मिथलेश कुमार यादव ग्राम भड़गांव पो०- मुरूप थाना-हेरहंज जिला-लातेहार राज्य झारखण्ड रास्ट्रीयता भारतीय शपथ पूर्वक निम्नलिखित घोषणा करती हूं।

1. यह कि मैं उपरोक्त ग्राम का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड है जिसका आधार कार्ड नम्बर- 5302 0382 0638 है जिसमें मेरा नाम सीता देवी (Sita Devi) दर्ज है।
3. यह कि बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा लातेहार में मेरा खाता सं०-50018100002941 है। जिसमें मेरा नाम सिता कुमारी (Sita Kumari) दर्ज है।
4. यह कि मेरा नाम सीता देवी (Sita Devi) एवं सिता कुमारी (Sita Kumari) दोनो नाम एक ही व्यक्ति का है जो मेरा ही नाम है। मैं दोनो नामो से जानी-पहचानी जाती हूं। एवं मेरे दोनों नामो मे कोई विवाद नहीं हैं। जिसके लिए मैं यह शपथ पत्र कर रही हूँ।
5. यह कि मैं यह शपथ पत्र उपरोक्त बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा लातेहार कार्य हेतू कर रही हूँ। इस शपथ पत्र में दी गई सारी बाते सही है गलत पाये जाने पर इसकी सारी जवाबदेही मेरी होगी। सीता देवी

मैं सीता देवी एकरार करती हूं कि शपथ पत्र में उपर लिखे सारी बातें मेरी जानकारी में सही सत्य व दुरूस्त है।

सीता देवी
लातेहार
शपथ पत्र संख्या JH779/19
दिनांक 03/08/2026


## मेटास एडवेंटिस्ट कॉलेज के विद्यार्थियों ने स्तनपान सप्ताह पर किया जागरूकता कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मेटास एडवेंटिस्ट कॉलेज के बी.एससी. नर्सिंग चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं ने अपनी इंटर्नशिप के दौरान एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया तथा स्तनपान के महत्त्व पर आधारित एक जागरूकता नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के माध्यम से इस वर्ष की थीम के अनुरूप शिशुओं के लिए मातृ दुग्ध के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया। नाटक का समापन ₹मां का दूध : हर बच्चे का अधिकार₹ के प्रभावशाली संदेश के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापिकाएं 'मिस स्नेहा पति एवं मिस रेचल मसीह' विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहीं। उनके मार्गदर्शन में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम की अस्पताल के चिकित्सकों, कर्मचारियों एवं उपस्थित लोगों ने सराहना की।

## जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक सम्पन्न

### 06 व्यक्तिगत वन पट्टा दावों को मिली स्वीकृति, 14 दावे ग्राम वन अधिकार समिति को लौटाने का निर्णय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति से प्राप्त व्यक्तिगत वन पट्टा दावों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सिमरिया अनुमंडल अंतर्गत टंडवा अंचल के ग्राम चिरलौंगा एवं उलातु से प्राप्त कुल 20 व्यक्तिगत वन पट्टा दावों पर विचार किया गया। अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति की अनुशंसा एवं वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षण के उपरांत 06 व्यक्तिगत वन पट्टा दावों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृत दावों का कुल रकबा 13.53 एकड़ है। बैठक में शेष 14 व्यक्तिगत वन पट्टा दावों पर विचारोपरांत यह पाया गया कि वे वन



अधिकार अधिनियम के प्रावधानों एवं निर्धारित मानदंडों की पूर्ति नहीं करते हैं। इस पर समिति ने सर्वसम्मति से उक्त दावों को आवश्यक कार्रवाई एवं पुनर्विचार हेतु संबंधित ग्राम वन अधिकार समिति को वापस भेजने का निर्णय लिया। उपायुक्त ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त सभी दावों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नियमानुसार परीक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभुकों को समयबद्ध तरीके से योजना का लाभ उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया, जिला कल्याण पदाधिकारी, समिति की सदस्य श्रीमती सोभा कुजूर, सदस्य सरजू उरांव सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## 09 अगस्त को 'आदिवासी महोत्सव' का आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ लगेगा 10 स्टॉल

# टाउन हॉल में दिखेगी आदिवासी कला-संस्कृति की भव्य झलक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 9 अगस्त को मेदिनीनगर स्थित टाउन हॉल में 'आदिवासी महोत्सव' का भव्य आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के माध्यम से जिले की समृद्ध आदिवासी कला, संस्कृति, परंपरा एवं विरासत को प्रदर्शित करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का संदेश दिया जायेगा। आदिवासी महोत्सव के अवसर पर सुबह प्रभात फेरी का आयोजन किया जायेगा। इसके पश्चात टाउन हॉल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं एकलव्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न पारंपरिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी जायेगी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से आदिवासी समाज की समृद्ध परंपराओं, लोककला एवं सांस्कृतिक विविधता को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जायेगा। कार्यक्रम स्थल के बाहरी परिसर में 10 विशेष स्टॉल लगाये जायेंगे, जिनके माध्यम से आदिवासी कला, संस्कृति, परंपरागत जीवनशैली एवं स्थानीय विरासत की झलक देखने को मिलेगी। इन स्टॉलों के माध्यम से आगंतुकों को आदिवासी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में सामुदायिक वन पट्टा का भी वितरण किया जायेगा। इसके माध्यम से पात्र समुदायों को उनके अधिकारों से जोड़ने एवं वनाधिकारों के संरक्षण की दिशा में किये जा रहे प्रयासों को भी रेखांकित किया जायेगा। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने जिले के स्थानीय जनप्रतिनिधियों को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया है। उन्होंने जिलेवासियों से भी कार्यक्रम में सहभागिता कर आदिवासी कला-संस्कृति एवं समृद्ध विरासत के उत्सव का हिस्सा बनने की अपील की है। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित 'आदिवासी महोत्सव' जिले में आदिवासी संस्कृति, कला, परंपरा और विरासत को सम्मान देने तथा उसे व्यापक स्तर पर प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।


### झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, चाईबासा

**ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

ई०-निविदा संख्या :- 01/2026-27/RWD/EE/CHAIBASA दिनांक : **07.08.2026**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, चाईबासा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेंडर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHAIBASA/ 01/2026-27 | लुपुंगुटू मुख्य पथ से संत जेवियर बालिका विद्यालय चाईबासा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 12.8433 | बारह लाख चौरीस हजार तीन सौ तीस रू0 मात्र। | 03 (तीन) माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- **21.08.2026**
2. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- **28.08.2026** अपराह्न **05:00** बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- **29.08.2026** अपराह्न **05:00** बजे।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि jharkhandtenders.gov.in के माध्यम से On-Line Mode से स्वीकार की जायेगी।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता - कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, चाईबासा, राजस्थान भवन के समीप, टुंगरी रोड चाईबासा- **833201**
6. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0- **06582- 359406**

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**ग्रामीण कार्य विभाग,**
**कार्य प्रमंडल, चाईबासा**

PR 386859 West Singhbhum (26-27)_D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
mail-rdsdgumla123@gmail.com

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई- निविदा सूचना संख्या - RDD/SD/GUMLA/17/2026-27

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः **(अनाबद्ध निधि मद)**

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of P.C.C Road from Raidih Khatkhor (NH Road) to Khatkhor Basti (Elrik Tirkey House) at Village-Khatkhor, Panchayat - Silam, Block - Raidih, District Gumla. | 36,17,800.00 | 72400.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | Construction of P.C.C Road from New Primary School Karanj Toli to Minush Lakra House at Village — Karanj Toli, Panchayat Kemte, Block - Raidih, District- Gumla. | 39,32,830.00 | 78700.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | Construction of PCC Road From The Main Road Chabutra To The Grafting Nursery At Village Sipringa Panchayat Sikoi Under Raidih Block. | 15,55,900.00 | 31200.00 | 5000.00 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि - 17.08.2026
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय - दिनांक 17.08.2026 से दिनांक 24.08.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई-निविदा खोलने का स्थान - कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 27.08.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० - 06524223013 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।**

PR 386919 (Rural Development) 26-27 (D)


## कोडरमा के कॉलेजों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय में ही रखने की मांग

# विधायक डॉ. नीरा यादव ने फिर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने एक बार फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर कोडरमा जिले के सभी महाविद्यालयों को पूर्ववत विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग से संबद्ध बनाए रखने की मांग दोहराई। इस दौरान बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव भी उनके साथ मौजूद रहे और दोनों विधायकों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर छात्रहित में आवश्यक कार्रवाई की मांग की। विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा जिले के



महाविद्यालय वर्ष 1992 से विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग से संबद्ध हैं। वर्तमान में इन्हें नवस्थापित सर जेसी बोस विश्वविद्यालय, गिरिडीह से संबद्ध करने की प्रक्रिया चल रही है, जिससे जिले के हजारों छात्र-छात्राओं को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि कोडरमा से हजारीबाग की दूरी लगभग 58 किलोमीटर है, जबकि गिरिडीह की दूरी 120 से 125 किलोमीटर है। ऐसे में विद्यार्थियों पर अतिरिक्त समय और आर्थिक बोझ पड़ेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के चौथे वर्ष में विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययन और विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेना अनिवार्य है। विश्वविद्यालय की दूरी अधिक होने से विशेषकर ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होगी तथा ड्रॉपआउट की आशंका बढ़ सकती है। डॉ. नीरा यादव ने मुख्यमंत्री से छात्रहित में कोडरमा जिले के सभी महाविद्यालयों को पूर्ववत विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अधीन ही रखने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को भी पत्र सौंपकर आवश्यक पहल करने की मांग की गई है। विधायक ने मुख्यमंत्री के समक्ष कोडरमा इंजीनियरिंग कॉलेज तथा सतगावां, मरकच्चो, डोमचांच और चंदवारा में वर्षों से भवन बनकर तैयार डिग्री कॉलेजों को शीघ्र शुरू कराने की मांग भी उठाई।

## एक झलक

### विभावि के भूगर्भ विभाग के तीन विद्यार्थियों का चयन हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय में

**हजारीबाग :** हजारीबाग के स्नातकोत्तर भूगर्भ विभाग के शैक्षणिक सत्र 2024–26 के तीन विद्यार्थियों अभय कुमार राणा, अंकित कुमार एवं तिलोत्मा भारती—का चयन EPIC Lab Tech Pvt. Ltd., रांची में Laboratory Analyst के पद पर हुआ है। इस उपलब्धि से भूगर्भ विभाग में हर्ष और गौरव का वातावरण है। चयनित विद्यार्थियों की सफलता विभाग की रोजगारोन्मुख शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। भूगर्भ विभागाध्यक्ष डॉ. एच. एन. सिन्हा ने तीनों चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विभाग के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि तीनों विद्यार्थी अपनी प्रतिभा, परिश्रम एवं कार्यकुशलता से संस्थान और विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर भी गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने कहा कि विभाग भविष्य में भी विद्यार्थियों को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। भूगर्भ विभाग के शिक्षकों शोधार्थियों ने भी चयनित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी है।

### मचान में आग लगने से दो मवेशी की झुलस कर हुई मौत

**बरही :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत के कोल्हुआकला पंचायत के बदियाजवाड़ में बीते मध्य रात्रि आग लगने से दो दुधारू गायों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बदियाजवाड़ निवासी अजय यादव पिता स्व सहदेव यादव के मचान में आग लगने से आग से झुलसकर उनकी दो दुधारू गायों की मौत हो गई, आग इतनी भीषण थी कि जब तक शोर पर लोग दौड़े तब तक आग तबाही मचा चुकी थी। इधर घटना की सूचना पाकर शुक्रवार अहले सुबह स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि रवि यादव उक्त जगह पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने कहा कि पशुपालक को इस घटना में करीब 80 हजार से एक लाख का नुकसान हुआ है, जिसको लेकर उन्होंने संबंधित विभाग से मुआवजे की मांग की है। इस संबंध में पूछे जाने पर अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने बताया कि आग से हुई क्षति का जांच रिपोर्ट समर्पित किए जाने के बाद आपदा योजना के तहत मिलने वाला लाभ दिया जाएगा। बता दें कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

### व्यापार और उद्यमिता विकसित बिहार की मजबूत नींव : संजय सरावगी

**पटना :** बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने शुक्रवार को पटना स्थित प्रदेश कार्यालय के कैलाशपति मिश्र सभागार में आयोजित भाजपा बिहार वाणिज्य प्रकोष्ठ की कार्यसमिति बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यसमिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए संगठन की भूमिका, व्यापारिक समुदाय की सहभागिता तथा विकसित बिहार के निर्माण में उद्यमियों के योगदान पर विस्तार से अपने विचार रखे। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि भाजपा का वाणिज्य प्रकोष्ठ व्यापार, उद्योग एवं उद्यमिता से जुड़े वर्गों के साथ सतत संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी मंच है। यह प्रकोष्ठ व्यापारियों, उद्योगपतियों एवं युवा उद्यमियों की अपेक्षाओं, सुझावों और अनुभवों को जनहित एवं राष्ट्रहित के व्यापक उद्देश्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में व्यापार और उद्योग के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है तथा बिहार में भी विकास की नई संभावनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि विकसित बिहार के निर्माण में व्यापारिक समुदाय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य की आर्थिक प्रगति, रोजगार सृजन और निवेश को बढ़ावा देने में उद्यमियों का योगदान निर्णायक रहेगा।

## लिवेन्स अकैडमी दिघीया में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

# बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के दिघिया गांव स्थित लिवेन्स अकैडमी, दिघीया में विश्व आदिवासी दिवस बड़े उत्साह, उल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत से हुआ। इसके बाद नर्सरी से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों ने पारंपरिक नृत्य, फैशन शो, नाटक एवं नृत्य-नाटिका के माध्यम से आदिवासी संस्कृति, परंपराओं, प्रकृति प्रेम तथा अपनी सांस्कृतिक पहचान को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।



**संस्कृति के संरक्षण पर रहा जोर**

**कार्यक्रम** का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, रीति-रिवाजों एवं प्रकृति के साथ उनके गहरे संबंध को सम्मान देना था। साथ ही नई पीढ़ी में अपनी संस्कृति के प्रति गर्व एवं संरक्षण की भावना विकसित करना था। वहीं विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत विशेष सांस्कृतिक नृत्य भी कार्यक्रम का आकर्षण रहा। मौके पर देवनीस तिग्गा ने अपने संबोधन में विश्व आदिवासी दिवस मनाए जाने के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के संरक्षण हेतु प्रेरित किया। विद्यालय के मैनेजर फादर रॉबर्ट ने विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व करने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर विनया ने विद्यार्थियों से अपनी जड़ों, संस्कृति एवं परंपराओं का सम्मान करने तथा उन्हें आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन कक्षा सात एवं आठ के विद्यार्थियों की भव्य प्रस्तुति के साथ हुआ। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह आयोजन आदिवासी संस्कृति, एकता एवं विरासत के संरक्षण का प्रेरणादायी संदेश देते हुए सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## तिलाटांड़ में आभा कार्ड शिविर, बड़ी संख्या में लोगों ने कराया पंजीकरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** तिलाटांड़ शिव मंदिर के समीप शुक्रवार को स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी डिजिटल पहचान आभा कार्ड बनाने के लिए जागरूकता एवं पंजीकरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड, क्षेत्रीय निदेशालय धनबाद के तत्वावधान में किया गया। शिविर का उद्देश्य लोगों को आभा कार्ड के महत्व से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक लोगों का पंजीकरण सुनिश्चित करना था। शिविर में मौजूद अधिकारियों ने लोगों को बताया कि आभा कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी सुरक्षित रखने के साथ-साथ विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा मिलती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि प्रत्येक परिवार अपना आभा कार्ड बनवाएं, ताकि भविष्य में चिकित्सा सेवाओं और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त किया जा सके। शिविर में वार्ड संख्या-1 की पार्षद डॉ. मधुमाला, पर्यवेक्षक गोविंद प्रसाद रवानी, निलेश सिंह सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में पहुंचे स्थानीय लोगों ने आभा कार्ड के लिए पंजीकरण कराया और स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़ी जानकारी प्राप्त की।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर हुई श्री माहेश्वरी भवन, रांची में बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची के सानिध्य में अलबर्ट एक्का चौक, मेन रोड में 4 व 5 सितंबर को श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। उपरोक्त निर्णय आज माहेश्वरी भवन, रांची के सभागार में आयोजन समिति की उपस्थिति में समिति के संरक्षक अजय मारू की अध्यक्षता में लिया गया। वर्तमान में श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची के संरक्षक माननीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सीपी सिंह व अजय मारू है। समिति के संरक्षक अजय मारू, अध्यक्ष मुकेश काबरा ने कहा कि 4 व 5 सितंबर को श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची की ओर से अलबर्ट एक्का चौक, मेन रोड में श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा।समिति द्वारा 16 वर्षों से यह महोत्सव हम मनाते आ रहे हैं। प्रथम दिवस 4 सितंबर को संध्या 6:00 बजे श्री कृष्ण के बाल रूप की झांकी यानि बाल गोपाल सजाओ प्रतियोगिता व झांकी प्रतियोगिता का



आयोजन रखा गया है। जिसमें 10 वर्ष तक के बच्चे श्री कृष्ण के विभिन्न रूपों के साथ बच्चे, बच्चियां इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। साथ ही द्वितीय दिवस 5 सितंबर को संध्या 7:00 बजे से दही- हांडी फोड़ प्रतियोगिता सह भजन संध्या सहित नृत्य नाटिका का भव्य विशाल व आयोजन रखा गया है। दही हांडी प्रतियोगिता में पुरुष गोविंदा टीम व महिला गोविंदा टीम भाग ले सकेंगे। जिसका रजिस्ट्रेशन समिति में गोविंदाओं की टीम को करवाना अनिवार्य होगा। श्री काबरा ने बताया प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार भी दिया जायेगा। बताते चले कि दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता में हिस्सा लेने नियम व शर्तें भी समिति द्वारा रखी गयी है। जिसके तहत बाल गोपाल प्रतियोगिता एवं दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए मेन रोड स्थित केडिया साइकिल में राजेंद्र केडिया एवं स्टेशन रोड ,पटेल चौक पतंजलि के बाबा रामदेव के सेंटर में सतीश सिन्हा से प्रतियोगिता के फार्म प्राप्त किए जा सकते हैं। सतीश सिंहा के मोबाइल नम्बर 9431101328 है। जिस पर संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर श्री कृष्ण के कई बाल रूप की झांकियों का भी अवलोकन कृष्ण भक्त आयोजन स्थल पर कर सकेंगे। संरक्षक अजय मारू व अध्यक्ष मुकेश काबरा ने कहा कि अगली बैठक में समिति के अन्य पदों व कार्यों के लिए सदस्यों के नाम देकर समिति का बृहद विस्तार किया जायेगा। आयोजन को सफल बनाने में काफी संख्या में सदस्य लगे हुए हैं। दूसरी बैठक जल्द ही हमारे संरक्षक व रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ की अध्यक्षता में होगी।

आज की बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक अजय मारू, अध्यक्ष मुकेश काबरा, रविन्द्र मोदी, राज वर्मा, प्रमोद सारस्वत, संजय जयसवाल, ललित ओझा, विजय ओझा, भीष्म सिंह, शंकर दुबे, नरेंद्र लखोटिया, किशन साबू, रतन अग्रवाल, बबलू चौधरी,सोनू भारद्वाज,ओम प्रकाश शर्मा,सतीश सिन्हा ,संतोष सेठ, रामाशंकर बगड़िया ,नीरज चौधरी,ललन श्रीवास्तव, राजीव वर्मा,जितेंद्र सिंह, नीतू सिंह, संजना शर्मा,मनोज तिवारी, अशोक पुरोहित,अमित चौधरी,संजय गोयल, मनीष लोधा, राहुल सिंह चंकी, विकास कुमार, राजीव सिंह, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नुक्कड़ नाटक के जरिये एक्सआईएसएस के छात्रों ने जलवायु परिवर्तन पर दिखायी जागरूकता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची के रूरल मैनेजमेंट प्रोग्राम ने बुधवार को कैंपस में 'जलवायु परिवर्तन की शुरूआत गांव से होती है' विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। यह पहल पहले साल के छात्रों के लिए 'बिजनेस कम्युनिकेशन, सॉफ्ट स्किल्स और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट' कोर्स के एकेडमिक करिकुलम का हिस्सा थी, जिसने छात्रों को पर्यावरण और ग्रामीण विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर जुड़ने के लिए एक क्रिएटिव मंच प्रदान किया। कुल 59 फर्स्ट-ईयर छात्रों ने पांच ग्रुप में हिस्सा लिया और जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण के नुकसान और इंसानी ज़िम्मेदारी पर अलग-अलग नजरिए पेश किए। पांचों



ग्रुप ने जलवायु परिवर्तन पर अलग-अलग नजरिए रखे, जिसमें पेड़ों की कटाई, ग्लोबल वार्मिंग, प्लास्टिक प्रदूषण, कचरा प्रबंधन और टेक्नोलॉजी के गैर-ज़िम्मेदाराना इस्तेमाल पर जोर दिया गया। प्रदूषण को तीन राक्षसों के रूप में दिखाने और पर्यावरण के विनाश के नतीजों जैसी असरदार सामाजिक और पौराणिक कहानियों के जरिए, उन्होंने प्रकृति के प्रति इंसानी ज़िम्मेदारी पर जोर दिया। इन सभी प्रदर्शनों का मूल्यांकन, एक्सआईएसएस के सहायक निदेशक, डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे, उनके साथ डॉ श्यामल गोम्स, और डॉ राज श्री वर्मा ने किया। ग्रुप 4 ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि ग्रुप 2 और 5 क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रम के समापन पर, कार्यक्रम के प्रमुख, डॉ अनंत कुमार ने जजों का आभार व्यक्त किया और समुदायों को सशक्त बनाने और बड़े पैमाने पर जागरूकता पैदा करने के लिए ऐसे नुक्कड़ नाटकों को ग्रामीण कैंपों तक ले जाने के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ सौर्या दास, डॉ के. कुसुमावती और डॉ हेमंत तिग्गा ने किया।

## अतिशीघ्र नयी बूथ समितियों का गठन सुनिश्चित करें : सन्नी टोप्पो



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग :** लापुंग मंडल अंतर्गत साधुकरा शक्ति केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की मासिक बैठक एवं बूथ सशक्तिकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अशोक कुमार साहू ने की। इस अवसर पर मंडल प्रवासी केदार महतो ,मांडर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी सन्नी टोप्पो की गरिमामयी उपस्थिति रही।बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत बनाना तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारी को गति देना था। इस दौरान सभी बूथ अध्यक्षों के साथ बूथ सत्यापन एवं शक्ति केंद्रों के सत्यापन की विस्तृत समीक्षा की गई। सभी बूथ अध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे अतिशीघ्र नई बूथ समितियों का गठन सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक बूथ का शत-प्रतिशत सत्यापन समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें, ताकि संगठन की जड़ें और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बन सकें। बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा प्रत्येक बूथ तक पार्टी की विचारधारा और योजनाओं को पहुँचाने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु सभी कार्यकर्ताओं से समर्पण, अनुशासन और सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया।

## बदल रही धान की खेती की तस्वीर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जलवायु परिवर्तन के कारण मानसून के स्वरूप में लगातार बदलाव हो रहा है। इसका सीधा असर खेती-किसानी पर पड़ रहा है। अनियमित बारिश और सूखे जैसी परिस्थितियों के बीच वर्षा आधारित खेती करने वाले किसानों के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। ऐसे समय में झारखंड के देवघर जिले के पंसारी गांव के किसानों ने आधुनिक तकनीक की मदद से खेती का नया रास्ता तैयार किया है। गांव के किसान वर्षों से धान की खेती के लिए मानसून पर निर्भर थे। समय पर बारिश नहीं होने पर उन्हें सिंचाई के लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़ता था। ऐसे में किसान अवध बिहारी सिंह ने कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के वैज्ञानिकों से संपर्क किया। बातचीत के दौरान उन्हें डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) तकनीक के बारे में जानकारी मिली। इस तकनीक में धान के बीज सीधे खेतों में बोए जाते हैं, जिससे रोपाई की जरूरत नहीं पड़ती है। कृषि वैज्ञानिकों ने उन्हें बायर डायरेक्टएकर्स मंच से भी जोड़ा। यहां उन्हें खेती से जुड़ी सलाह, आधुनिक उपकरणों की जानकारी, स्थानीय विक्रेताओं से संपर्क और डिजिटल सुविधाओं का लाभ मिला। वर्ष 2024 में दो एकड़ भूमि पर शुरू हुआ यह प्रयोग वर्ष 2025 तक बढ़कर 70 एकड़ तक पहुंच गया। डीएसआर तकनीक अपनाने से किसानों ने 35 से 40 प्रतिशत तक पानी की बचत की। साथ ही मजदूरी का खर्च कम हुआ और उत्पादन में बढ़ोतरी हुई। अवध बिहारी सिंह ने सीड ड्रिल मशीन की मदद से अन्य किसानों के खेतों में भी बुआई कराई। इससे उनकी आय बढ़ने के साथ-साथ गांव के अन्य किसानों को भी लाभ मिला। पंसारी गांव की यह पहल साबित करती है कि विज्ञान और तकनीक की मदद से खेती को अधिक टिकाऊ, लाभदायक और जलवायु-अनुकूल बनाया जा सकता है।

## डीएवी रजरप्पा के जूनियर विंग में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया श्रावणी महोत्सव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल, रजरप्पा प्रोजेक्ट के जूनियर विंग में शुक्रवार को श्रावणी महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, उत्साह एवं सांस्कृतिक रंगों के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं लोकाचार से परिचित कराना तथा उनमें सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना था। महोत्सव के दौरान विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया। नर्सरी कक्षा के नन्हे बच्चों ने 'शिव परिवार' पर आधारित रोल प्ले प्रस्तुत किया, जिसमें बच्चों ने भगवान शिव एवं उनके परिवार के विभिन्न स्वरूपों को सुंदर ढंग से प्रदर्शित किया। उनकी मासूम प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। एलकेजी के विद्यार्थियों ने भक्तिमय वातावरण में 'शिव स्तुति' प्रस्तुत की। नन्हे कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

## छात्र आन्दोलन के समर्थन में सड़कों पर उतरेगी लोकहित अधिकार पार्टी : हरिनाथ साहू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड प्रदेश कोर कमेटी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू की अध्यक्षता में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से नीट पेपर लीक मामले के साथ-साथ जेपीएससी, जेएसएससी एवं सीजीएल परीक्षाओं में भ्रष्टाचार और कथित धांधली को लेकर पिछले 13-14 दिनों से राजधानी की सड़कों पर आंदोलन कर रहे राज्यभर के हजारों छात्र-युवाओं के मुद्दे पर विशेष चर्चा की गई। भारी बारिश के बावजूद छात्र-युवाओं के जारी आंदोलन को पार्टी ने गंभीरता से लेते हुए उनके समर्थन में सड़क पर उतरने का निर्णय लिया। प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने केंद्र की भाजपा सरकार और राज्य की गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर सरकारों पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह स्थिति 'चोर-चोर मौसेरे भाई' वाली कहावत को चरितार्थ करती है। श्री साहू ने राज्य सरकार से 14वीं जेपीएससी परीक्षा के परिणाम को रद्द करने तथा जेपीएससी, जेएसएससी एवं सीजीएल परीक्षाओं में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं की निष्पक्ष सीबीआई जांच कराने की मांग की। उन्होंने जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों एवं अन्य संलिप्त लोगों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की भी मांग की। लोकहित अधिकार पार्टी, रांची जिला के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा आज रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका से न्याय का संकल्प लेते हुए, आंदोलनरत छात्र-युवाओं के समर्थन में फल वितरण किया जाएगा। इसी के साथ पार्टी छात्र आंदोलन के समर्थन में अपने अभियान का आगाज करेगी।

## चितरंजन सेवा सदन गोला में उच्च गुणवत्ता की लगी अल्ट्रासाउंड मशीन

- मरीजों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य जांच की सुविधा
- चिकित्सा के क्षेत्र में गोला के लिए एक उपलब्धि

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** गोला प्रखंड क्षेत्र के मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। चितरंजन सेवा सदन सेवा सदन सह रिसर्च सेंटर गोला में अत्याधुनिक एवं उच्च गुणवत्ता की अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित कर दी गई है। इस नई मशीन के शुरू होने से अब मरीजों को पहले से अधिक सटीक, तेज और गुणवत्तापूर्ण जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि



नई तकनीक से लैस इस मशीन के माध्यम से गर्भावस्था संबंधी जांच, पेट, लीवर, किडनी, थायरॉयड सहित अन्य आंतरिक अंगों की जांच अधिक स्पष्टता और विश्वसनीयता के साथ की जा सकेगी। इससे मरीजों को समय पर सही निदान मिलने में मदद मिलेगी तथा अनावश्यक रूप से दूर के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। चिकित्सा के क्षेत्र में ये उपकरण गोला के लिए उपलब्धि है। चिकित्सकों ने बताया कि अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन से जाँच की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिससे रोगों की शीघ्र पहचान कर समय पर उपचार शुरू किया जा सकेगा। अस्पताल प्रबंधन ने क्षेत्रवासियों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि सेवा सदन लगातार बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। नई मशीन के संचालन से आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के हजारों मरीजों को सीधे तौर पर लाभ मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मौके पर संचालिका वंदना अंबष्ट, डॉक्टर नरेंद्र कुमार, डॉ. अनिता मुर्मू, स्टाफ कर्मी सदानंद प्रमाणिक, संतोष महतो, टोपन कुमार, सुचान, यमुना, राजेश महतो आदि शामिल थे।

# प्रधान मुख्य वन संरक्षक से झारखण्ड चैम्बर ने की मुलाकात

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने आज वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक सिद्धार्थ त्रिपाठी से मुलाकात कर पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण एवं ग्रीन इनिसिएटिव को और अधिक प्रभावी बनाने के विषय पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान संयुक्त रूप से व्यापक पौधारोपण अभियान, पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम, औद्योगिक क्षेत्रों में हरित वातावरण को बढ़ावा देने तथा प्रदूषण नियंत्रण के लिए विभिन्न सहयोगात्मक गतिविधियों पर विमर्श किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने वन विभाग एवं झारखंड चैंबर के



बीच नियमित समन्वय स्थापित कर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में संयुक्त रूप से कार्य करने का प्रस्ताव भी रखा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक सिद्धार्थ त्रिपाठी ने झारखंड चैंबर की द्वारा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को पौधारोपण अभियान से जोड़ने के लिए, जनजागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने इस दिशा में वन विभाग की ओर से झारखंड चैंबर को पौधे उपलब्ध कराने की सहमति व्यक्त की, ताकि चैंबर अपने विभिन्न कार्यक्रमों एवं अभियानों के माध्यम से आमजन के बीच पौधों का वितरण कर उन्हें पौधारोपण के लिए प्रेरित कर सके। चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज, उद्योग और व्यापार जगत की भी समान भागीदारी आवश्यक है। जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते प्रदूषण की चुनौतियों को देखते हुए प्रत्येक संस्था एवं नागरिक को पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वन विभाग एवं झारखंड चैंबर के संयुक्त प्रयासों से राज्य में पर्यावरण संरक्षण को गति मिलेगी तथा ग्रीन झारखंड के निर्माण का संकल्प और अधिक मजबूत होगा। चैम्बर के सह सचिव नवजोत अलंग ने कहा कि झारखंड चैंबर की स्वच्छ भारत एवं पौधारोपण उप समिति पिछले कई वर्षों से पौधारोपण अभियान एवं जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित कर रही है। वन विभाग द्वारा चैंबर को पौधे उपलब्ध कराने की पहल से इन अभियानों को और व्यापक स्वरूप मिलेगा तथा अधिक से अधिक लोगों तक पौधारोपण का संदेश पहुंचाया जा सकेगा। उप समिति चेयरमैन किशन अग्रवाल ने पौधारोपण अभियान को गति देने में सहयोग के लिए विभाग के प्रति आभार जताया।

## जनगणना 2027 : टुंडी, तोपचांची व बलियापुर के चार्ज अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** भारत की जनगणना-2027 के तहत जिला जनगणना हस्तपुस्तिका (डीसीएचबी) के निर्माण की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में टुंडी, तोपचांची एवं बलियापुर जनगणना चार्ज के अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उपायुक्त-सह-प्रधान जनगणना पदाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर आयोजित इस प्रशिक्षण में अधिकारियों को क्षेत्रीय कार्य, डिजिटल डेटा संकलन, गुणवत्ता नियंत्रण, मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल के उपयोग की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय मास्टर प्रशिक्षक मुरारी मोहन ने बताया कि जिला जनगणना हस्तपुस्तिका केवल सांख्यिकीय दस्तावेज नहीं, बल्कि विकास योजनाओं, प्रशासनिक निर्णयों और नीतिगत अनुसंधान का महत्वपूर्ण आधार है। स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर पुष्कर चंद्र झा ने समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित कार्य निष्पादन पर जोर देते हुए अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की।

# आर. प्रज्ञानानंदा बने सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज चैम्पियन

## ब्लिट्ज के एक राउंड बाकी रहते जीता खिताब; रैपिड में भी टॉप पर थे

एजेंसी

**सेंट लुइस :** भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के सेंट लुइस में खेले गए ग्रैंड चेस टूर के सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। रैपिड राउंड के बाद प्रज्ञानानंदा पॉइंट्स टेबल में टॉप पर थे। ब्लिट्ज के दूसरे अंतिम राउंड में उन्होंने उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ खेलकर एक राउंड बाकी रहते ही खिताब अपने नाम कर लिया। उन्होंने 35 में से 23.5 अंक जुटाए और दूसरे स्थान पर रहे सिंदारोव (22 अंक) से 1.5 अंक आगे रहकर अपने करियर का पहला GCT रैपिड एंड ब्लिट्ज खिताब जीता। इस जीत पर उन्हें 50 हजार डॉलर (करीब 48 लाख) की प्राइज मनी और 13 GCT अंक मिले।




### पूरे टूर्नामेंट में बनाये रखी बढ़त

**प्रज्ञानानंदा** पूरे पांच दिन चले टूर्नामेंट में टॉप पर बने रहे। सिंदारोव ने आखिरी दिन तक उन्हें कड़ी टक्कर दी, लेकिन भारतीय ग्रैंडमास्टर ने अपनी बढ़त बरकरार रखी। ब्लिट्ज के अंतिम नौ राउंड में उन्होंने तीन मुकाबले जीते, पांच ड्रॉ खेले और सिर्फ एक मैच गंवाया।

### रैपिड और ब्लिट्ज ; दोनों में सबसे ज्यादा अंक

**प्रज्ञानानंदा** ने सिर्फ संयुक्त खिताब ही नहीं जीता, बल्कि रैपिड और ब्लिट्ज दोनों राउंड में सबसे ज्यादा अंक भी जुटाए। मैच के बाद उन्होंने कहा, स्कोर देखकर सब कुछ आसान लगता है, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं था। सिंदारोव ने आखिर तक कड़ी टक्कर दी।

### दूसरे अंतिम राउंड में पक्का किया खिताब

**ब्लिट्ज** के दूसरे अंतिम राउंड में प्रज्ञानानंदा का सामना सीधे सिंदारोव से हुआ। इस मुकाबले में ड्रॉ उनके लिए खिताब सुनिश्चित करने के लिए काफी था। मैच के एंडगेम में मोहरे का नुकसान होने के बावजूद उन्होंने शानदार बचाव किया और मुकाबला ड्रॉ करा लिया। इसके साथ ही आखिरी राउंड से पहले ही उनका खिताब पक्का हो गया।

### अब सिंकफील्ड कप पर नजर

**ग्रैंड** चेस टूर का अगला टूर्नामेंट सिंकफील्ड कप 10 अगस्त से शुरू होगा। यह GCT फाइनल्स से पहले का आखिरी टूर्नामेंट है। इसके बाद टॉप -4 खिलाड़ी GCT फाइनल्स में जगह बनाएंगे, जहां विजेता को 2 लाख डॉलर की प्राइज मनी मिलेगी।

### जून में जीता था नॉर्वे चेस

**प्रज्ञानानंदा** शानदार फॉर्म में हैं। इससे पहले जून 2026 में उन्होंने नॉर्वे चेस का खिताब भी जीता था। ओस्लो में खेले गए टूर्नामेंट के अंतिम राउंड में उन्होंने जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी। उन्होंने अंतिम दौर में लगातार चार क्लासिकल मुकाबले जीतकर यह उपलब्धि हासिल की थी।

### तमिलनाडु सरकार ने किया था सम्मानित

**नॉर्वे** चेस जीतने के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने चेन्नई स्थित मुख्य सचिवालय में प्रज्ञानानंदा को सम्मानित किया था। स्पोर्ट्स डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ तमिलनाडु की ओर से उन्हें 50 लाख रुपए का पुरस्कार दिया गया था। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उनके साथ शतरंज की कुछ चालें भी चली थीं।

### 12 साल की उम्र में बने थे ग्रैंडमास्टर

**तमिलनाडु** के चेन्नई के रहने वाले आर प्रज्ञानानंदा का जन्म 10 अगस्त 2005 को हुआ था। वे 2018 में 12 साल, 10 महीने और 13 दिन की उम्र में ग्रैंडमास्टर बने थे। उस समय वे भारत के सबसे युवा और दुनिया के दूसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर थे। उनकी बड़ी बहन आर वैशाली भी ग्रैंडमास्टर हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

### ग्रैंड चेस टूर का अहम टूर्नामेंट

**सेंट** लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज ग्रैंड चेस टूर का हिस्सा है, जिसमें दुनिया के कई शीर्ष ग्रैंडमास्टर हिस्सा लेते हैं। इस खिताब के साथ प्रज्ञानानंदा ने अंतरराष्ट्रीय सर्किट में एक और बड़ी सफलता अपने नाम की।

# नामीबिया दौरे पर दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला के बाद वनडे मुकाबले



### टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला का कार्यक्रम

- 28 अगस्त : नामीबिया बनाम दक्षिण अफ्रीका
- 29 अगस्त : दक्षिण अफ्रीका बनाम जिम्बाब्वे
- 31 अगस्त : नामीबिया बनाम जिम्बाब्वे
- 01 सितंबर : जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका
- 03 सितंबर : नामीबिया बनाम जिम्बाब्वे
- 04 सितंबर : नामीबिया बनाम दक्षिण अफ्रीका
- 06 सितंबर : फाइनल

### द. अफ्रीका बनाम नामीबिया वनडे श्रृंखला

- 09 सितंबर : पहला वनडे
- 11 सितंबर : दूसरा वनडे
- 13 सितंबर : तीसरा वनडे

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** नामीबिया इस महीने के अंत में दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे की मेजबानी करेगा। दौरे में पहले तीनों टीमों के बीच टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला खेली जाएगी, जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के बीच तीन मैचों की वनडे श्रृंखला होगी। सभी मुकाबले विंडहोक स्थित नामीबिया क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाएंगे। टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला का आगाज 28 अगस्त से होगा, जबकि फाइनल मुकाबला 6 सितंबर को खेला जाएगा। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के बीच तीन मैचों की वनडे श्रृंखला 9 सितंबर से शुरू होगी। यह त्रिकोणीय श्रृंखला 2027 में शुरू होने वाले अफ्रीका कप की तैयारी के रूप में भी देखी जा रही है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य अफ्रीकी देशों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक अवसर उपलब्ध कराना है। श्रृंखला से होने वाला पूरा लाभ अफ्रीका क्रिकेट एसोसिएशन को दिया जाएगा, ताकि महाद्वीप में क्रिकेट के विकास को बढ़ावा मिल सके। क्रिकेट नामीबिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जोहान मुलर ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड का सहयोग अफ्रीकी क्रिकेट के विकास के लिए साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




टोरंटो में नेशनल बैंक ओपन टेनिस में महिलाओं के युगल मुकाबले में भाग लेती हुई चेक गणराज्य की मारिया बूजेडकोवा व लिंडा नोसकोवा की जोड़ी।

# इंग्लैंड के तेज गेंदबाज टर्नर ने लिया संन्यास

**लंदन :** इंग्लैंड के युवा तेज गेंदबाज जॉन टर्नर ने खेल से संन्यास की घोषणा कर दी है। टर्नर के 25 साल की उम्र में ही संन्यास लेने के कारण सभी हैरान हैं। टर्नर के समय से पहले संन्यास लेने का कारण लगातार चोटिल होना रहा है। वह लगातार स्ट्रेस फ्रैक्चर और चोटों के कारण परेशान रहे हैं। इसी कारण वह अपने करियर में केवल 4 अंतरराष्ट्रीय मैच ही खेल पाये हैं। घरेलू क्रिकेट में टर्नर ने साल 2023 के वाइटैलिटी ब्लास्ट टूर्नामेंट में केवल 11 मैचों में ही 21 विकेट लेकर सभी को प्रभावित किया था। 'द हंड्रेड' में भी उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। साल 2023 में ही उन्हें पहली बार इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया था। वहीं लाल गेंद के प्रारूप में उन्हें अधिक सफलता नहीं मिलीहा। हैम्पशायर की काउंटी चैम्पियनशिप टीम में वह जगह नहीं बना पाये और अपने पूरे करियर में केवल 7 प्रथम श्रेणी मैच ही खेलने का अवसर उन्हें मिला। साल 2025 की शुरूआत में उन्होंने लेनकाशायर के लिए तीन मैच खेले पर चोटिल होने के कारण वह फिर बाहर हो गये। इसके बाद जून 2025 में उन्होंने अपना अंतिम मैच खेला था और तब से ही पीठ में खिंचाव के कारण वह टीम से बाहर हैं। टर्नर ने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि पेशेवर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलना उनका बचपन का सपना रहा था, जिसे हैम्पशायर और इंग्लैंड के लिए खेलकर उन्होंने पूरा किया। टर्नर ने खेल को अलविदा कहने के इस फैसले को अपने जीवन का सबसे कठिन फैसल बताया।

## झारखंड

# बड़गांव मॉब लिंचिंग मामले में एसपी की बड़ी कार्रवाई, दो दारोगा समेत चार पुलिसकर्मी सस्पेंड

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चतरा :** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के बड़गांव में भीड़ द्वारा पीट-पीटकर युवक मो. इमरोज की हत्या के मामले में पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। घटना के दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों द्वारा मृतक इमरोज और उसके पिता सुल्तान मियां को भीड़ से बचाने के लिए प्रभावी प्रयास नहीं किए जाने के आरोप में दो दारोगा और दो सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। एसपी के गोपनीय कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार टंडवा थाना के एसआई सुनील सिंह, महिला एसआई दुलारी पूर्ति तथा आरक्षी दशरथ महतो और प्रदीप कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में चारों का मुख्यालय पुलिस केंद्र, चतरा निर्धारित किया गया है तथा इनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू करने का भी आदेश दिया गया है। मामले मे एसपी नें बताया कि विगत दिनों टंडवा थाना क्षेत्र के बड़गांव में नाबालिग लड़की के अपहरण एवं दुष्कर्म के आरोप को लेकर उग्र ग्रामीणों ने पिता-पुत्र के साथ मारपीट की थी। घटना कि सूचना मिलने पर टंडवा थाना मे तैनात दो दारोगा समेत चार पुलिसकर्मियों को मौके पर भेजा गया था। लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के अवलोकन से यह स्पष्ट हुआ कि इमरोज और उसके पिता को भीड़ से बचाने के लिए मौके पर तैनात पुलिस पदाधिकारी व जवानों के द्वारा अपेक्षित एवं सार्थक प्रयास नहीं किया गया।

### कानून-व्यवस्था बनाये रखना और प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी : एसपी

**इस** पूरे मामले मे एसपी अनिमेष नैथानी नें कहा है कि कर्तव्य निर्वहन में किसी भी स्तर की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कानून-व्यवस्था बनाए रखना और प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी, वहीं घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी है।

# सावन में रविवार को भी चले कोडरमा-मधुपुर पैसेंजर : रामधन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** सावन माह में बाबा बैद्यनाथ धाम और बासुकीनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए कोडरमा जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने कोडरमा-मधुपुर पैसेंजर ट्रेन का परिचालन रविवार को भी शुरू करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के महाप्रबंधक एवं धनबाद रेल मंडल के डीआरएम को ट्वीट कर अनुरोध किया है। सोशल मीडिया पर भी कई लोगों ने इस मांग का समर्थन किया है। रामधन यादव ने कहा कि सावन के दौरान झारखंड और बिहार के बड़ी संख्या में श्रद्धालु कोडरमा जंक्शन से देवघर और बासुकीनाथ जलाभिषेक के लिए यात्रा करते हैं। लेकिन सप्ताह में छह दिन चलने वाली कोडरमा-मधुपुर पैसेंजर ट्रेन रविवार को संचालित नहीं होती, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि रेलवे द्वारा सावन के अवसर पर कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। ऐसे में इस पैसेंजर ट्रेन का परिचालन भी रविवार को शुरू कर दिया जाए तो हजारों श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि कोडरमा-मधुपुर रेलखंड का विद्युतीकरण पूरा हो चुका है।



# विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ग्रीन डे

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**कोडरमा :** चाराडीह बी आर इंटरनेशनल स्कूल चाराडीह में ग्रीन डे का आयोजन बड़े ही उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को हरियाली, प्रकृति एवं पर्यावरण के महत्व से परिचित कराना तथा उनके मन में पेड़-पौधों और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। ग्रीन डे के अवसर पर विद्यालय का वातावरण पूरी तरह हरियाली के रंग में रंगा नजर आया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने हरे रंग के परिधान पहनकर कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिसर को हरे रंग के गुब्बारों, पत्तियों, पौधों, आकर्षक चित्रों एवं पर्यावरण से संबंधित संदेशों से सजाया गया, जिसने पूरे परिसर को मनमोहक एवं आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियोंका आयोजन किया गया। बच्चों ने हरे रंग से संबंधित फल, सब्जियां, पेड़-पौधे एवं प्राकृतिक वस्तुओं की पहचान की। विद्यार्थियों ने चित्रकला, रंग भरने, पेपर क्राफ्ट, लीफ प्रिंटिंग तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छोटे बच्चों ने प्रकृति एवं हरियाली से संबंधित कविताएं, गीत और मनोरंजक प्रस्तुतियां भी दीं।इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। वे हमें ऑक्सीजन, छाया, फल, फूल तथा स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक पेड़ लगाए और उनकी देखभाल करें।



### आईजी, डीसी व एसपी ने 39 नये बोलेरो पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

# जिले की पुलिस व्यवस्था होगी और सुदृढ़

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बोकारो :** शुक्रवार को उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन, बोकारो से जिले को आवंटित 39 नए बोलेरो पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर आईजी शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जिले को इस चरण में 39 नए पुलिस वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। इससे पूर्व मार्च माह में भी जिले को 39 वाहन प्राप्त हुए थे। उन्होंने कहा कि इन नए वाहनों के शामिल होने से जिले के सभी पुलिस थानों एवं पुलिस बल की गतिशीलता और कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे अपराध नियंत्रण, नियमित गश्ती, कानून-व्यवस्था संधारण तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई और अधिक प्रभावी ढंग से की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस का मूल मंत्र सेवा ही लक्ष्य है। इसी भावना के अनुरूप आमजन को बेहतर, त्वरित एवं संवेदनशील पुलिस सेवा उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



### स्वतंत्रता दिवस से पहले विद्यालय में गूंजा 'वंदे मातरम्'

# एसएसबी के साथ चला पौधरोपण अभियान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** स्वतंत्रता दिवस समारोह-2026 की तैयारियों के तहत शुक्रवार को सरस्वती मिथु विद्या मंदिर, लातेहार स्टेशन में राष्ट्रीय गीत एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। इस अवसर पर एसएसबी के निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक कुंदन कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव विवेक कुमार गुप्ता, पूर्व आचार्य अक्षयवट सिंह, प्रधानाचार्य राजबल्लम शर्मा तथा विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। वरिष्ठ आचार्य विनय कुमार विश्वकर्मा ने अतिथियों का परिचय कराया। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विद्यार्थियों ने राष्ट्रगीत की सामूहिक प्रस्तुति दी। देशभक्ति से सराबोर इस प्रस्तुति ने पूरे परिसर को राष्ट्रप्रेम के भाव से भर दिया।



# पत्रकार रवि यादव के पिता राजेन्द्र प्रसाद यादव का निधन, क्षेत्र में शोक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**भवनाथपुर :** भवनाथपुर प्रखंड के हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार रवि यादव के पिता राजेंद्र प्रसाद यादव (73) का गुरुवार को रांची स्थित रिम्स अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार की सुबह उनका पार्थिव शरीर रांची से भवनाथपुर स्थित आवास लाया गया। निधन की सूचना मिलते ही भाजपा नेता दयानंद सोनी, संजय यादव, प्रदीप यादव, भवनाथपुर पंचायत मुखिया पति सुजीत कुमार, मकरी पंचायत मुखिया पति धनंजय साह, पूर्व मुखिया अब्दुल अंसारी, उमेश यादव, मनोज यादव, मुन्ना यादव, बीडीसी चंदन ठाकुर, कृषि मित्र सुनील पासवान, अनुज पाठक, पंचम साह, सुनील राउत, सहित अन्य लोग उनके आवास पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। शुक्रवार को मकरी के पिपराहथा श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।



# भवनाथपुर में सियासी सरगर्मी तेज, दीपक प्रताप देव ने विधायक अनंत प्रताप देव पर साधा निशाना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रमना :** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को युवा नेता और संभावित विधानसभा प्रत्याशी दीपक प्रताप देव ने रमना प्रखंड के करनपुरा और रोहिला गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने वर्तमान विधायक अनंत प्रताप देव पर विकास कार्यों में लापरवाही समेत कई आरोप लगाए। वहीं पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही को भी अपने निशाने पर लिया। दीपक प्रताप देव ने वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय उन्होंने अनंत प्रताप देव के पक्ष में प्रचार किया था। उन्होंने दावा किया कि करनपुरा और रोहिला गांव के लोगों ने भी उनके कहने पर अनंत प्रताप देव का समर्थन किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान नाली, गली और सड़क निर्माण समेत कई विकास कार्यों के वादे किए गए थे, लेकिन अब जनता की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने बिशुनपुरा में छापाकल लगवाने के लिए कथित रूप से 15 हजार रुपये की मांग किए जाने का आरोप लगाते हुए इसे भ्रष्टाचार का मामला बताया।

### 22 घंटे बिजली के दावे पर उठाये सवाल

**विधायक** अनंत प्रताप देव द्वारा भवनाथपुर क्षेत्र में 22 घंटे बिजली उपलब्ध रहने के दावे पर दीपक प्रताप देव ने सवाल उठाया। उन्होंने जनसभा में ग्रामीणों से बिजली आपूर्ति की स्थिति पूछी, जिस पर ग्रामीणों ने पांच से आठ घंटे तक बिजली मिलने की बात कही। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं पर भी सवाल खड़े किए। हाल में सर्पदंश से दो वर्षीय बच्चे की मौत और एंटीवेनम उपलब्ध नहीं होने का जिक्र करते हुए उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की मांग की।



### पावर प्लांट और पलायन के मुद्दे पर सरकार को घेरा

**रोजगार** और पलायन के मुद्दे को लेकर दीपक प्रताप देव ने विधायक पर निशाना साधा। उन्होंने चुनाव के दौरान किए गए पावर प्लांट के वादे पर सवाल उठाते हुए कहा कि पावर प्लांट क्षेत्र में लगना चाहिए, न कि अन्य शहरों में। उन्होंने कहा कि रोजगार के अभाव में भवनाथपुर क्षेत्र के लोग पलायन करने को मजबूर हैं और कई बार बाहर काम करने गए लोगों के शव गांव लौटते हैं। उन्होंने इस स्थिति के लिए जिम्मेदारी तय करने की मांग की। पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही पर भी हमला बोलते हुए उन्होंने सीमेंट फैक्ट्री के वादे का जिक्र किया और आरोप लगाया कि दोनों नेताओं ने क्षेत्र की जनता को निराश किया है।

### खुद को बताया जनता का बेटा

**दीपक** प्रताप देव ने भावनात्मक रूप से खुद को भवनाथपुर की जनता का बेटा बताते हुए कहा कि कम उम्र में माता-पिता को खोने के बाद वे उनकी सेवा नहीं कर पाए, लेकिन अब वे विधानसभा क्षेत्र की जनता को अपना परिवार मानकर सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जनता उन्हें मौका देगी तो वे क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे।

### 'हाथ तोड़वा विधायक' बयान से चर्चा में आये दीपक

**जनसभा** के दौरान दीपक प्रताप देव के एक बयान ने राजनीतिक हलकों में चर्चा बढ़ा दी। उन्होंने विधायक अनंत प्रताप देव को 'हाथ तोड़वा विधायक' कहकर संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर सड़क निर्माण के दौरान मोरम गिराए जाने से लोग फिसलकर घायल हो रहे हैं। उन्होंने अनंत प्रताप देव को अपना बड़ा भाई और सम्माननीय व्यक्ति बताते हुए उन्हें ॡविकास विरोधी विधायकॡ भी कहा। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में जनता विकास के आधार पर अपना निर्णय लेगी। हालांकि, दीपक प्रताप देव द्वारा लगाए गए आरोपों पर विधायक अनंत प्रताप देव की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। विधायक का पक्ष आने के बाद ही मामले का दूसरा पहलू स्पष्ट हो सकेगा।


# लोक संवाद में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन के डीसी ने दिये निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बोकारो :** शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने हम आपको सुनते हैं (लोक संवाद) कार्यक्रम के तहत प्राप्त शिकायतों एवं उनके निष्पादन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों डीसीएलआर चार्ज डीएमओ सर सामाजिक सुरक्षा सामान्य शाखा जिला सांख्यिकी विभाग तेनुघाट बांध प्रमंडल जीपीएलआर, विभिन्न अंचल कार्यालयों आदि के पदाधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।समीक्षा बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी जुड़े। डीसी ने विभागवार लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए शिकायतों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब नहीं होने देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोक संवाद कार्यक्रम में प्राप्त प्रत्येक शिकायत की गंभीरतापूर्वक सुनवाई कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर उसका प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित एवं पारदर्शी प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

### 'हम आपको सुनते हैं' कार्यक्रम में 43 मामलों की हुई सुनवाई

**बोकारो :** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं (लोक संवाद) कार्यक्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। कार्यक्रम के दौरान प्राप्त 43 आवेदनों पर क्रमवार सुनवाई करते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को मामलों का त्वरित, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, विद्युत, बीएसएल, आपूर्ति, कल्याण तथा विभिन्न अंचल कार्यालयों से संबंधित मामलों पर विचार किया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा आवेदकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन रिस्पॉन्सिव एवं नागरिक-केंद्रित प्रशासन की अवधारणा के अनुरूप कार्य कर रहा है। नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी विभाग जनहित से जुड़े मामलों का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निष्पादन सुनिश्चित करें।



एक झलक

## आशीर्वाद ने 'ओजी प्रोटीन सॉल्यूशन सैंड रोस्टेड चना सत्तू' किया लॉन्च

**जमशेदपुर :** भारतीय घरों तक रोजाना इस्तेमाल होने वाले पौष्टिक खाद्य पदार्थों की पहुंच बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करते हुए, 'आशीर्वाद' ने पूर्वी भारत में 'आशीर्वाद चना सत्तू' लॉन्च करके अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को और मजबूत किया। यह लॉन्च ब्रांड के उस बड़े लक्ष्य के अनुरूप है जिसके तहत ऐसे उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं जो प्राकृतिक रूप से प्रोटीन और फाइबर से भरपूर हों। साथ ही, यह किफायती दाम और असली स्वाद से समझौता किए बिना पौष्टिक और जरूरी खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग को भी पूरा करता है। पूर्वी भारत में पारंपरिक रूप से सेवन किया जाने वाला सत्तू लंबे समय से एक ऐसे पौष्टिक आहार के रूप में जाना जाता है, जो स्वाद, तृप्ति और पोषण का संतुलित मेल प्रदान करता है। क्षेत्रीय स्वाद को ध्यान में रखते हुए, आशीर्वाद चना सत्तू को दो अलग-अलग वैरिएंट्स में लॉन्च किया गया है, बिहार में चना सत्तू विद जीरा और पश्चिम बंगाल तथा झारखंड में प्लेन चना सत्तू। यह उत्पाद 47 ग्राम, 200 ग्राम, 250 ग्राम और 500 ग्राम के पैक में जनरल ट्रेड के माध्यम से उपलब्ध है तथा जल्द ही मॉडर्न ट्रेड और प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर भी उपलब्ध होगा। 10 रुपये वाला 47 ग्राम का वैल्यू पैक हर पैक में 10 ग्राम प्रोटीन देता है, जिससे यह अधिक से अधिक उपभोक्ताओं के लिए एक किफायती और सुलभ पौष्टिक विकल्प बनता है। प्राकृतिक रूप से प्रोटीन और डाइटरी फाइबर से भरपूर होने के कारण सत्तू की प्रासंगिकता एक बार फिर बढ़ रही है। साथ ही, इसमें आयरन, जिंक और मैग्नीशियम जैसे आवश्यक खनिज भी पाए जाते हैं, जो इसे परिवारों के लिए रोजमर्रा के पोषण का एक सरल और भरोसेमंद विकल्प बनाते हैं।
आशीर्वाद चना सत्तू सावधानीपूर्वक चयनित और उच्च गुणवत्ता वाले चने से तैयार किया गया है। इसे पारंपरिक रेत-भूनाई प्रक्रिया के माध्यम से बनाया जाता है, जिससे इसे प्रामाणिक सत्तू की विशिष्ट भुनी हुई सुगंध, स्वाद और सुनहरा रंग प्राप्त होता है। समान रूप से रेत में भूनकर और बारीक पीसकर तैयार किए जाने के कारण इसकी बनावट बेहद मुलायम होती है, जिससे यह विभिन्न पारंपरिक व्यंजनों के साथ-साथ रोजमर्रा के कई प्रकार के उपयोग के लिए उपयुक्त है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.51 अरब डॉलर बढ़ कर 692.87 अरब डॉलर पर पहुंचा

**नयी दिल्ली :** विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार पांचवें हफ्ते इजाफा दर्ज हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 31 जुलाई को समाप्त हफ्ते में 10.51 अरब डॉलर बढ़कर 692.87 अरब डॉलर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को आंकड़ों में बताया कि 31 जुलाई को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.51 अरब डॉलर बढ़कर 692.87 अरब डॉलर रहा। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 6.12 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 682.35 अरब डॉलर रहा था। आंकड़ों के अनुसार 31 जुलाई को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ी हिस्सेदारी रखने वालीं विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां भी 8.75 अरब डॉलर बढ़ कर 564.68 अरब डॉलर हो गईं।

# सेंसेक्स-निफ्टी में गिरावट, बाजार में कमजोरी



**नयी दिल्ली :** कमजोर ग्लोबल संकेतों के कारण पूरे दिन दबाव में कारोबार करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। दिन के कारोबार में खरीदारों ने कई बार लिवाली का जोर बना कर बाजार को सहारा देने की कोशिश की, लेकिन बिकवाली दबाव इतना अधिक था कि खरीदारों की कोई भी कोशिश सफल नहीं हो सकी। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.58 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी ने 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। बीएसई का सेंसेक्स आज 438.68 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,516.08 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की कमजोरी बढ़ने लगी। लगातार हो रही बिकवाली के बीच खरीदारों ने कई बार लिवाली का जोर बनाने की भी कोशिश की, जिससे इस सूचकांक की चाल में कुछ देर के लिए मामूली सुधार होता हुआ भी नजर आया। लिवाली के सपोर्ट की वजह से सेंसेक्स आज के ओपनिंग लेवल से 241.32 अंक उछल कर 78,757.40 अंक तक पहुंचने में सफल रहा, लेकिन लिवाली का यह दौर अधिक देर तक टिक नहीं सका। कुछ देर बाद ही बाजार में बिकवाली शुरू हो गई। बिकवाली का दबाव बढ़ने पर यह सूचकांक 577.69 अंक यानी 0.73 प्रतिशत लुढ़क कर 78,377.07 अंक के स्तर तक गिर गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 455.59 अंक की कमजोरी के साथ 78,499.17 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 97.10 अंक यानी 0.39 प्रतिशत टूट कर 24,538.90 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने की कुछ ही देर बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे यह सूचकांक ओपनिंग लेवल से 90 अंक से अधिक सुधर कर 24,630.40 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद बाजार में बिकवाली का चौतरफा दबाव बन गया। बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से निफ्टी की चाल में दोबारा कमजोरी आ गई, जिससे यह सूचकांक 113.25 अंक यानी 0.46 प्रतिशत फिसल कर 24,522.75 अंक के स्तर तक गिर गया।

## सैमसंग ने भारत में एआई टैलेंट पाइपलाइन बनाने में मदद के लिए 'सैमसंग इनोवेशन कैम्पस' का 2026 एडिशन किया लॉन्च




**रांची :** सैमसंग इंडिया ने अपने खास सीएसआर प्रोग्राम, 'सैमसंग इनोवेशन कैंपस' के 2026 एडिशन को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह प्रोग्राम युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में इंडस्ट्री के लिए जरूरी स्किल्स सिखाने के लिए बनाया गया है। 2026 एडिशन को इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया और टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल के साथ मिलकर लागू किया जायेगा। इन साझेदारियों के जरिए, सैमसंग का लक्ष्य 10 राज्यों में 20,000 युवाओं को एआई की ट्रेनिंग देना है, ताकि इंडस्ट्री के लिए जरूरी एआई शिक्षा तक पहुँच बढ़ाई जा सके और भारत के भविष्य के एआई टैलेंट पाइपलाइन को मजबूत किया जा सके। एआई दुनिया के काम करने के तरीके को बदल रहा है– हेल्थकेयर और मैन्युफैक्चरिंग से लेकर शिक्षा और रोजमर्रा की सेवाओं तक। जैसे-जैसे भारत अपने एआई लक्ष्यों को तेजी से आगे बढ़ा रहा है, एक कुशल वर्कफोर्स तैयार करना जरूरी होगा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग एआई की ताकत का इस्तेमाल कर सकें और इनोवेशन को बढ़ावा दे सकें। भारत में अपने चौथे साल में, एसआईसी 18-25 साल के युवाओं को प्रैक्टिकल एआई ट्रेनिंग, प्रोजेक्ट-बेस्ड लर्निंग, मेंटरशिप और असल दुनिया के एप्लीकेशन का अनुभव देगा। इससे वे दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते टेक्नोलॉजी क्षेत्रों में से एक में करियर के लिए तैयार हो सकेंगे। सैमसंग साउथ वेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ, जेबी पार्क ने कहा, एआई हमारे समय के सबसे बड़े मौकों में से एक है, और भारत अपने युवा टैलेंट की ताकत से इस बदलाव का नेतृत्व करने की खास स्थिति में है। इस मौके का फायदा उठाने के लिए सही स्किल्स विकसित करने, इनोवेशन को बढ़ावा देने और हर इच्छुक सीखने वाले के लिए एआई शिक्षा को ज्यादा सुलभ बनाने में लगातार निवेश की जरूरत होगी, चाहे वे कहीं से भी आये हों।

## होर्मुज बाधित होने के बावजूद भारत में नहीं हुई ईंधन की किल्लत : हरदीप पुरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि इस साल होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से आपूर्ति बाधाएं पैदा होने के बावजूद भारत ने विविध स्रोतों, बढ़ी हुई रिफाइनिंग क्षमता और घरेलू उत्पादन के जरिए उपभोक्ताओं को किसी अभाव का सामना नहीं करने दिया। हरदीप सिंह पुरी ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में सीआईआई अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन और एग्जिबिशन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत ने ऊर्जा सुरक्षा को केवल हाइड्रोकार्बन की उपलब्धता तक सीमित रखने के बजाय आयात के विविधीकरण, रणनीतिक साझेदारियों, बुनियादी ढांचे के विस्तार और वैकल्पिक ईंधनों जैसे व्यापक दृष्टिकोण को अपनाया है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते जहाजों का आवागमन बाधित होने के बावजूद देश में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू रही।

## सैमसंग ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विजन एआई टीवी डील्स की घोषणा की




**रांची :** सैमसंग इंडिया ने अपने नवीनतम विजन एआई तकनीक से लैस बड़े स्क्रीन वाले टीवी को बढ़ावा देने के लिए ₹बिग सेलिब्रेशन, बिगर स्क्रीन, बिगेस्ट इमोशंस₹ नाम से एक विशेष कैम्पेन शुरू किया है। यह देशव्यापी कैम्पेन ग्राहकों को प्रीमियम टेलीविजन में अपग्रेड करने के लिए प्रोत्साहित करता है, ताकि उन्हें ज्यादा स्मार्ट, पर्सनलाइज्ड और शानदार होम एंटरटेनमेंट का अनुभव मिल सके। इस कैम्पेन का मुख्य आकर्षण सैमसंग की अत्याधुनिक विजन एआई तकनीक है। यह तकनीक बिक्सबी, परप्लेक्सिटी और माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट जैसे एआई प्लेटफॉर्म्स के साथ मिलकर ग्राहकों को उनकी पसंद के हिसाब से टीवी देखने का ज्यादा पर्सनलाइज्ड और स्मार्ट अनुभव देती है। ये सुविधाएं सैमसंग के नवीनतम माइक्रो आरजीबी, ओएलईडी, नियो क्यूएलईडी, मिनी एलईडी और क्रिस्टल यूएचडी टीवी मॉडल्स में उपलब्ध हैं, जो सिनेमा, खेल और रोजमर्रा के मनोरंजन का अनुभव सीधे ग्राहकों के लिविंग रूम तक पहुंचाते हैं। चयनित सैमसंग विजन एआई बिग टीवी पर ग्राहकों को कई आकर्षक ऑफर्स का लाभ मिलेगा। इनमें 1,02,990 रुपये तक का मुफ्त साउंडबार, 5,29,990 रुपये तक का मुफ्त टीवी, 20 प्रतिशत तक कैशबैक, जीरो डाउन पेमेंट और 36 महीने तक की आसान ईएमआई जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा, इस कैम्पेन के तहत ग्राहकों को सैमसंग टीवी प्लस, सैमसंग केयर+, सैमसंग फिनांस+, सैमसंग साउंड+ और सैमसंग आर्ट+ जैसी वैल्यू-ऐडेड सेवाओं का लाभ भी मिलेगा। साथ ही, इन टीवी के लिए सात वर्षों तक ऑपरेटिंग सिस्टम अपग्रेड की सुविधा भी दी जायेगी। विजन एआई तकनीक से लैस सैमसंग के टीवी देशभर में सैमसंग के रिटेल स्टोर्स, Samsung.com, फ्लिपकार्ट और अमेजन पर उपलब्ध हैं। इस अभियान के जरिए सैमसंग का लक्ष्य स्मार्ट एआई फीचर्स, बड़े स्क्रीन और आकर्षक त्योहारी ऑफर्स को साथ लाकर प्रीमियम होम एंटरटेनमेंट को भारत भर के ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक पहुंचाना है।

## डीएसपी म्यूचुअल फंड ने मल्टी एसेट फंड चुनने के तरीके पर दोबारा विचार की अपील की




**मुंबई :** डीएसपी म्यूचुअल फंड ने मल्टी एसेट एलोकेशन फंड श्रेणी को लेकर नया डिजिटल अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य निवेशकों को केवल हालिया रिटर्न के आधार पर फंड चुनने के बजाय यह समझने के लिए प्रेरित करना है कि उनके पोर्टफोलियो में इन फंडों की वास्तविक भूमिका क्या हो सकती है। एएमएफआई के अनुसार, जनवरी-मार्च 2026 तिमाही में इक्विटी आधारित योजनाओं में कुल नेट इनफ्लो में मल्टी एसेट एलोकेशन फंडों की हिस्सेदारी 27 प्रतिशत रही, जो पिछली तिमाही के 21 प्रतिशत और एक साल पहले के 6 प्रतिशत से अधिक है। डीएसपी के अनुसार, इस वर्ष इन फंडों में लेन-देन करने वाले निवेशकों की संख्या भी पिछले साल के मुकाबले तीन गुना हुई है। डीएसपी ने 100 से अधिक निवेशक सर्च प्रश्नों का विश्लेषण कर दो प्रमुख समूहों की पहचान की। पहला समूह रिटर्न सीकर्स का था, जो रिटर्न, रैंकिंग और मौजूदा बाजार परिस्थितियों पर केंद्रित था। दूसरा डाइवर्सिफायर्स था, जो पोर्टफोलियो में विविधीकरण, एसेट एलोकेशन और विभिन्न बाजार चक्रों में इन फंडों की भूमिका समझना चाहता था। अभियान में एआई की मदद से निवेशकों के सर्च व्यवहार का विश्लेषण कर उनकी जरूरत के अनुसार सामग्री तैयार की गई है। यह अभियान डिजिटल सर्च, डिस्प्ले विज्ञापन, सोशल मीडिया और ऑडियो प्लेटफॉर्म पर चलाया जाएगा। डीएसपी म्यूचुअल फंड के मनीष राठी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य निवेशकों को बेहतर सवाल पूछने, फंड की भूमिका समझने और उनसे यथार्थवादी अपेक्षाएं रखने में मदद करना है।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ टेक्नोलॉजी की मदद से कम कर रही है अपने जमा व्यवसाय का लागत अनुपात

**मुंबई :** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने प्रौद्योगिकी और स्वचालन के जरिए लागत कम करने के अन्य उपायों में निरंतर निवेश किया है। इसकी वजह से वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में बचत व्यवसाय के लिए उसका लागत अनुपात (कॉस्ट-टू-प्रीमियम रेशियो) घटकर 13.6% रह गया है। कंपनी का व्यवसाय बढ़ने के बावजूद, पिछले साल के मुकाबले इसमें 50 आधार अंक की कमी आई है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर, श्री गणेशन सौंदिरम ने इस बारे में अपनी टिप्पणी में कहा, ₹आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस में, कंपनी के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए किए गए निवेश से न सिर्फ हमारे ग्राहकों का सशक्तिकरण हुआ है, बल्कि हमें भी पॉलिसी के पूरे सफर के दौरान उन्हें बेहतर अनुभव प्रदान करने में मदद मिली है। हम ग्राहक बनाने, वितरक की क्षमता बढ़ाने, सेवा प्रदान करने और परिचालन क्षमता को बेहतर बनाने के लिए एआई, एनालिटिक्स और आईसीआईसीआई प्रू पार्टनर स्टैक, आईपीआरयू एज जैसे प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# सब्सक्रिप्शन के लिए लीप इंडिया लिमिटेड का आईपीओ लॉन्च




**नयी दिल्ली :** ग्लोबल इनवेस्टमेंट फर्म केकेआर की स्वामित्व वाली कंपनी लीप इंडिया लिमिटेड का 2,480 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 11 अगस्त तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 12 अगस्त को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 13 अगस्त को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जायेंगे। कंपनी के शेयर 14 अगस्त को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। लॉन्चिंग के बाद दोपहर दो बजे तक यह आईपीओ को सिर्फ छह प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 151 रुपये से लेकर 159 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 94 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम एक लॉट यानी 94 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,946 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर 1,94,298 रुपये के निवेश से अधिकतम 13 लॉट में 1,222 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के तहत एक रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 15,59,74,841 करोड़ शेयर जारी किए जा रहे हैं। इनमें लगभग 480 करोड़ रुपये के 3,01,88,679 नए शेयर जारी किए जा रहे हैं, जबकि लगभग दो हजार करोड़ रुपये के 12,57,86,162 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे जा रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 49.97 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 34.98 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इसके अलावा कंपनी के कर्मचारियों के लिए भी 0.05 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व रखा गया है। इस इश्यू के लिए जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। लीप इंडिया लिमिटेड की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत बनी रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 37.17 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 37.56 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का शुद्ध लाभ उछल कर 62.34 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 371.94 करोड़ रुपये का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 485.03 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 747.36 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ भी लगातार बढ़ता गया। वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में कंपनी पर 513.07 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 801.66 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की बात करें, तो इस वित्त वर्ष के दौरान कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ बढ़ कर 1,017.73 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। कंपनी का रिजर्व और सरप्लस भी इस अवधि में लगातार बढ़ता गया। वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में कंपनी का रिजर्व और सरप्लस 521.84 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो वित्त वर्ष वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 606.09 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

## पेज एक के शेष

**पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार नहीं हर नागरिक की जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री...**

**हर नागरिक एक पौधा लगाये और उसके संरक्षण का संकल्प ले**

**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन ने राज्यवासियों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति कम-से-कम एक पौधा अवश्य लगाये और उसके संरक्षण एवं देखभाल का संकल्प भी ले। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि पौधों को सुरक्षित रखना, उनका नियमित संरक्षण करना और उन्हें विकसित कर वृक्ष के रूप में स्थापित करना भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जनभागीदारी सबसे प्रभावी माध्यम है। यदि राज्य का प्रत्येक नागरिक एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी निभाये, तो आनेवाले समय में झारखंड हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक मिसाल बन सकता है। उन्होंने कहा कि आनेवाले वर्षों में विभिन्न अभियान के तहत लगाये गये पौधों की स्थिति का वह स्वयं जायजा लेंगे। साथ ही, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देनेवाले व्यक्तियों, संस्थाओं और समुदायों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित भी किया जायेगा।

**जलवायु परिवर्तन का असर मानव जीवन के साथ पशु-पक्षियों और वन्यजीवों पर भी**

**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम के स्वरूप में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। बीते कुछ वर्षों में प्राकृतिक घटनाओं की प्रकृति और तीव्रता में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है, जो पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन चुका है। उन्होंने कहा कि अनियमित वर्षा, बादल फटने की घटनाएं, अत्यधिक वर्षा, भीषण गर्मी, लम्बे समय तक सूखे की स्थिति, बिजली गिरने तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में लगातार वृद्धि देखी जा रही है।
मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इन बदलते मौसमीय हालात का सीधा प्रभाव मानव जीवन, कृषि, जल संसाधनों और आजीविका पर पड़ रहा है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और किसानों को इसका गम्भीर प्रभाव झेलना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण जन-धन की हानि के साथ-साथ फसलों, पशुधन और आधारभूत संरचनाओं को भी नुकसान पहुंचता है, जिससे लोगों के जीवन और आजीविका पर प्रतिकूल असर पड़ता है।
उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का प्रभाव केवल मनुष्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि पशु-पक्षियों, वन्यजीवों और अन्य जीव-जंतुओं को भी इसका भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्राकृतिक आवासों में बदलाव, जल स्रोतों का प्रभावित होना तथा पर्यावरणीय असंतुलन जैव विविधता के लिए गम्भीर चुनौती बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों से निपटने के लिए पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग को जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाना आवश्यक है।

**पर्यावरण, मानव जीवन और वन्यजीवों के लिए उपयोगी वृक्षों के रोपण को मिलेगी प्राथमिकता**

**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में वृक्षारोपण अभियानों के तहत ऐसे वृक्षों के रोपण को प्राथमिकता दी जायेगी, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मानव जीवन, वन्यजीवों और जैव विविधता के लिए भी उपयोगी हों। उन्होंने कहा कि केवल वृक्षों की संख्या बढ़ाना ही उद्देश्य नहीं है, बल्कि ऐसी प्रजातियों का चयन करना आवश्यक है, जो स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करें तथा पर्यावरणीय संतुलन बनाये रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायें।
उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण की योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन में स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों, जलवायु, मिट्टी की प्रकृति तथा क्षेत्र की जैव विविधता को विशेष रूप से ध्यान में रखा जायेगा। इसके तहत फलदार, छायादार, औषधीय एवं वन्यजीवों के लिए अनुकूल वृक्ष प्रजातियों को बढ़ावा दिया जायेगा, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आम लोगों, पशु-पक्षियों और अन्य जीवों को भी प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।
मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए स्थानीय और पारम्परिक वृक्ष प्रजातियों का संरक्षण एवं संवर्द्धन अत्यन्त आवश्यक है। इससे न केवल हरित आवरण में वृद्धि होगी, बल्कि भूजल संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता, स्वच्छ वायु और वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रकृति के अनुकूल और दीर्घकालिक पर्यावरणीय लाभ देने वाली वृक्षारोपण योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ा रही है, ताकि झारखंड को अधिक हरित, समृद्ध और पर्यावरण-संतुलित राज्य बनाया जा सके।
अंत में असम सहित देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ की स्थिति का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक असंतुलन का प्रभाव केवल मानव जीवन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका गहरा असर वन्यजीवों, जैव विविधता और सम्पूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र पर भी पड़ रहा है। बाढ़ जैसी आपदाओं के कारण वन्यजीव अभयारण्यों, राष्ट्रीय उद्यानों तथा संरक्षित वन क्षेत्रों को व्यापक क्षति पहुंचती है। इससे वहां रहनेवाले पशु-पक्षियों और अन्य जीव-जंतुओं के प्राकृतिक आवास प्रभावित होते हैं तथा उनके जीवन पर गम्भीर संकट उत्पन्न हो जाता है। कई बार वन्यजीवों को भोजन और सुरक्षित आश्रय की तलाश में अपने मूल आवास छोड़ने पड़ते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा और अस्तित्व दोनों प्रभावित होते हैं।
उन्होंने कहा कि मानव गतिविधियों के विस्तार तथा जंगलों के लगातार घटते क्षेत्रफल के कारण वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास सिकुड़ता जा रहा है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि जंगली जानवर आबादीवाले क्षेत्रों की ओर आने को विवश हो रहे हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है। यह स्थिति पर्यावरणीय असंतुलन का स्पष्ट संकेत है और हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने की आवश्यकता है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव जीवन की सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति का आधार पर्यावरण ही है। स्वच्छ जल, शुद्ध वायु, उपजाऊ भूमि और प्राकृतिक संसाधनों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए पर्यावरण संरक्षण को केवल सरकारी कार्यक्रम या अभियान के रूप में नहीं, बल्कि अपनी जीवनशैली और सामाजिक संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा।
उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित, स्वच्छ और संतुलित पर्यावरण उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए वृक्षारोपण, जल संरक्षण, जैव विविधता के संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों के सतत एवं विवेकपूर्ण उपयोग को जनभागीदारी के साथ बढ़ावा देना होगा। तभी हम पर्यावरणीय चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करते हुए एक सुरक्षित और हरित भविष्य का निर्माण कर सकेंगे।
मुख्यमंत्री ने वन संरक्षण, जैव विविधता संवर्द्धन एवं सामुदायिक वन प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देनेवाले राज्य के विभिन्न वन प्रमंडलों के 20 वन मित्रों एवं समिति प्रतिनिधियों को किया सम्मानित
77वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव-2026 के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वन संरक्षण, संवर्धन, जैव विविधता संरक्षण तथा सामुदायिक वन प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करनेवाले राज्य के विभिन्न वन प्रमंडलों से चयनित 20 वन मित्रों एवं समिति प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने सम्मानित व्यक्तियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हरित झारखंड के निर्माण में इनकी भूमिका प्रेरणादायी है।
सम्मानित होनेवालों में फुलवीन बेरनादेत कुजूर (रांची वन प्रमंडल), टिकैत चन्द्र प्रधान (घाटशिला वन प्रमंडल), बुधदेव चालक (दुमका वन प्रमंडल), पौथीराम हांसदा (पोड़ाहाट वन प्रमंडल, चाईबासा), रमेश नायक (पोड़ाहाट वन प्रमंडल, चाईबासा), निरोज टेटे (गुमला वन प्रमंडल), तारकेश्वर मुंडा (रांची वन प्रमंडल), सोनी देवी (झारखंड जैव-विविधता परिषद, रांची), लक्ष्मण मुर्मू (साहेबगंज वन प्रमंडल), राजीव रंजन प्रसाद (साहेबगंज वन प्रमंडल), मो. जैनुल अंसारी (सिमडेगा वन प्रमंडल), कृष्ण सिंह (कोडरमा वन प्रमंडल), मनोज राणा (गिरिडीह पूर्वी वन प्रमंडल), मिथिलेश कुमार (मेदिनीनगर वन प्रमंडल), सुरेन्द्र पासवान (मेदिनीनगर वन प्रमंडल), मुनेश्वर महतो (हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल), खुशीद आलम (चतरा उत्तरी वन प्रमंडल), गुडल सिंह (पलामू व्याघ्र परियोजना, उत्तरी प्रमंडल), राजू कोरवा (पलामू व्याघ्र परियोजना, उत्तरी प्रमंडल), नासिर खान (पलामू व्याघ्र परियोजना, उत्तरी प्रमंडल) शामिल हैं।
इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन, सचिव अबू बकर सिद्दीकी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख संजीव कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक विश्वनाथ शाह, ए. टी. मिश्रा, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वेंकटेश लू, जब्बेर सिंह, मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एस. आर. नेटेशा सहित वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

**छाया रहा जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी का मुद्दा...**

उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्यों ने नेता प्रतिपक्ष की बात भी पूरी तरह नहीं सुनी है। अध्यक्ष ने भाजपा विधायकों से प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह किया।
विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि फिलहाल खेती-किसानी का समय है और इससे जुड़े महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर भी सदन में चर्चा जरूरी है। हालांकि, विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा। इसके बाद अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12.30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।
दोपहर करीब 12.35 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने विपक्ष के हंगामे को गैरजरूरी बताया। उन्होंने कहा कि सरकार पूरे देश के छात्रों के हित में काम कर रही है, लेकिन विपक्ष छात्रों के मुद्दे को बहाना बनाकर सदन में हंगामा कर रहा है।
इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने शून्यकाल की सभी सूचनाओं को पढ़ा हुआ मानते हुए सम्बन्धित विभागों को भेजने के निर्देश दिये। इसके बाद विपक्षी सदस्य एक बार फिर वेल में पहुंच गये और नारेबाजी करते हुए हंगामा करने लगे।
लगातार हंगामे को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**राजग विधायकों का प्रदर्शन मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग...**

विधानसभा परिसर के बाहर पहुंचे। उन्होंने सरकार पर राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। विधायकों ने कहा कि जेपीएससी-जेएसएससी की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर छात्र लगातार आन्दोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करने में गम्भीरता नहीं दिखा रही है।
विपक्षी विधायकों ने कहा कि छात्रों की जायज मांगें ही विपक्ष की भी मांगें हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में केवल पेपर लीक का मामला नहीं है, बल्कि नौकरियों और प्रश्नपत्रों की कथित खरीद-फरोख्त तक की स्थिति बन गयी है। विपक्ष ने सरकार से भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।
प्रदर्शन के बाद नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मीडिया से बातचीत में राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार बनने के बाद से लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली की खबरें सामने आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कौन-सी नौकरी कितने रुपये में बिक रही है, इसकी चर्चा अब आम लोगों के बीच भी होने लगी है।
मरांडी ने कहा कि राज्य के युवा रोजगार की उम्मीद में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन परीक्षा प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों के कारण उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सरकार से इस पूरे मामले में जवाब देने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।
नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को झारखंड में प्रतियोगी परीक्षाओं और कथित भर्ती अनियमितताओं के मुद्दे पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बात करनी चाहिए। मरांडी ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री उनकी बात नहीं सुनते हैं, तो कांग्रेस को ऐसी कथित भ्रष्ट सरकार से तत्काल अलग हो जाना चाहिए।
राजग विधायकों ने कहा कि जेपीएससी और जेएसएससी से जुड़ीं परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं का मुद्दा विधानसभा के मॉनसून सत्र में भी प्रमुखता से उठाया जायेगा। विपक्ष ने सरकार से युवाओं के हित में स्पष्ट जवाब देने और भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की मांग की है।

**हंगामे के बीच झारखंड विधानसभा में 8,399 करोड़ का प्रथम अनुपूरक बजट पेश...**

लगातार नारेबाजी करते रहे। हंगामे के बीच ही वित्त मंत्री ने अनुपूरक बजट सदन के पटल पर रखा।
सरकार के अनुसार, अनुपूरक बजट पर सदन में विस्तृत चर्चा चालू सत्र के दौरान इसके पारित होने से पहले करायी जायेगी। इसके अलावा हंगामे के बीच विधानसभा की विभिन्न समितियों की रिपोर्ट भी सदन के पटल पर प्रस्तुत की गयी।

**तबीयत बिगड़ने पर अनशकारी को भेजा गया अस्पताल...**

का आमरण अनशन और सत्याग्रह शुक्रवार को 14वें दिन भी जारी रहा। आन्दोलन के चौथे दिन दो अनशनकारियों की तबीयत बिगड़ने से आन्दोलन स्थल पर स्थिति गम्भीर हो गयी। अनशनकारी छात्र राहुल कुमार की शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ गयी, जिसके बाद उन्हें तत्काल सदर अस्पताल, रांची भेजा गया। इसके बाद अनशन पर बैठे छात्र नेता देवेन्द्रनाथ महतो की भी तबीयत खराब हो गयी। उनकी बोलने की गति धीमी होने पर चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों की टीम दोनों अनशनकारियों के स्वास्थ्य पर लगातार नजर बनाये हुए है।
आन्दोलन स्थल पर दिनभर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों का आना-जाना लगा रहा। कई संगठनों और लोगों ने आंदोलनकारियों की मांगों का समर्थन करते हुए उनके प्रति एकजुटता जतायी और उनका उत्साह बढ़ाया। आन्दोलन में शामिल छात्र रितेश सिंह, सुनीता कुजूर सहित अन्य अभ्यर्थियों ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में आन्दोलन वापस नहीं लिया जायेगा। उन्होंने मांग की, कि जेपीएससी, जेएसएससी-सीजीएल सहित अन्य विवादित प्रतियोगी परीक्षाओं को रद्द कर पारदर्शी प्रक्रिया के तहत दोबारा आयोजित किया जाये।
आन्दोलनकारियों ने घोषणा की, कि 10 अगस्त को राज्यभर के छात्र रांची में विधानसभा का घेराव करेंगे। उनका दावा है कि इस प्रदर्शन में झारखंड के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में छात्र और युवा शामिल होंगे। छात्र राजेश कुमार ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार छात्रों की समस्याओं को लेकर गम्भीर नहीं है। उन्होंने कहा कि रोजगार और पारदर्शी भर्ती का वादा कर सत्ता में आयी सरकार अब युवाओं की मांगों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में छात्रों को अपने अधिकारों की लड़ाई और तेज करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। आन्दोलन स्थल पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अलावा अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## एक झलक

### हूती विद्रोहियों का यमन और सऊदी अरब पर हमला

**भोपाल** : ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने गुरुवार को यमन और सऊदी अरब में एक साथ बड़े हमले किए। यमन में सैन्य ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन से हमला हुआ है। इसमें 58 सैनिकों की मौत हुई और दर्जनों अन्य घायल हो गए। यमन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस हमले का जवाब सही समय और सही जगह पर दिया जाएगा। दूसरी तरफ सऊदी के नजरान में हुए हमले में 11 नागरिक घायल हुए। इनमें 7 सऊदी नागरिक, एक यमनी, दो मिस्री, एक पाकिस्तानी नागरिक और 4 साल का एक बच्चा शामिल है। हमलों के बाद नजरान के कई हिस्सों में आग लग गई, जिसे बुझाने के लिए दमकल और राहत टीमें तैनात की गईं। यमन में हूती विद्रोहियों के मिसाइल और ड्रोन हमलों में मरने वालों की संख्या बढकर 58 हो गई है। हमलों में दर्जनों सैनिक घायल भी हुए हैं। वहीं, सऊदी अरब के नजरान क्षेत्र में हुए हमले में 4 साल के बच्चे समेत 11 नागरिक घायल हुए हैं। हमलों के बाद नजरान के कई हिस्सों में आग लग गई।

### थाईलैंड में 9वीं के छात्र ने स्कूल में फायरिंग की

**पहले घर पर दादा-दादी की हत्या की, फिर स्कूल में 06 को मारा**

**बैंकॉक** : थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के पास एक 9वीं कक्षा के छात्र ने अपने दादा-दादी की हत्या कर दी। इसके बाद वह स्कूल पहुंचा और अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमले में 3 टीचर और 3 छात्रों समेत 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, घटना नोंथाबुरी प्रांत के डेबसिरिन नोंथाबुरी स्कूल की है। जांच में पता चला कि स्कूल जाने से पहले छात्र ने अपने घर में दादा-दादी की हत्या की थी। बाद में दोनों के शव घर से बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि फायरिंग में इस्तेमाल की गई 9 एमएम पिस्टल छात्र के दादा की थी, जो पेशे से शिक्षक थे। हमले के बाद आरोपी छात्र भी गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि छात्र ने यह वारदात क्यों की, इसकी जांच की जा रही है। थाईलैंड के प्रधानमंत्री ने घटना पर दुख जताते हुए घायलों के इलाज और पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद देने के निर्देश दिए हैं।

### यूके ने लगाये रूस की युद्ध अर्थव्यवस्था पर नये प्रतिबन्ध

**लंदन** : यूक्रेन के समर्थन में ब्रिटेन ने रूस पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। ये प्रतिबंध रूस की युद्ध अर्थव्यवस्था को झटका देने और उस पर दबाव बढ़ाने के उद्देश्य से लगाए हैं। एड मिलिबैंड के ब्रिटेन का विदेश मंत्री का पद संभालने के बाद यह पहला प्रतिबंध पैकेज है। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) के अनुसार, कुल 19 लक्ष्यों को प्रतिबंधित किया गया है। इसमें छह रूसी बैंक शामिल हैं, जिन पर रूस के युद्ध प्रयासों को समर्थन देने का आरोप है। इसके अतिरिक्त, छह शैडो फ्लीट टैंकरों को टारगेट किया है, जो पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों से बचने में रूस की मदद करते थे। चार रूसी कंपनियों को भी प्रतिबंधित किया गया है जो टैंटलम और नियोबियम जैसी दुर्लभ धातुओं का आयात करती हैं।

### तीन मुस्लिम राष्ट्रों का ऐतिहासिक रक्षा समझौता

**रियाद** : शुक्रवार को तुर्किये, सऊदी अरब और पाकिस्तान जेद्दा में ऐतिहासिक संयुक्त रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच यह कदम उठाया जा रहा है, विशेषकर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद ईरान द्वारा खाड़ी देशों को टारगेट करने से उपजी सुरक्षा चिंताओं ने इसकी पृष्ठभूमि तैयार की है। यह समझौता खाड़ी देशों की सुरक्षा कमजोरियों को उजागर करने वाले ईरान संघर्ष के बाद विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस समझौते पर सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर की मौजूदगी में हस्ताक्षर होगा।

# सीमा पार आतंकवाद खत्म होने पर ही पाकिस्तान से सामान्य द्विपक्षीय सम्बन्ध सम्भव : विदेश मंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केन्द्र सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि पाकिस्तान के साथ सामान्य द्विपक्षीय संबंध तभी संभव हैं, जब वह सीमा पार आतंकवाद, शत्रुता और हिंसा से मुक्त माहौल सुनिश्चित करे। सरकार ने स्पष्ट किया कि सीमा पार आतंकवाद और उससे जुड़ा ढांचा समाप्त करना भारत की स्पष्ट और अटल नीति है।
विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि पाकिस्तान के साथ भारत के संबंध आतंकवाद, शत्रुता और हिंसा से मुक्त माहौल में ही आगे बढ़ सकते हैं। हालांकि, पाकिस्तान से प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद अब भी जारी है और आतंकवाद का इस्तेमाल भारत के विरुद्ध आधिकारिक नीति के रूप में किया जा रहा है।
सरकार ने कहा कि पुलवामा आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान से 'मोस्ट फेवर्ड नेशन' (एमएफएन) का दर्जा वापस ले लिया था तथा पाकिस्तान से आयातित सभी वस्तुओं पर सीमा शुल्क बढ़ाकर 200 प्रतिशत कर दिया गया था। इसके बाद पाकिस्तान ने भी भारत के साथ राजनयिक संबंधों को कम करने और द्विपक्षीय व्यापार निलंबित करने जैसे एकपक्षीय कदम उठाए।
उत्तर में कहा गया कि 22 अप्रैल 2025 को पाकिस्तान प्रायोजित



पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने कई राजनयिक कदम उठाए। इनमें सिंधु जल संधि को स्थगित करना, अटारी में चेक पोस्ट को बंद करना, वीजा सेवाओं पर रोक लगाना तथा दोनों देशों के राजनयिक मिशनों में अधिकारियों की संख्या कम करना शामिल है। इसके साथ ही पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) में स्थित आतंकी ठिकानों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई भी की गई।
सरकार ने बताया कि वर्तमान में दोनों देशों में एक-दूसरे की राजधानियों में सीमित स्तर पर राजनयिक मिशन कार्यरत हैं। दोनों देशों के बीच केवल आवश्यक कार्यात्मक संपर्क जारी हैं, जिनमें महानिदेशक सैन्य संचालन (डीजीएमओ) स्तर की वार्ता, बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षणों की पूर्व सूचना का आदान-प्रदान, परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान तथा एक-दूसरे की हिरासत में मौजूद मछुआरों और नागरिक कैदियों की जानकारी साझा करना शामिल है।
सरकार ने कहा कि भारत ने सीमा पार आतंकवाद और उससे जुड़े ढांचे के प्रति अपनी नीति स्पष्ट कर दी है तथा नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं। सरकार ने कहा कि सामान्य द्विपक्षीय संबंधों की बहाली के लिए सीमा पार आतंकवाद का पूर्णतः समाप्त होना अनिवार्य शर्त है।

# नयी प्रौद्योगिकियों से सशक्त होगा हथकरघा क्षेत्र : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि हथकरघा क्षेत्र के सतत विकास के लिए नई प्रौद्योगिकियों का समुचित उपयोग आवश्यक है। युवाओं, डिजाइनरों और स्टार्टअप्स को पारंपरिक शिल्प को आधुनिक रुझानों, ब्रांडों और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जोड़कर इस क्षेत्र में नए अवसर सृजित करने चाहिए।
राष्ट्रपति ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित 12वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में संत कबीर हथकरघा पुरस्कार तथा राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार-2025 प्रदान किए। इस अवसर पर भारत की समृद्ध और विविध हथकरघा परंपराओं को समर्पित चार स्मारक डाक टिकट भी जारी किए गए।
समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि हथकरघा सदियों से भारत की सभ्यता और सांस्कृतिक विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा रहा है। यह देश की विविधता और क्षेत्रीय विशिष्टताओं को संरक्षित करने के साथ-साथ रोजगार सृजन, महिला सशक्तिकरण, कला एवं संस्कृति के संरक्षण तथा प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि हथकरघा का भारत के स्वतंत्रता संग्राम और आत्मनिर्भरता की भावना से भी गहरा संबंध रहा है।
उन्होंने कहा कि 07 अगस्त 1905 को बंग-भंग के विरोध में स्वदेशी आंदोलन की औपचारिक शुरूआत हुई थी, जिसका उद्देश्य स्वदेशी वस्तुओं, घरेलू उद्योगों और विशेष रूप से देश के हथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित करना था। इसी ऐतिहासिक घटना की स्मृति में वर्ष 2015 से 07 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने हथकरघा क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस की शुभकामनाएं दीं।



- कब मनाया जाता है? - हर वर्ष 7 अगस्त को।
- शुरुआत - वर्ष 2015 से।
- ऐतिहासिक आधार - 7 अगस्त 1905 को बंग-भंग के विरोध में स्वदेशी आन्दोलन की औपचारिक शुरुआत हुई थी।
- उद्देश्य - स्वदेशी वस्तुओं, घरेलू उद्योगों और विशेष रूप से हथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहन देना।
- महत्व - भारत की समृद्ध हथकरघा परम्परा, बुनकरों के योगदान और स्वदेशी विरासत को सम्मान देना।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत का हथकरघा क्षेत्र ग्रामीण प्रीमियम अर्थव्यवस्था का मानवीय और सशक्त उदाहरण बनने की क्षमता रखता है। प्रमुख हथकरघा क्लस्टरों को आधुनिक तकनीक और समकालीन प्रशिक्षण से जोड़ा जा रहा है तथा बुनकरों की आय बढ़ाने के लिए सरकार अनेक कदम उठा रही है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि सरकार के प्रयासों से भारतीय हथकरघा क्षेत्र की वैश्विक पहचान एक 'वेरिफाइड कल्चरल इकोनॉमी' के रूप में मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि तकनीक और नवाचार से लैस अनेक युवा उद्यमी इस क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। सरकारी योजनाओं और संस्थानों के माध्यम से युवाओं को सक्रिय सहयोग दिया जाना चाहिए, ताकि उनका उत्साह और कौशल हथकरघा क्षेत्र की दीर्घकालिक प्रगति सुनिश्चित कर सके। उन्होंने कहा कि भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थानों और वीवर्स सर्विस सेंटरों के तहत स्थापित डिजाइन रिसोर्स सेंटर युवाओं को इस क्षेत्र से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।
राष्ट्रपति ने कहा कि डिजिटल समाधानों और ई-कॉमर्स मंचों के माध्यम से भारतीय हथकरघा उत्पादों की बाजार तक पहुंच और वैश्विक उपस्थिति को और मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हथकरघा क्षेत्र देश की समावेशी विकास यात्रा और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का मजबूत आधार बनेगा।

# भारत ने चीन से तिब्बत में नदियों पर बान्ध परियोजनाओं का विवरण देने की मांग दोहरायी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारत ने चीन से फिर आग्रह किया है कि वह सीमापार नदियों के ऊपरी प्रवाह में तिब्बत में निमार्णाधीन परियोजनाओं के तकनीकी विवरण साझा करे और इसके लिए नदियों पर विशेषज्ञ स्तर के तंत्र की बैठक जल्द से जल्द आयोजित करे।
भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की गुरुवार को यहां हुई 36वीं बैठक में भारत ने यह मांग उठायी। बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में पूर्वी एशिया मामलों के संयुक्त सचिव सुजीत घोष ने किया, जबकि चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय के सीमा एवं महासागरीय मामलों के विभाग की महानिदेशक होउ यानछी ने किया।
विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक में दोनों पक्षों के बीच स्पष्ट और खुलकर चर्चा हुई तथा वास्तविक नियंत्रण रेखा



(एलएसी) के निकट स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही, इस बात पर बल दिया गया कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। दोनों पक्षों ने सहमति व्यक्त की कि वे डब्ल्यूएमसीसी, स्थानीय कमांडर-स्तरीय बैठकों और अन्य सहमत तंत्रों सहित मौजूदा राजनयिक और सैन्य माध्यमों का उपयोग जारी रखेंगे, ताकि लंबित मुद्दों का समाधान किया जा सके और एलएसी के निकट किसी भी गलतफहमी तथा गलत आकलन से बचा जा सके। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों पक्षों ने विशेष प्रतिनिधि स्तर की 24वीं वार्ता के परिणामों के अनुसरण में सीमा निर्धारण, सीमा प्रबंधन, तंत्र-निर्माण और सीमा-पार सहयोग से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। सीमा पर शांति एवं स्थिरता बनाये रखने के अलावा भारतीय पक्ष ने सीमा-पार नदियों पर विशेषज्ञ स्तर की तंत्र की अगली बैठक जल्द बुलाए जाने की आवश्यकता दोहराई और तिब्बत क्षेत्र में ऊपरी प्रवाह में चल रही परियोजनाओं से संबंधित तकनीकी विवरण साझा करने के महत्व पर बल दिया।

### भूस्खलन और सुरक्षा कारण से मद्यमहेश्वर धाम यात्रा स्थगित

**देहरादून** : जनपद रुद्रप्रयाग में लगातार प्रतिकूल मौसम, भूस्खलन की घटनाओं व यात्रा मार्ग पर उत्पन्न सुरक्षा संबंधी जोखिमों को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट व अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण विशाल मिश्रा ने जनसुरक्षा व व्यापक जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए श्री मद्यमहेश्वर धाम की यात्रा को तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक अस्थायी रूप से स्थगित करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार, पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ व अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, ऊखीमठ द्वारा प्रेषित आख्या में यात्रा मार्ग की वर्तमान स्थिति को अत्यंत संवेदनशील व जोखिमपूर्ण बताया गया है।

# इंस्टाग्राम-फेसबुक पर अश्लील कंटेंट से एनएचआरसी खफा

- मेटा और 8 राज्यों को नोटिस

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कथित रूप से मौजूद अश्लील और उम्र के लिहाज से अनुचित सामग्री पर गहरी नाराजगी जाहिर की है। एनएचआरसी ने इस संबंध में मेटा (फेसबुक की मूल कंपनी) और आठ राज्यों के पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) को नोटिस जारी किए हैं। एनएचआरसी को विशेष रूप से बाल यौन शोषण सामग्री (सीएसएएम) से जुड़ी सामग्री की मौजूदगी की आशंका है, जो बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है। आयोग ने सभी संबंधित पक्षों से मामले में जवाब और अब तक उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी मांगी है। एनएचआरसी सदस्य प्रियंक कानूनगो ने बताया कि यदि इंस्टाग्राम पर सीएसएएम वाला पेड कंटेंट जांच में सही पाया जाता है, तब यह यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉस्को) अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध होगा।

# धनबाद के छाताबाद में तेज धमाके के साथ दर्जनों घर धंसे

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बाघमारा/धनबाद** : धनबाद जिले के कतरास थाना क्षेत्र स्थित छाताबाद फुटबॉल ग्राउंड के समीप शुक्रवार को एक बार फिर भीषण भू-धंसान ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है। तेज धमाके जैसी आवाज के साथ अचानक जमीन धंस गयी और देखते ही देखते दर्जनों मकान 10 से 15 फीट नीचे समा गये। हादसे में 78 वर्षीय एक महिला पर दीवार गिरने से वह घायल हो गयी, जबकि मलबे में दबने से आठ वर्षीय बच्ची भी जख्मी हो गयी। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय अधिकांश लोग घरों में मौजूद थे। कई घरों में सात-आठ लोग फंस गये थे, जिन्हें स्थानीय लोगों ने जान जोखिम में डाल कर सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना मिलते ही कतरास



थाना पुलिस, अन्य थानों की पुलिस, बीसीसीएल एरिया-3 के अधिकारी तथा धनसार की माइंस रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने पूरे इलाके की बैरिकेडिंग कर राहत एवं बचाव अभियान शुरू कराया।
भू-धंसान में मोहम्मद मुर्तजा, मो. रियाज, मो. साकिब, मो. नायब अंसारी, मो. कलाम, मो. इसाक, मो. अकबर टेलर और मो. अजगर समेत कई परिवारों के घर पूरी तरह ध्वस्त हो गये। घटना के बाद आसपास के दो और तीन मंजिला मकानों को भी लोग एहतियातन खाली करने लगे हैं।
उल्लेखनीय है कि इसी क्षेत्र में 07 जुलाई को भी भू-धंसान की बड़ी घटना हुई थी। एक महीने के भीतर दूसरी बार हुई इस घटना ने भूमिगत आग, परित्यक्त खदानों और कथित अवैध खनन की आशंकाओं को फिर से हवा दे दी है। स्थानीय लोगों ने अवैध खनन को हादसे का प्रमुख कारण बताते हुए इसकी उच्चस्तरीय जांच, सुरक्षित पुनर्वास और उचित मुआवजे की मांग की है।

### मुख्यमंत्री कार्यालय व मुंबई मेयर को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई** : महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय, मुंबई की महापौर रितु तावड़े और शहर के प्रमुख ठिकानों को बम से उड़ाने की धमकीभरा ई-मेल मिलने के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। पुलिस, बम निरोधक दस्ता और फायर ब्रिगेड की टीमों ने ई-मेल में उल्लेखित सभी प्रमुख स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया, लेकिन कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। इस मामले की छानबीन साइबर पुलिस की टीम कर रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि धमकी भरा ई-मेल सुबह करीब 9.21 बजे महापौर की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भेजा गया था।

# हॉलीवुड में प्रियंका चोपड़ा की नयी पारी



**मुम्बई** : प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड में एक और बड़े प्रोजेक्ट के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। ऑस्कर विजेता अभिनेता रसेल क्रो और प्रियंका आगामी साइंस-फिक्शन एक्शन थ्रिलर 'ब्लूफ्लाई' में पहली बार एक साथ नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन निमरॉड एंटल करेंगे, जिन्हें 'प्रेडेटर्स' और 'वेकेंसी' जैसी फिल्मों के अलावा लोकप्रिय सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के निर्देशन के लिए जाना जाता है। बड़े बजट की इस फिल्म में प्रियंका और रसेल की जोड़ी के साथ दर्शकों को एक्शन, रहस्य और रोमांच का जबरदस्त मिश्रण देखने को मिलेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 'ब्लूफ्लाई' को आधिकारिक तौर पर टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) में अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के सामने पेश किया जाएगा। फिल्म की शूटिंग इस साल ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में शुरू होने की योजना है। कहानी संयुक्त राष्ट्र के एक परेशान अनुवादक के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे कांगो में एक गुप्त मिशन पर भेजा जाता है। मिशन के दौरान उसे एक ऐसे रहस्यमयी विमान की तलाश करनी है, जिसके अस्तित्व को पूरी दुनिया से छिपाकर रखा गया है। फिल्म को 'अराइवल' जैसी भावनात्मक और रहस्यमयी साइंस-फिक्शन थ्रिलर के तौर पर पेश किया जा रहा है। इसका निर्माण छह निमार्ताओं की टीम करेगी, जबकि वैश्विक वितरण की जिम्मेदारी हाइलैंड फिल्म ग्रुप संभालेगा। हाइलैंड फिल्म ग्रुप की सीईओ एरियन फ्रेजर ने प्रियंका और रसेल की कास्टिंग को फिल्म की बड़ी ताकत बताया है।

# यूएसबीआरएल से कश्मीर को मिली हर मौसम में रेल सम्पर्क सुविधा

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : सरकार ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के चालू होने से कश्मीर घाटी को देश के शेष हिस्सों से हर मौसम में रेल संपर्क मिल गया है। इससे सेब, सूखे मेवे, पश्मीना शॉल और हस्तशिल्प जैसे स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय बाजार तक पहुंच मिली है तथा किसानों, छोटे एवं मंझोले उद्यमों (एमएसएमई) और स्थानीय कारोबार को नया प्रोत्साहन मिला है।
रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि 272 किलोमीटर लंबी यूएसबीआरएल परियोजना के पूरा होने से जम्मू-कश्मीर के उधमपुर, रियासी, रामबन, श्रीनगर, अनंतनाग, पुलवामा, बडगाम और बारामूला जिले भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ गए हैं। कटरा से श्रीनगर के बीच यात्रा समय घटकर लगभग तीन घंटे रह गया है, जिससे पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।
उन्होंने कहा कि यह परियोजना स्वतंत्रता के बाद देश की सबसे कठिन रेल परियोजनाओं में से एक रही है। इसके तहत रियासी जिले में चिनाब नदी पर विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे पुल बनाया गया है, जिसकी ऊंचाई नदी तल से 359 मीटर है। इसी परियोजना में अंजी खड्ड पर भारतीय रेलवे का पहला





केबल-स्टेड रेल पुल भी निर्मित किया गया है। परियोजना के दौरान स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए लगभग 215 किलोमीटर लंबी सड़कें, अनेक पुल और सुरंगों का भी निर्माण किया गया।
सरकार ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में रेल अवसंरचना के विस्तार के लिए जम्मू-रियासी-पुंछ के बीच 190 किलोमीटर नई रेल लाइन तथा जम्मू-श्री माता वैष्णो देवी कटरा अतिरिक्त रेल लाइन के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण (एफएलएस) स्वीकृत किया गया है। जालंधर कैंट-जम्मू तवी तीसरी रेल लाइन के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा चुकी है। जम्मू-कश्मीर में गतिशक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) नीति के तहत सांबा जिले में एक कार्गो टर्मिनल चालू किया जा चुका है, जबकि कठुआ, अनंतनाग और जम्मू में तीन नए जीसीटी के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है।
सरकार ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जम्मू-कश्मीर के चार रेलवे स्टेशनों- बडगाम, जम्मू तवी, शहीद कैप्टन तुषार महाजन और श्री माता वैष्णो देवी कटरा- का पुनर्विकास किया जा रहा है। बडगाम, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशनों पर विभिन्न विकास कार्य प्रगति पर हैं, जबकि श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है।
सरकार के अनुसार जम्मू-कश्मीर के संपूर्ण ब्रॉडगेज रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण पूरा हो चुका है और सभी नई रेल लाइन तथा मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाएं विद्युतीकरण के साथ बनाई जा रही हैं। सुरक्षा बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, ट्रैक सर्किटिंग और ब्लॉक प्रूविंग एक्सल काउंटर जैसी आधुनिक सिग्नल प्रणाली का विस्तार किया गया है। इसके अलावा कठुआ-जम्मू तवी, जम्मू तवी-कटरा, कटरा-बनिहाल और बनिहाल-बारामूला खंड सहित लगभग 401 रूट किलोमीटर पर स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' लगाने का कार्य स्वीकृत किया गया है।
सरकार ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए जम्मू-कश्मीर में चार जोड़ी वंदेभारत एक्सप्रेस सेवाएं संचालित की जा रही हैं। इसके अलावा श्री माता वैष्णो देवी कटरा-बडगाम एक्सप्रेस शुरू करने का निर्णय लिया गया है तथा दुर्ग, इंदौर और अन्य स्थानों से चलने वाली कुछ ट्रेनों का विस्तार उधमपुर तक किया गया है।
मंत्री ने बताया कि नई रेल सेवाओं की शुरूआत एक सतत प्रक्रिया है और यह संबंधित रेलखंड की क्षमता, उपलब्ध मार्ग, रोलिंग स्टॉक, रखरखाव की आवश्यकता तथा यात्री मांग जैसे विभिन्न परिचालन पहलुओं के आधार पर तय की जाती है।